पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 9:50 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, बुधवार, 24 जनवरी 2024

वर्ष 2, अंक 154, पृष्ठ 14

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण


# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार




www.amritvichar.com



2030 तक पर्यटन पर खर्च में चौथा देश होगा भारत 14

आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा 13


# रामभक्तों का रेला, संभालने में जुटी सरकार

### मुख्यमंत्री योगी ने खुद संभाला मोर्चा, डटे रहे प्रमुख सचिव गृह और डीजी कानून-व्यवस्था

### मुख्यमंत्री ने हेलीकाप्टर से किया भीड़ का सर्वे अफसरों को दिए बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश

### रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने का इंतजाम दर्शन करने वालों को लौटाने में जुटा प्रशासन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद मंगलवार को रामलला के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। दर्शन के लिए मंदिर का द्वार खुलते ही उत्साही श्रद्धालुओं के भीड़ के दबाव में श्रीरामजन्मभूमि पथ पर सुचारु दर्शन के लिए की गई सारी व्यवस्थाएं लड़खड़ा गईं। कुछ देर के लिए भीड़ के दबाव और धक्कामुक्की में घायल 103 श्रद्धालुओं को निकालकर अस्पताल पहुंचा गया, जहां कुछ लोगों भर्ती भी कराया गया है। हालात की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद प्रमुख सचिव गृह व डीजी कानून-व्यवस्था के साथ हेलीकाप्टर से अयोध्या पहुंच गए और भीड़ का सर्वे भी किया। दोपहर बाद दर्शन सुचारू हो गया, लेकिन मंदिर परिसर से लेकर सड़कें भीड़ से ठसाठस हैं। अब प्रशासन अयोध्या आ रहे रामभक्तों को सीमाओं पर रोकने के साथ दर्शन करने वालों को उनके गंतव्य तक लौटाने में भी जुट गया है।

नव्य मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले से ही देशभर से दर्शन के लिए रामभक्त अयोध्या पहुंचने लगे थे। इनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने यहीं पर अपने गुरु आश्रमों, मंदिर, होटल, धर्मशाला, रामकथा पार्क, सरयू घाट और अन्य स्थानों पर डेरा डाल रखा था। अयोध्या में मंगलवार को पांच लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए।

ऐसे में मंगलवार को मंदिर खुलने से घंटों पहले लाखों की तादात में लोग हाथ में केशरिया ध्वज लिए जयघोष करते रामपथ जुट गए। सुबह सात बजे दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खुले तो, रस्साकसी शुरू हो गई। भीड़ के दबाव में नियंत्रण के लिए लगाए गए बैरियर और जांच-तलाशी के उपकरण बेमानी साबित हुए। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं का रेला बिना जांच-तलाशी अपने सामान के साथ परिसर पहुंच गया। भीड़ के दबाव के चलते कुछ नीचे गिरे, किसी की चप्पल छूटी तो किसी को दम घुटने और उच्च रक्तचाप की शिकायत हुई। कुल 103 लोगों का उपचार कराया गया। श्रीराम अस्पताल लाए गए 102 में से गंभीर घायल सात लोग माता प्रसाद, विनीत चौहान, प्रिया शुक्ला, विनोद गुप्ता, पथ पवन, मुरली भुजन, प्रमोद को मेडिकल कॉलेज दर्शननगर रेफर किया गया। छह को श्रीराम अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं, सीने में फैक्चर की शिकायत पर जिला अस्पताल में 74 वर्षीय साधु नवाधन पाड़ी निवासी संभलपुर उड़ीसा को उसके साथी शरद ने भर्ती कराया है। श्रीराम अस्पताल के सीएमएस आरके शर्मा ने बताया कि गंभीर मरीजों को भर्ती किया गया है, बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सुरक्षाबलों की मशक्कत और हल्का बल प्रयोग के बावजूद हालात नियंत्रित न होने पर शीर्ष अधिकारियों ने मोर्चा संभाला और करीब आठ हजार पुलिस कर्मियों को लगाया गया। एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार ने संयम की अपील कर श्रद्धालुओं को नियंत्रित किया। दूसरी पाली का दर्शन शुरू होने के कुछ घंटे बाद व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सुचारु कराया जा सका।

रामपथ पर जन्मभूमि पथ से आगे कजियाना तक सड़क की एक पटरी पर कतार लगवाई गई है। इसबीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से दोपहर करीब 3:30 बजे अयोध्या पहुंचे और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद व डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के साथ हेलीकाप्टर से भीड़ का सर्वे किया और अफसरों को बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कहा कि अयोध्या आ रही भीड़ को सीमाओं पर तबतक रोकें, जबतक दर्शन करके भीड़ गंतव्य को रवाना न हो जाए। इसके बाद ग्रीन कारीडोर व बनाए गए हाइवे सील कर दिए गए। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि पहले दिन 5 लाख श्रद्धालुओं ने रामलला के दर्शन किए।

### पहले दिन 5 लाख ने किए रामलला के दर्शन

## अयोध्या में उमड़ी भीड़



> हड़बड़ाहट में राम भक्त अयोध्या न आएं। करीब 10, 15 दिन बाद आएं और सुगमतापूर्वक रामलला के दर्शन करें। मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक करीब ढाई लाख श्रद्धालुओं ने राम लला के दर्शन किए हैं। उस समय इतनी ही भीड़ बाहर और थी।
>
> – **गौरव दयाल**, मंडलायुक्त

> पहली पाली में भीड़ का दबाव बहुत ज्यादा होने के चलते दिक्कत आई थी। जिसको नियंत्रित करवाया गया है। सुचारु रूप से दर्शन-पूजन चल रहा है। लोग अफवाहों पर कत्तई ध्यान न दें।
>
> –**राजकरन नय्यर**, एसएसपी

## प्रमुख सचिव गृह और डीजी ने संभाली गर्भगृह की कमान

अयोध्या कार्यालय

- दोपहर बाद मंदिर का पट खुला तो नियंत्रित तरीके से दर्शन हुआ सुचारू
- सुरक्षाकर्मी बेहद शालीनता व संयम से उल्लासित भक्तों की कर रहे मनुहार
- भक्तों को समझा रहे अफसर मीडिया टीमों को भी भीड़ से दूर रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** रामलला के भव्य मंदिर में दर्शन को लेकर डटी लाखों की भीड़ दोपहर से नियंत्रित दिखी। गर्भगृह में सुरक्षा की कमान खुद प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने संभाली। बाहर एडीजी और आईजी समेत हजारों की फोर्स तैनात है। सुरक्षा कर्मी बेहद शालीनता व संयम से उल्लासित भक्तों की मनुहार करते हुए संयमित करने में जुटे हैं। मीडिया टीमों को भी भीड़ से दूर रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बाइट के चक्कर में भगदड़ न हो।

एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया दो बार खुद भक्तों की भीड़ के पास पहुंचे और निवेदन किया कि बैठ जाएं, सभी को रामलला का दर्शन लाभ मिलेगा। स्थिति यह रही कि जन्मभूमि प्रवेश मार्ग पर चौतरफा बैरिकेडिंग होने के बाद भी भक्तों का तांता अनवरत लगा रहा। जिन्हें दर्शन नहीं मिला वह लौटने के बजाए वहीं डटे रहे। इसी बीच 1:15 बजे भक्तों की भीड़ देखते हुए दोपहर दर्शन की निर्धारित अवधि से पहले ही दर्शन सुलभ करा दिए गए। दोपहर तीन बजे तक करीब तीन लाख श्रदालुओं ने रामलला के दर्शन किए थे और लगभग इतने ही दर्शन के लिए कतार में लगे थे।

इसी के चलते दोपहर बाद जिलाधिकारी नीतिश कुमार ने 15 मजिस्ट्रेटों की भी तैनात कर दिया।

**मनुहार कर जगाए गए रामलला :** भगवान राम बाल्य स्वरूप में भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। इसलिए पूजा पद्धति में वात्सल्य की भी झलक मिल रही है। मंगलवार सुबह 4.30 बजे उन्हें मंगल आरती और मनुहार के साथ जगाया गया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया और सुबह 6.30 बजे श्रृंगार आरती हुई। जिसके बाद उनकी सेवा करने के बाद भोग लगाया गया। सुबह सात बजे से गर्भगृह के कपाट दर्शन के लिए खोले गए। रामलला के मंदिर से कुछ दूर पर स्थित हनुमानगढ़ी में भी बजरंगबली के दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही।


पढ़ते रहिये... अमृत विचार

नववर्ष ऑफर 4/- प्रतिदिन

फोन: 0512– 2548300


# राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज होगा मामला

गुवाहाटी, एजेंसी

### भीड़ को उकसाने का आरोप

- असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दिए डीजीपी को निर्देश
- भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बैरिकेड तोड़ने का मामला



असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक (बैरिकेड) तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया और कांग्रेस समर्थकों के इस कृत्य को 'नक्सली कार्रवाई' बताया।

युवा कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. के एक पोस्ट के जवाब में मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि मैंने डीजीपी को भीड़ को उकसाने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ का मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है। जिस फुटेज को श्रीनिवास ने अपने अकाउंट पर पोस्ट किया है उसे साक्ष्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असम की संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हम एक शांतिपूर्ण राज्य हैं। इस तरह के नक्सलवादी हथकंडे हमारी संस्कृति के बिल्कुल विपरीत हैं। शर्मा ने कहा कि साक्ष्यों में दिखाई दे रहा है कि कैसे राहुल गांधी और कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह भीड़ को पुलिसकर्मियों पर हमला करने के लिए उकसा रहे हैं। शर्मा ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी जनता के सेवक हैं और वे किसी शाही परिवार से ताल्लुक नहीं रखते।

राहुल गांधी की अगुवाई वाली यात्रा को शहर में प्रवेश करने से रोक दिया गया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अवरोधक तोड़ दिए। गांधी ने शहर के बाहरी इलाके में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने अवरोधक तोड़े हैं लेकिन कानून नहीं तोड़ेंगे। यात्रा को शहर की सीमा में प्रवेश करने से रोकने के लिए दो स्थानों पर अवरोधक लगाए गये थे। पुलिस को कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बल प्रयोग भी करना पड़ा।

## वैज्ञानिक डॉ. ऋतु और उद्यमी नवीन को मिलेगा उप्र गौरव सम्मान

**लखनऊ।** राज्य सरकार यूपी दिवस पर विश्व पटल पर नाम रोशन करने वाले दो विभूतियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान देगी। इसके लिए लखनऊ की मिशन निदेशक के रूप में चंद्रयान मिशन में अहम भूमिका निभाने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और फोर्ब्स, फॉर्च्यून जैसी पत्रिकाओं के कवर पर नियमित रूप से छाए रहने वाले कानपुर के उद्यमी नवीन तिवारी का चयन किया गया है। वैज्ञानिक डॉ. ऋतु लखनऊ की रहने वाली हैं। उन्होंने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन, मंगलयान के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। वे 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं। कानुपर के नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश और भारत को दुनिया में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने दो यूनिकॉर्न बनाए और भारत को अपना पहला यूनिकॉर्न दिया। उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफॉर्म बनाया है, उनका लॉक स्क्रीन सॉफ़्टवेयर 40 करोड़ से अधिक स्मार्टफोन पर मौजूद है।

# अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बना, एक अयोध्या में मन बसी



- प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर साझा किया अनुभव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना उनके जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही। पत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज अपनी कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा कि अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या, जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए आभार जताया तथा कहा कि उन्होंने पत्र के हर शब्द में अपने करुणामयी स्वभाव और प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर असीम प्रसन्नता को व्यक्त किया।

मोदी ने कहा कि जिस समय उन्हें यह पत्र मिला था उस वक्त वह एक अलग ही 'भाव यात्रा' में थे और इस पत्र ने उन्हें उनके मन की भावनाओं को संभालने और उनमें सामंजस्य बिठाने में अपार सहयोग और संबल दिया। उन्होंने कहा कि मैंने एक तीर्थयात्री के रूप में अयोध्या धाम की यात्रा की। जिस पवित्र भूमि पर आस्था और इतिहास का ऐसा संगम हुआ हो वहां जाकर मेरा मन अनेक भावनाओं से विह्वल हो गया। ऐसे ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनना उनके लिए एक सौभाग्य भी है और एक दायित्व भी है। राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा लिखे गए पत्र में प्रधानमंत्री के 11 दिन के व्रत अनुष्ठान और इससे जुड़े यम-नियमों के उल्लेख पर मोदी ने कहा कि हमारा देश ऐसे अनगिनत लोगों का साक्षी रहा है जिन्होंने शताब्दियों तक अनेक संकल्प व्रत किए जिससे कि रामलला पुनः अपने जन्मस्थान पर विराज सकें।

### एक नजर

## कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह घोषणा की। जननायक के रूप में मशहूर ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका 17 फरवरी, 1988 को निधन हो गया था।

## कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर तय की दो वर्ष की समय सीमा

**ओटावा।** कनाडा ने आवास संकट से निपटने के लिए नए अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर तत्काल दो वर्ष की समय सीमा तय की है। इस कदम से देश में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि समय सीमा के तहत 2024 में नए अध्ययन वीजा में 35 प्रतिशत की कमी आएगी। इस सीमा के परिणामस्वरूप 2024 में 3,64,000 नए वीजा जारी किए जाने की उम्मीद है।

## शेयर बाजार धड़ाम, 8 लाख करोड़ की चपत

- सेंसेक्स 1,053 अंक टूटा निफ्टी 21,250 से नीचे

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच बिकवाली से बाजार नीचे आया।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## एमएलसी चुने गए भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान



**लखनऊ।** विधान परिषद उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। मंगलवार को विधान भवन में निर्वाचन अधिकारी बृजभूषण दुबे ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और मंत्री दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। एमएलसी रहे डॉ. दिनेश शर्मा के इस्तीफे से रिक्त हुई सीट के लिए दारा सिंह चौहान ने 18 जनवरी को नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के साथ ही दारा सिंह का उच्च सदन पहुंचना तय हो गया था। उपचुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी सहित बसपा व कांग्रेस किसी ने भी प्रत्याशी नहीं उतारा था। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ओंकारनाथ चौरसिया ने जरूर नामांकन दाखिल किया था लेकिन प्रस्तावक न होने के कारण उनका नामांकन खारिज कर दिया गया था।

## यूपीपीसीएस के अंतिम नतीजे घोषित, सिद्धार्थ गुप्ता टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रयागराज के प्रेमशंकर को दूसरा व हरदोई के सात्विक को मिला तीसरा स्थान
- राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2023 में 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए

**अमृत विचार :** राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस) 2023 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 19 प्रकार के पदों के लिए 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। देवबंद, सहारनपुर के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया है। जबकि प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे और हरदोई की सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। 167 पुरुष और 84 महिला अभ्यर्थी चयनित घोषित किए गए हैं। टॉप 10 में 8 पुरुष दो महिला शामिल हैं। 77 ओबीसी, एससी के 55 और एसटी के दो अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। टॉप 20 अभ्यर्थियों में 13 पुरुष 7 महिला हैं। कुल चयनित अभ्यर्थियों में 68 जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ है। पीसीएस 2023 का अंतिम परिणाम आठ माह 9 दिन में पूरा किया गया है। कुल अभ्यर्थियों में महिलाओं का प्रतिशत 33.46 फीसदी है।

## सीबीआई ने 60 करोड़ रिश्वत लेने के मामले में दर्ज किया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

- सात रेलवे अधिकारी और एक निजी कंपनी आरोपी

सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला।

**जेफरीज का दावा** अयोध्या में एक वर्ष के अंदर 5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में उप्र को 2024–25 में 25 हजार करोड़ के टैक्स मिलने की उम्मीद

# रामनगरी अयोध्या से पीछे होंगे वेटिकन सिटी और मक्का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** स्टॉक मार्केट रिसर्च फर्म जेफरीज का दावा है कि अयोध्या धाम श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। वेटिकन सिटी कैथोलिक समुदाय जबकि का सऊदी अरब में मक्का मुस्लिम समुदाय का पवित्र स्थान है। अयोध्या में 5 करोड़ लोगों के आने की संभावना जताई गई है, हालांकि मंदिर खुलते ही पहले दिन छह लाख लोगों के दर्शन से आकलन करें तो, यह आंकड़ा भी छोटा लगता है।

रिपोर्ट के अनुसार स्विटजरलैंड, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूएई आदि ने पर्यटन के बलबूते पर अतुलनीय आर्थिक विकास किया है। अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित श्रेणी की बना दिया है। इसी प्रकार अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत भी इस श्रेणी के देशों में शामिल होने जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था में विकास दर 10 प्रतिशत के पार जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए गए हैं। इससे शहर में नए होटल खुलेंगे और अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### अयोध्या धाम की वार्षिक आय में होगी वृद्धि, बढ़ेगा रोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ अयोध्या धाम की वार्षिक आय में भी वृद्धि होगी। अभी देश में आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी से राज्य को 1200 करोड़ की आय होती है, जहां हर वर्ष 2.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैष्णो देवी में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग जाते हैं, जहां से वहां 500 करोड़ रुपये का टूरिज्म बूस्ट मिलता है। वहीं आगरा ताज महल में 70 लाख लोगों के पहुंचने से 100 करोड़, आगरा फोर्ट में 30 लाख लोगों के माध्यम से 27.5 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। वेटिकन सिटी और मक्का की बात करें तो मक्का में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोग आते हैं, जिससे सऊदी अरब को 12 बिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है, जबकि वेटिकन सिटी में 90 लाख लोग प्रतिवर्ष आते हैं जिनसे 315 मिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है।

**इसलिए बढ़ेंगे पर्यटक :** रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है जो 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60 हजार यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में एक हजार कमरे जोड़ने की है। 12 सौ एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना चल रही है।

### 25 हजार करोड़ के टैक्स कलेक्शन की संभावना

एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि राम मंदिर और अन्य टूरिज्म सेंट्रिक इनीशिएटिव्स के कारण उत्तर प्रदेश को 2024–25 में 25 हजार करोड़ रुपये टैक्स मिलने की उम्मीद है। अयोध्या अहम फैक्टर होगा। इसके चलते प्रदेश इस वर्ष करीब 4 लाख करोड़ रुपये और अमीर हो जाएगा।

### जीडीपी में 443 अरब डॉलर का होगा योगदान

रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटन ने कोविड पूर्व यानी 2018–19 के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया। 2032–33 तक इसके 8 फीसदी की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।

# शहर के 3614 मतदेय स्थलों में 25 जनवरी तक पूरे करें इंतजाम

## अपर नगर आयुक्त ने सभी जोनल अधिकारियों और अभियंताओं को दिये निर्देश

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर एश्योर्ड मिनीमम फैसिलिटी नगर निगम करेगा पूरा
- जिला प्रशासन ने भी शुरू की तैयारी, जल्द शुरू होगा अफसरों का निरीक्षण




**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए बूथों (मतदेय स्थलों) को संवारने की तैयारी शुरू हो गई है। 3614 मतदेय स्थलों में अश्योर्ड मिनीमम फैसिलिटी (एएमएफ) को नगर निगम पूरा करेगा। इसके लिए अपर नगर आयुक्त ने अपने सभी जोनल अधिकारियों और अभियंताओं को निर्देश दिये हैं कि 25 जनवरी तक मतदेय स्थलों पर नियमानुसार तैयारियों को पूरा किया जाए। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

लोकसभा चुनाव की तिथि अब किसी भी समय जारी हो सकती है। इसकी तैयारी जिला प्रशासन ने भी शुरू कर दी है। मतदाताओं की संख्या के आधार पर मतदान के लिए बूथों का संभाजन कर लिया गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर नगर निगम ने मतदेय स्थलों को ठीक करना शुरू भी कर दिया है। इसमें मतदेय स्थलों पर एएमएफ यानि दिव्यांगों के लिये रैंप, पीने के पानी की सुविधा, फर्नीचर, लाइटिंग, शौचालय, रंगाई पुताई, अलग-अलग निकास द्वार, टूट-फूट आदि नगर निगम को करना है। अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल सिंह ने सभी जोनल अधिकारियों और जोनल अभियंताओं को निर्देश दिये हैं कि 25 जनवरी तक मतदेय स्थलों को ठीक कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि 29 और 31 जनवरी को भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारियों को लखनऊ भ्रमण प्रस्तावित है। इससे पहले ही मतदेय स्थलों पर सुविधाओं को पूरा करना है।

**अभी मतदेय स्थलों की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | संख्या |
|---|---|
| बिल्हौर | 442 |
| बिठूर | 415 |
| कल्यानपुर | 399 |
| गोविंद नगर | 349 |
| सीसामऊ | 275 |
| आर्य नगर | 265 |
| किदवई नगर | 338 |
| कैंट | 340 |
| महाराजपुर | 427 |
| घाटमपुर | 366 |
| कुल | 3614 |

**मतदाताओं की स्थिति**

| विधानसभा क्षेत्र | संख्या |
|---|---|
| बिल्हौर | 392442 |
| बिठूर | 361447 |
| कल्यानपुर | 355232 |
| गोविंद नगर | 354457 |
| सीसामऊ | 271678 |
| आर्य नगर | 301105 |
| किदवई नगर | 348103 |
| कैंट | 363592 |
| महाराजपुर | 452845 |
| घाटमपुर | 320180 |
| कुल | 3521081 |

मतदाता आंकड़ों में परिवर्तन हो सकता है।

## संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद बढ़े वोटर

**कानपुर।** एडीएम व उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 का अन्तिम प्रकाशन मंगलवार को कर दिया गया। इसके पहले प्रकाशन के समय कानपुर में युवा मतदाता, ईपी रेशियों एवं जेंडर रेशियों आदि की स्थित और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में हुए सुधार के बाद 13616 युवा मतदाता, 842 जेंडर रेशियों, 67.59 ईपी रेशियो था। अब अंतिम प्रकाशन के बाद अब 54160 युवा मतदाता, 871 जंडर रेशियों, 68.86 ईपी रेशियो हो गया है। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के बाद युवा, महिला और ईपी रेशियो की वृद्धि हुई है। प्रथम प्रकाशन के समय 13616 युवा मतदाता थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में 37890 युवा मतदाताओं के नाम शामिल किए गए जो कुल मतदाताओं का 1.51 प्रतिशत हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह जेंडर रेशियो पहले 842 था, अब 871 हो गया है। मृतक और स्थानांतिरत मतदाताओं के नामों को संशोधित किया गया। 142943 नये मतदाताओं के नामों को सम्मिलित किया गया है।

# ट्रांसगंगा-आटा के लिए टेंडर जल्द

**रिंग रोड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रिंग रोड के लिए हो रहा समतलीकरण। अमृत विचार

- पैकेज दो बी है ट्रांसगंगा सिटी से आटा तक का हिस्सा

**अमृत विचार।** चार पैकेज में बांटे गए रिंग रोड निर्माण प्रक्रिया में तीन पैकेजों के टेंडर होने के बाद मंगलवार को एनएचएआई ने पैकेज दो (बी) की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। पैकेज दो (ए) की टेंडर प्रक्रिया लगभग पूरी होने वाली है। अधिकारियों के मुताबिक 10 फरवरी तक पैकेज दो (ए) की कार्यदायी संस्था का चयन पूरा हो जाएगा।

कानपुर नगर, देहात व उन्नाव के बाहरी इलाके से होकर गुजरने वाली 93.20 लंबी रिंग रोड निर्माण की प्रक्रिया तेज हो गई है। रिंग रोड निर्माण से भारी वाहन शहर के बाहर से होकर गुजरेंगे, जिससे काफी हद तक शहर को जाम से निजात मिलेगी। रिंग रोड निर्माण के लिए इसे पैकेज एक मंधना से सचेंडी, पैकेज दो आटा से मंधना, पैकेज तीन रमईपुर से आटा व पैकेज चार सचेंडी से रमईपुर में बांटा गया है। पैकेज एक व पैकेज चार के निर्माण का जिम्मा राज कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है, जिसका भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा होने के बाद समतलीकरण का कार्य और आरओबी निर्माण का कार्य भी शुरू हो चुका है। वहीं पैकेज तीन रमईपुर से आटा का निर्माण हरिद्वार की हिलवेज कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। पैकेज दो को दो भागों पैकेज (टू ए) महाराजपुर से ट्रांसगगा सिटी व पैकेज (टू बी) ट्रांसगंगा सिटी से आटा में बांटा गया है, जिसकी कुल लंबाई 27.900 किलोमीटर है। पैकेज टू-ए महाराजपुर से ट्रांसगंगा सिटी की टेंडर डाले जा चुके है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया 10 फरवरी तक पूरी हो जाएगी।

**तीन जिलों को जोड़ेगी रिंग रोड**

रिंग रोड कानपुर नगर, कानपुर देहात व उन्नाव से होकर गुजरेगी। जिससे कानपुर नगर से सटे जनपदों कानपुर देहात व उन्नाव का शहर से जुड़ाव होगा। कानपुर शहर में रिंग रोड की लंबाई सबसे अधिक है।

**93.2** किमी कुल लंबाई होगी

**62** किमी कानपुर नगर में लंबाई

**27** किमी उन्नाव में कुल लंबाई

**04** किमी कानपुर देहात में लंबाई

# फुटसल मैदान तैयार, आज ट्रायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



फुटसल मैदान का निरीक्षण करते नगर आयुक्त। अमृत विचार

- शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में बनाया गया है मैदान,नगर आयुक्त ने निरीक्षण किया

**अमृत विचार।** प्रदेश भर के खिलाड़ी फुटसल गेम (इनडोर फुटबॉल) खेलने शहर आ सकेंगे। शास्त्री नगर स्थित सेंट्रल पार्क में फुटसल मैदान बनकर तैयार हो गया है। मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया और कार्यों को पूरा पाया। उन्होंने बताया कि बुधवार को मैदान में फुटसल मैच का ट्रायल शुरू होगा। वहीं, 26 जनवरी को पहला फुटसल मैच खेला जायेगा।

नगर निगम स्मार्ट सिटी व लघु उद्योग निगम के सहयोग से पार्क में लगभग पांच करोड़ से ज्यादा का कार्य किया है। नगर आयुक्त को निरीक्षण के दौरान पार्क में फुटसल का कार्य पूरा मिला। उन्होंने बताया कि 1.04 करोड़ रुपये से पार्क का काम पूरा किया गया है। इस फुटसल मैदान का निर्माण फीफा सर्टीफाइड मानक के अनुरूप कराया गया है। फुटसल 25/42 मीटर का है।

**क्या है फुटसल खेल**

फुटसल पांच-पांच खिलाड़ियों की दो टीमों के मध्य खेला जाता है, जिसमें एक खिलाड़ी गोलकीपर होता है। फुटसल खेल की समय-सीमा 40 मिनट की होती है। इसमें 20-20 मिनट के दो सेट होते हैं। दरअसल यह फुटबॉल का रूपान्तरण रूप है, जो फुटबॉल खेल की तुलना में छोटा होता है और मुख्यत यह एक इनडोर गेम है। इसे पांच खिलाडियों वाली फुटबॉल टीम का छोटा प्रारूप माना जाता है।

**26 जनवरी को होगा मैच**

सेन्ट्रल पार्क में 26 जनवरी को महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक सुरेन्द्र मैथानी और जिलाधिकारी विशाख जी की अध्यक्षता में एक फुटसल मैच का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। नगर आयुक्त ने जोनल अभियन्ता दिवाकर भाष्कर को मैच कराये जाने के सभी प्रबन्ध कराने के निर्देश दिया।

## अमन और अंशराज ने नाम रोशन किया

**कानपुर।** 18 से 20 जनवरी तक आईआईटी बीएचयू की ओर से काशीयात्रा-2024 आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं ने विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में देश-विदेश के विवि के लगभग दस हजार छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया।

काशीयात्रा-2024 में कई विषय पर संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विवि के बीए ऑनर्स समाजशास्त्र के छात्रों अमन सिंह यादव, अंशराज सिंह, रिशांत त्रिपाठी और आराध्या उत्तम ने भिन्न-भिन्न संवाद प्रतियोगिताओ में प्रतिभाग किया। इनमें अमन सिंह यादव ने क्रिएटिव राईटिंग में प्रथम तथा मधुरिमा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंशराज सिंह ने ओवर ऑल सर्वश्रेष्ठ वक्ता का खिताब जीता। इसके साथ ही अंशराज को बीएचयू की ओर से मई में होने वाली यूथ पार्लियामेंट प्रतियोगिता में भाग लेने का आमंत्रण मिला।

# हैलट में इलाज मिलने में हुई देरी फर्श पर लेट कर तड़पा वृद्ध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



हैलट अस्पताल की ओपीडी में लेटकर तड़पता वृद्ध। अमृत विचार

- गले व कान में दिक्कत होने पर आया था वृद्ध
- हैलट की ईएनटी ओपीडी के बाहर का है मामला

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में इलाज मिलने में देरी होने की वजह से एक वृद्ध की तकलीफ इतनी अधिक बढ़ गई कि वह ओपीडी के फर्श पर लेटकर तड़पने लगा। वृद्ध के तीमारदार ने जानकारी डॉक्टर को दी तो पहले ओपीडी में मौजूद डॉक्टरों ने अनसुना किया। जब वृद्ध की हालत अधिक बिगड़ी तो डॉक्टर के पास तीमारदार फिर गए, तब डॉक्टर आए तो वृद्ध को फर्श पर तड़पता पाया और उन्होंने उनका इलाज शुरू किया।

उन्नाव, शुक्लागंज के आजाद नगर निवासी शम्भू (60) के गले में समस्या हो गई थी, जिस वजह से उनको बोलने, खाना निगले और कान में भी तकलीफ होने लगी थी। परिजन उनको लेकर मंगलवार सुबह हैलट अस्पताल पहुंचे। यहां काउंटर पर पर्चा बनवाने के बाद सुबह करीब 11:30 बजे के बाद वह नाक-कान व गला विभाग की ओपीडी पहुंचे। वृद्ध की भाभी गीता देवी ने बताया कि ओपीडी कक्ष में करीब 12 बजे पर्चा जमा तो कर लिया गया था, लेकिन इलाज के लिए अंदर नहीं बुलाया। जबकि बैठे-बैठे वृद्ध की हालत खराब हो रही थी। दोपहर डेढ़ बजे के आसपास जब उनकी हालत ज्यादा खराब होने लगी तो कक्ष में मौजूद डॉक्टरों को जानकारी दी, लेकिन उन्होंने अनसुना कर थोड़ी देर इंतजार करने को बोला। इस बीच वृद्ध सीट से फर्श पर लेटकर तड़पने लगे। परिजनों ने डॉक्टर को फिर से जानकारी दी। जानकारी देने पर करीब दो बजे जब डॉक्टर आए तो फर्श पर तड़प रहे मरीज की जांच की और उसके बाद उनको सीट पर बैठवाया। स्थिति समान्य होने के बाद उनको घर भेज दिया। हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। न ही ऐसी कोई शिकायत आई है। फिर भी डॉक्टरों से जानकारी ली जाएगी।

## स्टार्टअप में सफलता के गुर सिखाए गए

**कानपुर।** छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन एवं स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन की ओर से मंगलवार को कार्यशाला आयोजित हुई। स्टार्ट अप सक्सेज स्ट्रेटजीज विषय पर हुई कार्यशाला में युवाओं को स्टार्टअप में सफलता के गुर सिखाए गए। मुख्य वक्ता आईआईटी कानपुर की असिस्टेंट मैनेजर तितिक्षा चित्तौड़ा ने युवाओं को बताया कि स्टार्टअप फाउंडर को नीतियों का निर्माण इस प्रकार करना चाहिए कि व्यापारिक प्रक्रिया को विस्तार प्राप्त हो और निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचा जा सके। अतिथियों का स्वागत प्रो रॉबिंस पोरवाल डायरेक्टर स्कूल ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन ने किया। कार्यक्रम में नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे।



## 29 को होंगे नाला सफाई के टेंडर

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले शहर के नाले साफ होंगे। इसके लिए नगर निगम ने 29 को टेंडर मांगे हैं। नगर निगम क्षेत्र के छह जोन में 1473 छोटे-बड़े नाले हैं। इंजीनियरिंग विभाग के 264 बड़े नालों और स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों की सफाई में करीब सात करोड़ रुपये खर्च किए जाने का अनुमान है। इस कार्य में करीब 88 हजार मजदूरों को लगाया जायेगा। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के अनुसार आचार संहिता को देखते हुये टेंडर समय से पहले करा लिये जाएंगे। ताकि, समय पर कार्य खत्म किया जा सके।

# शिवाला बाजार फूल मंडी श्याम नगर गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



श्याम नगर में फूलमंडी का उद्घाटन करतीं महापौर। अमृत विचार

- पीएसी मोड़ ओवरब्रिज के नीचे लगेगी मंडी, महापौर ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार।** शिवाला बाजार में लग रही फूल मंडी को अब श्याम नगर पीएसी मोड़ ओवरब्रिज के नीचे लगाने की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को महापौर ने यहां पर नई मंडी का उद्घाटन किया। महापौर ने कहा कि शिवाला में प्राइवेट जमीन पर मंडी लगती थी, इसलिए वहां सरकारी धन से विकास नहीं किया जा सकता है। यहां सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

फूल मंडी शिवाला मन्दिर परिसर के अन्दर बड़ा चौराहा के पास लगती थी, लेकिन फूल मंडी तक फूल उत्पादक किसानों व फूल विक्रेता दुकानदारों, ग्राहकों को वाहन पार्किंग की समस्याएं आती थीं और त्योहारों में संकरी गलियों के चलते और भी अत्यधिक परेशानी होती थी। शौचालय तक की व्यवस्था नहीं थी। अब हाईवे पर ही नवीन फूल मंडी खुलने से फतेहपुर, उन्नाव, इटावा, कन्नौज, गुरसहायगंज जिले के फूल विक्रेताओं को भी इसका लाभ मिलेगा। यहां लगभग 50 स्थाई दुकानदार हैं। उद्घाटन के मौके पर पार्षद नीलम शुक्ला, फूल उत्पादक कल्याण सेवा समिति के संरक्षक सोने लाल यादव, शिव कुमार सैनी व फूल व्यापारी मौजूद रहे।

## बीपीओ ने गुमशुदा बालक खोजा

**कानपुर।** पुलिस की तत्परता से गुमशुदा बच्चे को कुछ ही देर में ढूंढ़कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार सुबह यशोदा नगर में शिवाजी पार्क के पास एक छोटा बच्चा रोते हुए पाया गया।। स्थानीय लोगों ने बीट पुलिस अधिकारी कांस्टेबल नरेश को सूचना दी। उन्होंने बच्चे से पूछताछ की लेकिन वह तीन वर्ष होने के चलते कुछ बता नहीं पा रहा था। बीट अधिकारी ने बच्चे का फोटो व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल किया। कुछ ही देर में बच्चे के पिता आ गए।

# 63 साल के बुजुर्ग ने फांसी लगा दी जान

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र के कर्रही गुंजन विहार के 63 वर्षीय अवधेश कुमार पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छोटे भाई सुशील ने बताया कि सोमवार शाम उनका शव कमरे में रोशनदान की जाली से फंदे के सहारे लटका मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी देर तक दरवाजा खटखटाया गया लेकिन आवाज नहीं आई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया कि अवधेश बिजली का काम करते थे।

**पेड़ से लटकता मिला महिला का शव**

**सचेंडी।** सचेंडी थानाक्षेत्र में भीमसेन चौकी के रेवरी गांव निवासी हाकिम सिंह की पत्नी दीपा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का शव घर से कुछ दूर स्थित जंगल में पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सचेंडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार सिंह ने बताया मृतका के परिजनों को अकबरपुर बरगांव में सूचना दे दी गई है। तहरीर नहीं मिली है।

**सेहत की बात** — ओपीडी में इलाज के लिए पहुंच रहे प्रतिदिन करीब 70 मरीज


# पीजीआई में हो रहा बैक व डिस्क पेन का इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अगर आप भी दिनभर बाइक चलाते हैं या काफी समय तक बैठ कर काम करते हैं और गलत तरह से सोते हैं तो सावधान रहने की जरूरत है। इन वजहों से स्पाइनल, बैक व डिस्क पेन की समस्या हो सकती है। ऐसे रोगियों की संख्या इन दिनों काफी बढ़ी है। कभी-कभी यह समस्या गंभीर होने पर दवा काम नहीं करती है, तब ऑपरेशन की जरूरत पड़ती है, जिसकी सुविधा अब जीएसवीएम की पीजीआई में है।

जीएसवीएम पीजीआई की पेन मेडिसिन ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 70 से 80 मरीज इलाज कराने को पहुंच रहे हैं, जिनमें स्पाइनल पेन (रीढ़ की हड्डी) के मरीज अधिक होते हैं। इसके बाद बैक पेन व डिस्क पेन की समस्या से ग्रस्त मरीजों की संख्या है। पीठ व कमर में हो रहे दर्द की समस्याओं को नजर अंदाज करने पर यह समस्या गंभीर हो जाती है, जिसके बाद मरीज में दवा का असर कम हो जाता है। करीब 10 फीसदी मरीजों में ऑपरेशन की नौबत आती है। ऐसी स्थिति में चलने-फिरने व उठने-बैठने में भी मरीज को दिक्कत होने लगती है। दर्द से जूझ रहे मरीजों का इलाज पीजीआई में इंडोस्कोप के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे मरीजों को काफी लाभ मिल रहा है। पीजीआई के प्रभारी प्रो. मनीष सिंह ने बताया कि जब रीढ़ या स्पाइन सही अवस्था में नहीं रहती तो पीठ की मांसपेशियां, लिगामेंट्स और डिस्क पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। मजबूत मांसपेशियां रीढ़ को उचित सीध में रखती हैं और पीठ दर्द से बचाती हैं। रीढ़ के किसी भी हिस्से पर दबाव पडने से पीठ में दर्द हो सकता है। यह दर्द गर्दन से लेकर कमर के निचले हिस्से तक हो सकता है। रीढ़ की हड्डी (स्पाइनल) शरीर का आधार होती है। अगर ये स्वस्थ है, तभी व्यक्ति स्वस्थ रह सकता हैं। लेकिन कई बार लोग इसकी देखभाल करना भूल जाते हैं। यही कारण है कि हर वर्ग के लोगों में अब कमर और पीठ दर्द की समस्या हो रही है।

**स्पाइनल दर्द की मुख्य वजह**



स्पाइनल दर्द की मुख्य वजह खराब जीवनशैली, उठने-बैठने का गलत पोस्चर, उम्र बढ़ना और आनुवंशिक कारण है। यह सिर्फ पीठ दर्द ही नहीं, बल्कि स्लिप डिस्क जैसी समस्याएं भी होती हैं। ऑफिस में एक ही अवस्था में गलत पोस्चर में ज्यादा समय तक बैठने से पीठ, कमर या गर्दन के दर्द से जूझना पड़ सकता है। गलत कुर्सी, टाइपिंग की गलत टेक्नीक, मॉनिटर की पोजीशन ठीक न होने, ठीक ढंग से खड़े न होने या बैठने से भी पीठ दर्द की समस्या हो सकती है।

**ऐसे करें बचाव**

- रीढ़ और गर्दन को सीधा रखने का प्रयास करे
- लगातार झुक कर काम करने से बचें।
- की-बोर्ड या टाइपराइटर पर काम करते समय कलाइयां सीधी रखें।
- एलबो लगभग 60 डिग्री पर मोड़ कर रखें।
- कुर्सी की ऊंचाई इतनी रखें कि पैर फर्श पर आसानी से टिकें।
- घुटनों को 90 डिग्री तक मोड़ कर रखें।
- एक ही अवस्था में न बैठे और हर दो घंटे में 5-10 मिनट का ब्रेक लें।
- नियमित व्यायाम करें। पीठ दर्द में वॉकिंग अच्छी एक्सरसाइज है।

## लापता छात्र का सुराग नहीं

**अमृत विचार।** अर्मापुर थानाक्षेत्र में ऑनलाइन गेम खेलने के दौरान इंटर के छात्र ने पिता के खाते से दूसरे को 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए थे और इसके बाद सुसाइड नोट लिखकर लापता हो गया था। इस मामले में आठ दिन बाद भी पुलिस छात्र को नहीं खोज पाई है। पुलिस का कहना है कि छात्र ने लोन ले रखा था। साथ ही वह किसी गेम में धीरे-धीरे करके रुपये जमा कर रहा था। इससे आशंका है कि वह कहीं पर छिपा हुआ है। टीमें लगी हैं, जल्द बरामदगी कर ली जाएगी।

अर्मापुर निवासी ऑर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मी नितेश कुमार का 17 वर्षीय बेटा नितिन आठ दिन पहले घर छोड़कर चला गया था। अब तक न तो उसकी तलाश पुलिस कर पाई है और न ही परिवार वालों को कोई जानकारी मिली है। नितेश कुमार ने बताया कि जो लड़की का नाम लेकर भ्रमित किया जा रहा है, उनका बेटा ऐसा नहीं है। ऑनलाइन गेमिंग के दौरान उससे 50 हजार रुपये का लेन देन हो गया था।

# हत्या में पिता और पुत्र को आजीवन कारावास

- युवक की चाकू घोंपकर की थी हत्या

**अमृत विचार।** पत्नी से अवैध संबंधों के शक में वर्ष 2014 में साउथ एक्स मॉल के पास युवक की हत्या करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 12 की कोर्ट में चल रहा था।

मथुरी मोहाल, सुतरखाना निवासी मुनेश राठौर ने जूही थाने में भाई वीरेंद्र उर्फ बउवा (35) की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुनेश ने बताया था कि उसका भाई वीरेंद्र जूही हरिजन बस्ती में लालमन के मकान में किराए पर रहता था। वीरेंद्र का पड़ोस में रहने वाले संदीप के घर आना जाना था। वीरेंद्र की संदीप की पत्नी सपना से अच्छी बोलचाल थी, जिस पर संदीप व उसके पिता संतोष उस पर शक करते थे।

उन्होंने बताया कि 16 अगस्त को वह अपने भाई वीरेंद्र व मामा शारदा प्रसाद राठौर के साथ जूही स्थित उसके घर पर आया था। रात करीब साढ़े नौ बजे तीनों साउथ एक्स मॉल की तरफ जा रहे थे, तभी संतोष व संदीप गाली गलौज करने लगे। संदीप ने वीरेंद्र को पकड़ लिया और संतोष ने सीने में चाकू घोप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

यह मामला अपर सत्र न्यायाधीश 12 परमेश्वर प्रसाद की कोर्ट में विचाराधीन था। एडीजीसी इंद्रलता शुक्ला ने बताया कि मामले में प्रत्यक्षदर्शी गवाह मृतक के भाई व मामा के साथ 13 गवाहों ने संतोष व संदीप के खिलाफ गवाही दी। कोर्ट ने संतोष व संदीप को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

**NOTICE**

No. 3
Family Court
IN THE COURT OF CHANDRA MANI MISHRA
I Addl Prinicipal Judge Family Court,, Rae Bareli,
SUMMONS
TO
APPEAR IN PERSON
Matrimonial Case/434/2022
MANISHA VERMA
Vs
SANDEEP VERMA
(0. 5, R. 3.)
NEXT DATE: 19-02-2024
To,
SANDEEP VERMA
Father-RAMESH CHAND VERMA
B374 AVAS VIKAS L.I.B.
NAUBASTA KANPUR NAGAR
CURRENT ADDRESS - 13/1
VISHNU COLONY NAWABGANJ
KANPUR

Whereas MANISHA VERMA has instituted a suit against you for Divorce / Judicial Separation you are hereby summoned to appear in this Court in person on the 19-02-2024 at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and you are directed to produce on that day all the documents upon which you intend to rely in support of your defence.

Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in in your you absence.

Given under my hand and the seal of the Court, this 11-01-2024

I Addl Prinicipal Judge Family Court

**आज का मौसम**
शीत लहर के साथ घना कोहरा छाए रहने के आसार है।

16.0° अधिकतम तापमान | 02.6° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 57 | सूर्यास्त 05 : 45

## शहर में आज

- **रोजगार मेला :** घाटमपुर स्थित पतारा के श्रीराम प्राइवेट आईटीआई में रोजगार मेला।
- **प्रदर्शन :** कानपुर गौशाला सोसाइटी द्वारा पुलिस आयुक्त कार्यालय में विरोध प्रदर्शन व वार्ता सुबह 11 :30 बजे।
- **प्रेसवार्ता :** क्रैफ्टूट द्वारा होटल लैंडमार्क में तीन बजे प्रेसवार्ता।
- **उद्घाटन :** जीएसवीएम के पीजीआई का उद्घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दोपहर 3 :30 बजे।

## एक नजर

### लाठी डंडों से जमकर पीटा

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में जमीनी विवाद में आरोपियों ने चचेरे भाइयों को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जमकर मारापीटा। घटना के बाद पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है। मवैया गांव निवासी हरिओम ने पुलिस को बताया कि आरोपी करन सविता, उसके भाई सौरभ सविता और उनकी मां ने दोनों को लाठी डंडों व लोहे की रॉड से बुरी तरह से पीट दिया। हरिओम की हड्डी टूट गई।

# तिमंजिली बिल्डिंग में तेज विस्फोट दीवारें और छत उड़ी, चार घायल

## कंघी मोहाल में हुई घटना, खाना बनाते समय सिलेंडर फटने की कही जा रही बात


इमारत का मलबा गली में गिरा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के अतिसंवेदनशील कंघी मोहाल में मंगलवार दोपहर दो बजे संदिग्ध परिस्थितियों में बिल्डिंग के तीसरे खंड में तेज विस्फोट से दीवारें और छत उड़ गईं। धमाका इतना तेज था कि दो किमी तक लोगों को इसकी आवाज सुनाई दी। मलबे में दबने से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं एक आंशिक रूप से घायल हुआ। घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक गंभीर युवक को उर्सला रेफर कर दिया गया। मामला संवेदनशील होने के कारण मौके पर बीडीएस, फोरेंसिक और फायर विभाग की रेस्क्यू टीम पहुंची और मलबे से साक्ष्य जुटाए। विस्फोट रसोई गैस सिलेंडर फटने से बताया जा रहा है लेकिन सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है।

कंघी मोहाल में टीपू का जर्जर मकान है। एक सप्ताह पहले ही टीपू का निधन हो गया था। मकान के निचले हिस्से में टीपू के बेटे नसीम का चप्पल का कारखाना है। इसी बिल्डिंग में आमिर, गफूर उर्फ राजू, इलियास, इरशाद और बरकत अली का परिवार रहता है। टीपू के निधन के बाद नसीम ने इस मकान का बिल्डर एग्रीमेंट कर दिया था। जिसके बाद नया मकान मालिक लोगों पर मकान खाली करने का दबाव बना रहा था। मंगलवार दोपहर दो बजे आमिर तीसरे तल पर खाना बना रहा था।

उस समय दूसरे तल पर इरशाद की पत्नी गजाला बैठी थी। जबकि साढ़े छह साल की बेटी तूबा नूर पास में ही खेल रही थी। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हो गया। इसके बाद चारों ओर धूल का गुबार, मलबा और चीख पुकार मच गई। तीसरे खंड का मलबा और दीवार उड़कर नीचे गली में गिर गया। बिल्डिंग भी झुक गई। मलबे में दबकर लोगों की चीख पुकार मच गई। आस-पास के कुछ युवकों ने जर्जर मकान के ऊपरी हिस्से में पहुंचकर मलबा हटाना शुरू कर दिया। मलबे से 21 वर्ष के आमिर, 32 वर्ष की गजाला और साढ़े छह साल की तूबा को निकाला गया। एसीपी अनवरगंज आईपी सिंह, बजरिया, कर्नलगंज, चमनगंज समेत चार थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मलबा ऊपर से गिर रहा था, लिहाजा आस पास की जगह को सील कर लोगों का आना जाना बंद किया गया। घायलों को हैलट में भर्ती कराया गया। जहां देर शाम आमिर को उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया।


तिमंजिली इमारत का ऊपरी हिस्सा उड़ गया। अमृत विचार

### बीडीएस, फोरेंसिक और फील्ड यूनिट ने की जांच

देर शाम तक बिल्डिंग जर्जर होने की वजह से कोई ऊपर की मंजिल पर नहीं पहुंच पाया। लिहाजा धमाका कैसे हुआ, यह तय नहीं हो सका। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार धमाका सिलेंडर फटने से हुआ है। पुलिस ने मकान के दूसरे हिस्सों में रहने वाले किरायेदारों से मकान खाली करा दिया। बीडीएस, फोरेंसिक और फील्ड यूनिट ने जांच शुरू की है।

- धमाके से इलाके में दहशत मलबा 400 मीटर तक बिखरा बिल्डिंग की गई सील
- फोरेंसिक टीम, सीएफओ और पुलिस ने की जांच पड़ताल विस्फोटक की भी हुई जांच

> कंघी मोहाल में धमाके की सूचना मिली थी। घटना में चार लोग घायल हुए हैं। फोरेंसिक टीम से घटना की जांच कराई जा रही है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।
> –प्रमोद कुमार, डीसीपी सेंट्रल

> प्रथम दृष्टया सिलेंडर का धमाका बताया जा रहा है। बिल्डिंग जर्जर होने की वजह से संबंधित विभागों को पत्र भेजकर जांच के लिए कहा गया है।
> –दीपक शर्मा, सीएफओ

### आसपास के मकानों तक पहुंचा मलबा

धमाका इतना जबरदस्त था कि ईंट के टुकड़े और लकड़ी की खिड़की 200 मीटर दूर जा गिरीं। नगर निगम की टीम ने मलबा समेटा और मकान सील कर दिया। जिस गली में ये हादसा हुआ, उस गली में दर्जनों मकान 50-60 साल पुराने हैं, जिनमें लोग कम किराया देने की वजह से अपनी जिंदगी दांव पर लगाए हुए हैं।


पुलिस और फायर विभाग ने घटनास्थल पर जांच की। अमृत विचार

### भीड़ ने बढ़ाई पुलिस की परेशानी

घटनास्थल के पास रहने वाले लोगों ने बताया कि दोपहर दो बजे सभी लोग अपने-अपने काम में व्यस्क थे। इसी दौरान तेज विस्फोट ने कान के पर्दे तक फाड़ दिए। सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान पुलिस को जांच करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। पूरी गली में मलबा फैल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों तरफ से लोगों को हटाया। बजरिया थानाक्षेत्र का कंघी मोहाल अतिसंवेदनशील इलाका है। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन तेज धमाके की खबर सोशल मीडिया पर ऐसी फैली कि पुलिस और खुफिया एजेंसियां अलर्ट हो गईं।

### शहर में एक्सपायर सिलेंडरों का इस्तेमाल

सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि सिलेंडर में हुआ धमाका कोई नई बात नहीं है। शहर में एक्सपायर सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे हैं। लोग इस्तेमाल किए जाने वाले सिलेंडर देखकर खरीदें।

### मलबा सीएफओ और सिपाही पर गिरा

घटना की सूचना पर सीएफओ दीपक शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद हादसे वाले घर के जीने तक पहुंचे ही थे कि सिपाही ने जैसे ही वहां बंधी रस्सी को तोड़ा तो तीन ईंट सीएफओ और सिपाही पर गिर पड़ीं। जिससे वह बाल-बाल बच गए। इस दौरान वहां मौजूद इलाकाई लोगों की भीड़ ने टीम को ऊपर जाने से साफ मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने बजरिया पुलिस ने समन्वय करके मकान को सील करने के लिए कहा।

### साधारण विस्फोट नहीं था

विस्फोट के बाद कंघी मोहाल में लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। घनी आबादी वाले इस इलाके में धमाके का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बगल के मकान की दीवार भी चिटक गई। यहां के रहने वाले लोगों का कहना था कि ये कोई साधारण विस्फोट नहीं था। पूरे इलाके के मकान हिल गए।


घायल तूबा को अस्पताल ले जाते लोग। अमृत विचार


भीड़ को रोकने की मशक्कत पुलिस ने की। अमृत विचार


ऊपरी हिस्से का कमरा ध्वस्त हो गया। अमृत विचार


गंभीर रूप से घायल गजाला।

### बिल्डर पर लगाया साजिश करने का आरोप

इरशाद ने आरोप लगाया कि इस तीन मंजिला बिल्डिंग में कई परिवार रहते हैं। बिल्डिंग मालिक ने बिल्डिंग एक बिल्डर को बेच दी है। बिल्डर किरायेदारों पर बिल्डिंग खाली करने के का दबाव डाल रहा है। आरोप लगाया कि उसी बिल्डर ने साजिश करके यहां पर धमाका करा दिया।

### टूटे शीशे, हाथ से छूटे बर्तन

कंघी मोहाल में बिल्डिंग में हुए तेज धमाके के बाद आसपास के लोग दहशत में आ गए। धमाके के कारण मोहल्ले की इमारतों में लगी खिड़कियों के कांच के शीशे टूट गए। जो दोपहर के समय खाना खा रहा था, उसकी थाली तक हाथ से छूट गई। आसपास की बिल्डिंगों से लोग वीडियो बनाकर वायरल करने लगे।

> मैं हादसे के समय हादसे वाली बिल्डिंग के पास ही था। इतना तेज धमाका था कि कान सुन्न हो गए। मैंने सबसे पहले ऊपर पहुंचकर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। –मोहम्मद आकिब

> अपना रोज का काम कर रहे थे। इसी दौरान सामने मकान में तेज धमाका हुआ। कुछ देर के लिए कान सुन्न हो गए। बाहर निकल कर देखा तो सामने वाले घर से चीखें सुनाई दे रही थीं। –गुलाम कादिर

> धमाके के थोड़ी देर बाद ही मौके पर पहुंच गया था। घायलों को उतारकर एंबुलेंस में लेटाया। इसके बाद वहां फैले मलबे को रोड से हटवाया। आमिर की हालत गंभीर बनी है। –मोहम्मद अमीम

> आधा किमी दूर मेरी सिलाई मशीन की दुकान है, धमाका इतनी तेज था कि ऐसा लगा बगल में धमाका हुआ हो। पता चला कि मलबे में लोग दबे हैं। –शबाब आलम

# शहर में पहले भी हो चुके हैं कई धमाके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में संदिग्ध परिस्थितियों में हुए विस्फोट की घटना कोई पहली बार नहीं हुई है। इससे पहले भी शहर के कई थानाक्षेत्रों में धमाके हुए हैं। कुछ विस्फोट आज तक केवल रहस्य ही बनकर रह गए। प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन अतिसंवेदनशील इलाके में घटना के कारण आलाधिकारियों की नींद उड़ गई है।

### पहले की कुछ घटनाएं

- 9 अगस्त वर्ष 2023 में कल्याणपुर खुर्द में आयकर अधिकारी के घर में विस्फोट हुआ था जिसमें एक महिला घायल हो गई थी।
- 27 अक्टूबर वर्ष 2022 को काकादेव में एक गाय के मुंह में बम फट गया था। जिससे उसका जबड़ा क्षतिग्रस्त हो गया।
- 25 अगस्त वर्ष 2020 में बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बगाही भट्ठा में विस्फोट।
- 21 अक्टूबर वर्ष 2019 नौबस्ता द्विवेदी नगर में धमाका, दो घायल।
- अप्रैल वर्ष 2019 ओएमसी में धमाका तीन की मौत, आठ घायल।
- 4 अक्टूबर वर्ष 2017 सरसौल में 100 वर्ष पुराने मकान में धमाका, चार मकान गिरे, दो की मौत।
- 23 जनवरी वर्ष 2015 को कल्याणपुर के न्यू अशोक नगर में बम विस्फोट
- 14 अक्टूबर वर्ष 2008 बजरिया में साइकिल पर विस्फोटक में धमाका, दो घायल।
- 20 जून वर्ष 1997 की रात घंटाघर पर भीषण विस्फोट हुआ था। इसमें विस्फोटक सामग्री ले जाने वाले व्यक्ति के साथ पांच राहगीर घायल हुए थे।

# ठगी के 2.58 लाख रुपये वापस दिलाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी के शिकार पीड़िता के खाते में साइबर सेल ने ठगी के रुपये वापस कराए।

साइबर थाना प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया चमनगंज निवासिनी आयशा खातून ने शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया था कि अनजान नंबर से काल कर व्हॉट्सएप पर वर्क फ्रॉम होम के नाम पर रुपये कमाने का लालच दिया गया था। झांसे में लेकर आरोपियों ने आयशा से 7.43 लाख रुपये अपने खाते में जमा करा लिये थे। इसके बाद ठगी की जानकारी पर पीड़िता ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी के अनुसार पीड़ित आयशा के खाते में ठगी का 2.58 लाख रुपया वापस दिलाया गया है।

वहीं सेन पश्चिमपारा निवासी अरविंद कुमार को साइबर सेल ने ठगी का रुपये वापस दिलाया। थाना प्रभारी ने बताया गया पीड़ित को ट्रेडिंग के नाम पर रुपये दोगुने करने का झांसा देकर ठगा गया था।

# 72 हजार भाजपाई जाएंगे अयोध्या

**कानपुर।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 17 जिलों के 19326 बूथों से 72 हजार कार्यकर्ता क्रमबद्ध तरीके से अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे। 27 जनवरी को कन्नौज जिले के कार्यकर्ता बसों से अयोध्या रवाना होंगे। 29 जनवरी फतेहपुर, 6 फरवरी को कानपुर महानगर,10 फरवरी को कानपुर ग्रामीण के कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन के लिये जाएंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि 13 फरवरी को कानपुर देहात, 28 फरवरी को इटावा, 29 फरवरी को ललितपुर,एक मार्च को फर्रुखाबाद के कार्यकर्ता जाएंगे।

# सर्दी से नहीं मिलेगी राहत, रात का पारा 2.6 पर पहुंचा

**हाड़ कांपे**

- न्यूनतम तापमान में सामान्य के मुकाबले 5.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई
- सुबह और रात में पड़ेगा घना कोहरा, शीतलहर के बीच हल्की धूप रहेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार शहर का न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। इसी तरह अधिकतम तापमान भी 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा। विभाग के अनुसार शुक्रवार तक सुबह और रात में घना कोहरा होने की संभावना है। शीत लहर के बीच धूप निकलेगी लेकिन तेज हवाओं की वजह से वह बेअसर ही साबित होगी।

शहर में सुबह जबर्दस्त कोहरा पड़ने की वजह से लोगों को कंपकपाती सर्दी का सितम सहना पड़ा।

सुबह साढ़े दस बजे के बाद धूप निकलनी शुरू हुई तो लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन शीतलहर का प्रकोप कम नहीं हुआ। यही कारण था कि धूप निकलने के बाद भी सोमवार के मुकाबले मंगलवार को अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि फिलहाल कड़ाके की सर्दी से राहत नहीं मिलने वाली नही है।

उन्होंने बताया कि आगामी पांच दिनों तक आसमान साफ रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है। सुबह और रात्रि के समय में शीतलहर, धुंध और कोहरा छाया रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने गलनभरी सर्दी के बीच हल्की धूप निकलने की संभावना जताई है।


जैकेट पहन, कान ढककर निकलीं युवतियां। अमृत विचार

**गुड न्यूज** एक अरब डॉलर से अधिक बिजनेस देकर शहर का नाम चमकाया

# आईआईटियन नवीन ने दिया देश को पहला यूनिकॉर्न

- उनकी इनमोबी कंपनी दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल विज्ञापन नेटवर्क
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी गौरव पुरस्कार से सम्मानित करेंगे

विशेष संवाददाता

**कानपुर।** बीते साल यूपी की राजधानी लखनऊ में हुई ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में आए निवेशकों ने कानपुर में कारोबारी माहौल देने की कोशिश की थी पर इसी शहर के नवीन तिवारी ने कानपुर से देश को पहला यूनिकार्न (एक अरब डॉलर से अधिक बिजनेस) देकर चौंका दिया है। संदेश दिया कि यह शहर मरता हुआ शहर नहीं है, बहुत पोटेंशियल है। उन्होंने दुनिया में सबसे स्वतंत्र मोबाइल एडटेक प्लेटफार्म स्थापित किया जो देश के स्थानीय व्यवसायों को नेशनल-इंटरनेशनल दर्शकों से जोड़ता है। नवीन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यूपी गौरव पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। वह फोर्ब्स और फॉर्च्यून पत्रिकाओं में भी सुर्खियां बटोर चुके हैं।

नवीन ने 2001 में आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएशन किया था। तीन हजार लोगों को जॉब देने वाली उनकी कंपनी विश्व के 26 देशों में अपना नेटवर्क फैलाए है। उनका लॉक स्क्रीन सॉफ्टवेयर दुनिया भर में 40 करोड़ से ज्यादा स्मार्ट फोन पर मौजूद है। उन्होंने 2001 में आईआईटी (कानपुर) से ग्रेजुएशन के बाद हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए में मास्टर डिग्री ली। तिवारी ने अपने करियर की शुरुआत मैकिन्से एंड कंपनी से की, जहां उन्होंने दूरसंचार क्षेत्र में एक बड़े भारतीय समूह के प्रवेश के लिए गो-टू-मार्केट रणनीति विकसित करने पर काम किया। नवीन को प्रमुख व्यावसायिक मुद्दों पर विभिन्न प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष प्रबंधन के साथ काम करने का अवसर भी मिला। उन्होंने सिलिकॉन वैली में एक मोबाइल वीओआईपी स्टार्टअप के साथ भी कुछ समय के लिए काम किया। उन्होंने 2007 में इनमोबी की स्थापना की और उसके सीईओ हैं। इनमोबी दुनिया का सबसे बड़ा स्वतंत्र मोबाइल विज्ञापन नेटवर्क है। कंपनी ने अमेरिका, यूरोप, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कारोबार स्थापित किया है। इसे उद्योग के कुछ उच्च सम्मानित निवेशकों जैसे क्लिनर पर्किन्स काफिल्ड एंड बायर्स, शेरपालो वेंचर्स और सॉफ्टबैंक का समर्थन प्राप्त है। तिवारी को उद्यमिता में उत्कृष्टता के लिए आईआईटी कानपुर के विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में 'फ्यूचर लीडर्स अवार्ड' प्रदान किया था।




### क्या है यूनिकार्न

भारत में स्टार्टअप की शुरुआत के साथ ही यूनिकार्न शब्द चर्चा में आया। यह स्टार्टअप का ही टाइप होता है। एक अरब डॉलर से अधिक बिजनेस वॉल्यूम होने पर स्टार्टअप को यूनिकॉर्न कहा जाता है। फिलवक्त देश में 108 यूनिकार्न हैं। उद्यमियों का आकलन है कि आगामी पांच सालों यह संख्या एक हजार तक पहुंच सकती है। आईआईए के सुनील वैश्य, पीआईए के प्रदेश अध्यक्ष मनोज बंका, यूथ वर्क्स एसोसिएशन के कार्तिक कपूर ने कानपुर के लिए इसे बड़ी उपलब्धि माना और नवीन को बधाई दी।

# झकरकटी बस अड्डे में युवक गिरा, मौत

**कानपुर।** नौकरी की तलाश में शहर आया युवक की मंगलवार को झकरकटी बस अड्डे के प्रतीक्षालय में अचानक गिर पड़ा। यात्रियों ने एआरएम को सूचना दी। अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक युवक की मौत हो गई थी।

बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अनूप कुमार सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान युवक के पास से एक आधार कार्ड मिला। जिसके आधार पर शव की पहचान मध्य प्रदेश के इंदौर निवासी जगदीश गोस्वामी (45) के रूप में हुई। पुलिस ने उनके परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने बताया कि जगदीश नौकरी की तलाश में इंदौर से कानपुर आया था। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# जीएसवीएम पीजीआई का उद्घाटन आज

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ऑनलाइन करेंगे उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गणेश शंकर विद्यार्थी सुपर स्पेशिएलिटी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट (जीएसवीएसएस पीजीआई) का उद्घाटन बुधवार दोपहर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ऑनलाइन करेंगे। उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक व विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ सांसद, विधायक व मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी भी मौजूद रहेंगे।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल के जीटी रोड की तरफ 200 करोड़ रुपये से जीएसवीएम पीजीआई का निर्माण कराया गया है। यहां पर 30 बेड के आईसीयू और 240 जनरल बेड की सुविधा है। न्यूरो सर्जरी, न्यूरोलाजी, गैस्ट्रो मेडिसिन (पेट रोग) विभाग, नेफ्रोलाजी (गुर्दा रोग) विभाग, पेन मेडिसिन विभाग, फिजिलक मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन विभाग, आर्थोपेडिक की आर्थोप्लास्टी विभाग समेत आठ विभाग हैं। अभी इसका संचालन ट्रायल के तौर पर किया जा रहा था। यहां पर अभी 20 से अधिक कंसल्टेंट मौजूद हैं। यहां पर आसपास जिलों से मरीज इलाज को आ रहे हैं क्योंकि यहां अत्याधुनिक जांचों की सुविधा है।

# पुलिस की बड़ी चूक, ऑपरेशन त्रिनेत की आंखें बंद मिलीं

## चंद्रेश्वर हाते के सामने कैमरे खराब निकले, संवेदनशील इलाकों में बढ़ाई गई पुलिस चौकसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिस ऑपरेशन त्रिनेत का पुलिस ने छाती फुलाकर गुणगान किया था वही धोखा दे गया। सोमवार को बेकनगंज थानाक्षेत्र की सद्भावना चौकी क्षेत्र में अति संवेदनशील चंद्रेश्वर हाते के सामने जब सांप्रदायिक माहौल बिगड़ा था तो उस समय चौक पर लगे कैमरे खराब पड़े थे। मंगलवार को कैमरे चेक किए गए तो उसमें फुटेज नहीं मिली जो ऑपरेशन त्रिनेत अभियान की बड़ी चूक है। इसके बाद मंगलवार को पुलिस ने कमिश्नरेट के सभी थानाक्षेत्र अतिसंवेदनशील और संवेदनशील इलाके के कैमरों को न सिर्फ ठीक कराया बल्कि उनका डॉयरेक्शन भी चेक करके ठीक किया। बाजार में जहां-जहां पुलिस के कैमरे लगे थे उन्हें भी देखा गया।



मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में पैदल मार्च करते डीसीपी सेंट्रल, एसीपी अनवरगंज व थानेदार।

जून 2022 में नई सड़क हिंसा में इन कैमरों से ही पुलिस को बड़ी मदद मिली थी, इतना ही नहीं कई आरोपियों की शिनाख्त भी इन्हीं कैमरों से मिली फुटेज के बाद हुई थी। कमिश्नरेट के थानाक्षेत्रों में ऑपरेशन त्रिनेत्र जोर-शोर से चलाया गया था। जिसके अंतर्गत अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाकों पर कैमरे लगाने थे। कैमरे लगाए गए लेकिन देख रेख न होने की वजह से इन कैमरों की दुर्गति हो गई। कमिश्नरेट बनने के बाद नए कैमरे पीटूजेड लगाए गए लेकिन उनका भी रखरखाव नहीं हो सका। पुलिस सूत्रों की मानें तो डीवीआर सेफ प्लेस पर न रखे होने की वजह से कैमरों की फुटेज मिलना मुश्किल हो गया था। सोमवार शाम को हुए विवाद को देखते हुए अधिकारियों ने मंगलवार सुबह सद्भावना चौकी के पास से मूलगंज तक पुलिस की तैनाती की थी। दूसरी ओर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी ने अनवरगंज, बेकनगंज, चमनगंज, कर्नलगंज थाना प्रभारियों और भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान घुड़सवार चल रहे थे।

- हंगामे के बाद शहरभर के खराब कैमरे कराए गए ठीक

### अमर्यादित टिप्पणी करने पर रिपोर्ट दर्ज

**कानपुर।** इंस्टाग्राम के जरिये भगवान राम पर अमर्यादित टिप्पणी करने पर पुलिस ने धर्म विशेष के युवक पर रिपोर्ट दर्ज की। जूही इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि उनको अमन गुप्ता नाम के युवक ने जानकारी दी कि सोशल मीडिया पर राम व सीता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी का मैसेज वायरल हो रहा है। जिसकी जांच करने पर पता चला कि मैसेज इंस्टाग्राम आईडी द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा है। आईडी परमपुरवा निवासी अदनान उर्फ अहद नाम की है। उन्होंने वीडियो का संज्ञान लेकर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

इसी तरह शाम को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल प्रमोद कुमार ने मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पीआरवी, जेब्रा मोबाइल एवं घुड़सवार पुलिस के गश्त की। जनता से शांति बनाए रखने की अपील की गई।

## 3 माह नहीं की जांच फुंक गया ट्रांसफार्मर

**कानपुर।** केस्को की टीम बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने में कितनी सक्रिय है, इसका अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि तीन माह से एक ट्रांसफार्मर की जांच नहीं की गई। इस वजह से पहले क्षेत्र के लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा और उसके बाद जांच के अभाव में पॉवर ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे केस्को को करीब 2.50 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ा।

ग्वालटोली सबस्टेशनों के फीडर से जुड़े क्षेत्रों में करीब दो सप्ताह पहले पांच-पांच घंटे तक बिजली कटौती हो रही थी, जिनमें ग्वालटोली, जीवन ज्योति, सूटरगंज व नवाबी चार फीडर से जुड़े 28 ट्रांसफार्मरों की आपूर्ति बाधित हो रही थी। तभी ग्वालटोली सबस्टेशन का 10 एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया।

बिजली की परेशानी रोज झेल रहे लोगों ने मामले की शिकायत केस्को के प्रबंध निदेशक कार्यालय में की तो प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने जांच के लिए एक टीम गठित कर दी। इस टीम ने जले हुए ट्रांसफार्मर की पड़ताल की, जिसमें प्रथम दृष्टया स्पष्ट हुआ कि केस्को की टेस्ट टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से 10 एमवीए पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुआ।

# टीकाकरण के लिए दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएमओ कार्यालय में एएनएम को दिया जा रहा प्रशिक्षण
- बच्चों व गर्भवती के लिए टीकाकरण बेहद है जरूरी

**अमृत विचार।** जिले में गांवों के मुकाबले शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं है। शहर में टीकाकरण की स्थिति सुधारने के लिए सीएमओ कार्यालय के सभागार में जिले की एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। एएनएम घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करेंगी और टीकाकरण की बुलावा पर्ची भी देंगी।

रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय के सभागार में मंगलवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने एएनएम को टीकाकरण का महत्व बताया और टीकाकरण के संबंध में प्रशिक्षण दिया। बताया कि गांवों की तुलना में नगरीय इलाके में व्यवस्थित और बेहतर रणनीति बनाने की बेहद आवश्यकता है। प्रशिक्षण के बाद नगर की सभी पीएचसी, वार्ड व मोहल्ला के अनुसार एएनएम का क्षेत्र तय किया जाएगा। घर-घर जाकर हेड काउंट सर्वे के लिए बच्चों व गर्भवती की ड्यू लिस्ट तैयार की जाएगी। टीकाकरण से छूटे बच्चे व गर्भवती को ट्रैक किया जाएगा। हर बुधवार व शनिवार को होने वाले नियमित टीकाकरण सत्र, छाया नगरीय स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस (यूएचएसएनडी) सत्रों तक बच्चों व गर्भवती को लाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की ओर से घर-घर भ्रमण करेंगी। इसके साथ वह घर-घर बुलावा पर्ची वितरित कर टीकाकरण के लिए प्रेरित भी करेंगी। यूनिसेफ के डीएमसी फुजैल अहमद सिद्दीकी व यूएनडीपी के वीसीसीएम धनंजय सिंह ने टीकाकरण की समय सारणी, सत्रों का प्रबंधन, टीकाकरण में सुरक्षित सूई की तकनीक, कार्ययोजना बनाना, रिपोर्टिंग व फाइल रखने की विधि आदि की जानकारी दी।




सीएमओ कार्यालय में प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र लिए एएनएम व मौजूद अधिकारी।

### टीकाकरण से होता कई बीमारियों से बचाव

डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों में बाहरी संक्रमण का खतरा अधिक होता है। इसलिए जन्म पर बर्थ डोज के साथ ही डेढ़ माह, ढाई माह, साढ़े तीन माह, नौ माह, 16 से 24 माह और पांच वर्ष पूर्ण होने पर सभी टीके समय से लगवाना जरूरी होता है। इसके अलावा 10 व 16 वर्ष की आयु पर बच्चों को (टिटनेस-डिप्थीरिया) टीडी का टीका जरूर लगवाना चाहिए। नियमित टीकाकरण से बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव होता है।

### यह दिया प्रशिक्षण

- नियमित टीकाकरण की बेसिक जानकारी
- टीकाकरण के दौरान क्या सावधानी बरतनी है।
- किन बच्चों को कौन-सा टीका देना है।
- ड्यूलिस्ट तैयार कर डेटा अपलोड करना

# पीएसआईटी में दो पक्षों में तनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जयश्री राम का नारों का विरोध करने पर हंगामा
- दूसरे समुदाय के छात्रों ने नारों का विरोध किया

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रविवार देर रात पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में छात्रों ने जय श्री राम के नारे लगाए तो दूसरे समुदाय के छात्रों ने नारेबाजी के बीच गाली गलौज शुरू कर दी। हॉस्टल से किसी छात्र ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद हल्का प्रभारी ने कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

सोमवार को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ठीक एक दिन पहले ही रविवार देर रात भौंती स्थित पीएसआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्रों ने उत्साहित होकर जय श्री राम के नारे लगाए। हॉस्टल में रह रहे दूसरे समुदाय के छात्रों ने नारों का विरोध करते हुए बीच में गाली गलौज की। इस दौरान दोनों के बीच विवाद बढ़ा तो मामले की जानकारी हॉस्टल के वार्डेन डंकन्न स्मृथि को दी गई। वार्डेन ने छात्रों को हॉस्टल के बेसमेंट में एक साथ बुलाकर जमकर फटकार लगाई। वायरल वीडियो में वार्डेन कह रहे हैं कि अगर जय श्री राम के नारे लगाना हो तो अपने घर जाओ यह एक इंस्टीटयूट है। एक छात्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि एक छात्र ने फिर से नारे लगाए तो उसको कॉलेज से निकालने की धमकी दे गई। नारेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ उसके बाद पुलिस हरकत में आई और सोमवार सुबह पीएसआईटी के परिसर हॉस्टल में पहुंच कर छात्रों से पूछताछ की। पुलिस ने विवादित धार्मिक टिप्पणी, माहौल बिगाड़ने समेत संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### माहौल बिगाड़ने का प्रयास न करें

घटना की गंभीरता को देखते हुए डीसीपी पश्चिम विजय ढुल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने छात्रों को सख्त हिदायत दी कि अगर माहौल बिगाड़ने का प्रयास करेंगे तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इंजीनियरिंग कॉलेज में लगे सीसी कैमरे भी देखे।

## नमाज पढ़ते समय मोबाइल चोरी

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एक मस्जिद में नमाज पढ़ने गए युवक का मोबाइल आरोपी ने चोरी कर लिया। वहीं घटना के फुटेज से पीड़ित ने युवक को पकड़ा और अपना मोबाइल वापस लिया।

सोमवार रात जाजमऊ के डिफेंस कॉलोनी निवासी फैजान नमाज़ पढ़ने गल्ला गोदाम स्थित नबी करीम मस्जिद में गए थे। जहां पर नमाज़ पढ़ते समय एक युवक मस्जिद के अंदर घुसा और फ़ौजान का मोबाइल लेकर भाग गया। घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद लोगों ने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिर पीड़ित चोरी करने वाले युवक के घर की जानकारी होने पर वहां गया। जिसके बाद उस युवक ने मोबाइल वापस कर माफी मांगी।

# खाट बिछाओ-भ्रष्टाचार मिटाओ आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लेखपालों की मनमानी का विरोध जताया
- जेपीसी व एसडीएम सदर से वार्ता की, आश्वासन मिला

**अमृत विचार।** लेखपालों की मनमानी के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सदर तहसील में खाट बिछाओ-भ्रष्टाचार मिटाओ आंदोलन किया। आंदोलनरत पार्टी पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लेखपाल घर बैठे आय प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन, आसरा आवास के आवेदन पत्रों पर फर्जी रिपोर्ट लगाकर पात्र लोगों को अपात्र कर रहे हैं। जिसके कारण पात्र दिव्यांगजन, वृद्ध, विधवाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। एसडीएम के कार्रवाई के आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ।

मंगलवार को राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी कार्यकर्ताओं ने सदर तहसील में खाट बिछाओ-भ्रष्टाचार मिटाओ आंदोलन किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि लेखपाल सरकारी योजनाओ के मामलों में मनमानी कर रहे हैं। दिव्यांगजनों, वृद्ध, विधवा महिलाओ का आय प्रमाण पत्र उनकी आमदनी से अधिक का बनाया जा रहा है, जिससे वह सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। बताया कि आसरा आवास योजना में जांच रिपोर्ट में आय अधिक दिखाकर, पता न मिलने की रिपोर्ट लगाकर लाभार्थियों को अपात्र किया जा रहा है। आंदोलन की जानकारी पर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी व एसडीएम सदर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से वार्ता की। वार्ता में लेखपालों की मनमानी पर रोक लगाने, फर्जी रिपोर्ट लगाने वाले लेखपालों पर कार्रवाई करने, तहसील में लंबित आवेदन पत्रों की जांच रिपोर्ट समाज कल्याण विभाग भिजवाने की मांग की गई। जिस पर एसडीएम सदर ने सहमति जताई। साथ ही एसडीएम सदर ने मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। आंदोलन में आनंद तिवारी, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, अशोक कुमार, अरविंद सिंह, कुसुम अग्निहोत्री मौजूद रही।



तहसील में लेखपालों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई। अमृत विचार

# जान बचाने वाले फायरमैनों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चमनगंज थानाक्षेत्र में चार मंजिला अपना घर अपार्टमेंट के बेसमेंट में चप्पल कारखाने में लगी भीषण आग ने हड़कंप मचा दिया था। इस मामले में जान की परवाह न करते हुए लोगों को बचाने वाले फायरमैनों को पुलिस कमिश्नर ने सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

रूपम टाकीज के पास चार मंजिला बिल्डिंग में लगी आग के दौरान धुएं के बीच जाकर बच्चों और महिला का सुरक्षित रेस्क्यू करने वाली टीम को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने सम्मानित किया। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 15 जनवरी को चमनगंज थानाक्षेत्र स्थित रूपम चौराहे के पास चार मंजिला बिल्डिंग में शार्ट सर्किट से आग लग गई थी।



पुलिस कमिश्नर ने सीएफओ और अन्य दमकल कर्मियों का सम्मान किया। अमृत विचार

फायर सर्विस को कर्मचारियों ने जान जोखिम में डालकर सीढ़ी लगाई और रेस्क्यू कर फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस कमिश्नर ने इस रेस्क्यू में शामिल मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा समेत सभी लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय नीलाब्जा चौधरी, डीसीपी मुख्यालय शिवाजी और डीसीपी सेंट्रल प्रमोद कुमार मौजूद रहे।

# चीनी मिलों की दक्षता व गुणवत्ता में होगा सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ की प्रदेश में स्थित चीनी मिलों की गुणवत्ता नियंत्रण से संबंधित तकनीकी कर्मियों के लिए दो सप्ताह का एक प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। दो चरणों में दिए जाने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न चीनी मिलों के 40 तकनीकीविद भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के निदेशक नरेंद्र मोहन ने बताया कि तकनीकी कर्मियों को विश्लेषण में प्रयुक्त होने वाले आधुनिकतम उपकरणों व यंत्रों की जानकारी, उनका प्रयोग व अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विश्लेषण करने की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एक गहन चिंता का विषय है।

इन तकनीकी कर्मियों को चीनी मिलों से निकलने वाले उत्प्रवाह के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मापदण्डों के अनुसार विश्लेषण के लिए सैद्धांतिक व प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न अनुभाग सहभागिता करेंगे।

## सार-संक्षेप




एलेनहाउस में छात्रों को प्रमाणपत्र दिए गए।

### एलेनहाउस नव युवा उद्यमिता को देता है बढ़ावा

**कानपुर।** एलेनहाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आईडिएट 2024 का आयोजन किया। छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, आधुनिक टाइल्स निर्माण, छात्रों के लिए साइबर सिक्योरिटी व अन्य विषयों पर नए उपायों का प्रस्तुतिकरण किया। एलेनहाउस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ.मनोज मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर आईडिएट 2024 का आयोजन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को उत्कृष्टता, नवाचार और उद्यमिता की ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना है। इसके माध्यम से नवयुवा उद्यमिता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान सुपरहाउस एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त सचिव जावेद हाशमी, निदेशक डॉ. मनोज मिश्रा, निदेशिक मैनेजमेंट डॉ. शिवानी कपूर, डीन एकेडमिक्स डॉ. देव सिंह आदि मौजूद रहे।



सीएसजेएमयू में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### विवि में नाटक का हुआ मंचन

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के रानी लक्ष्मी बाई प्रेक्षागृह में नाटक का मंचन किया गया। श्रद्धा मानव सेवा समिति लखनऊ की ओर से हुए 'कंजूस' नाटक की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलपति विनय कुमार पाठक ने की। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ अनिल कुमार यादव, आयुर्वेदाचार्य डॉ वंदना पाठक,छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो नीरज कुमार, चीफ प्रॉक्टर डॉ प्रवीण कटियार तथा नोडल अधिकारी डॉ शुभम् वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

### बैराज पर खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

**कानपुर।** एमवी एक्ट के सारे नियम, कायदे कानून की धज्जियां उड़ाते हुए गंगाबैराज पर रईसजादे खतरनाक तरीके से रील बनाते नजर आए। दो कारों से गंगाबैराज पर जानलेवा स्टंट करते रईसजादे का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दिख रहा है कि दो चलती कारों के बीच रईसजादे खड़े होकर भगवा झंडा लहराते हुए रील बना रहे हैं। इसमें दिख रहा है कि भारी-भरकम झंडा लहराते हुए दोनों कारों पर एक युवक खड़ा है। गाड़ी पर नम्बर की जगह बॉस लिखा हुआ है। अमृत विचार वायरल वीडियो की तस्दीक नहीं करता है।



कांग्रेसियों ने विरोध कर नारे लगाए। अमृत विचार

## न्याय यात्रा पर हमले का विरोध जताया

**कानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम में पोस्टर व पार्टी के झंडे फाड़े जाने व यात्रा पर हुए हमले के विरोध में मंगलवार को मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने असम सरकार मुर्दाबाद व डरो मत सहो मत के नारे लगाए।

मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम पहुंचने पर अराजकतत्वों ने यात्रा के पोस्टर फाड़ कर हंगामा किया था। जिसके विरोध में कांग्रेस पार्टी का प्रदेशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ। शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के तत्वावधान में तिलक हाल से जुलूस निकाला गया। बड़ा चौराहा से जिलाधिकारी कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने मानव श्रंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान मदन मोहन शुक्ल, पवन गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, महेश मेघानी, दिलीप शुक्ला, पीएस बाजपेई, दिलीप बाजपेई, पदम मोहन मिश्रा, उमा प्रसाद मिश्रा मौजूद रहे।

खुशखबरी

**शताब्दी नगर और जवाहरपुरम योजना के भवनों के लिये 6478 पात्र आवेदक लेंगे भाग**

# पीएम आवासों के लिए आज से लॉटरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केडीए 2694 पीएम आवासों को लाभार्थियों को सौंपने जा रहा है। शताब्दी नगर और जवाहरपुरम योजना में बने भवनों के लिये 6478 पात्र आवेदकों को चयनित किया गया है। केडीए इन भवनों को लॉटरी के माध्यम से देगा। इसके लिये पनकी के शताब्दी नगर स्टेडियम में 24 और 27 जनवरी को लॉटरी का आयोजन करने जा रहा है। मंगलवार को अधिकारियों ने लॉटरी संबंधी तैयारियां पूरी कीं।

केडीए वीसी विशाख जी के निर्देशन में शताब्दी नगर योजना एवं जवाहरपुरम

योजना में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के भवन आवंटन की प्रक्रिया होगी। शताब्दी नगर के 1152 भवनों के लिये बुधवार को सुबह 11 बजे से लॉटरी का आयोजन होगा। वहीं, जवाहरपुरम के 1542 भवनों लिये शनिवार को सुबह से लॉटरी डाली जाएगी। केडीए वीसी ने बताया कि शताब्दी नगर योजना के 1152 फ्लैटों के आवंटन के लिये 4663 पात्र आवेदकों के मध्य लॉटरी डाली जाएगी। वहीं, 27 को जवाहरपुरम योजना के 1542 फ्लैटों के आवंटन के लिये पात्र 1815 आवेदकों के मध्य लॉटरी डाली जाएगी। उन्होंने बताया कि कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के व्यक्तियों के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। भवनों के आवंटन के लिए प्राधिकरण द्वारा विज्ञापन आमंत्रित किए गए थे, जिसका सत्यापन सूडा द्वारा कराया गया है। इसके साथ ही सत्यापन के बाद सूडा की ओर से उपलब्ध कराये गये पात्र आवेदकों के मध्य लॉटरी के माध्यम से भवनों का आवंटन किया जाता है।




- शताब्दी नगर स्टेडियम में 24 और 27 जनवरी को लॉटरी के माध्यम से मिलेंगे आवास
- केडीए पीएम आवास योजना के तहत 2694 आवास लाभार्थियों को देगा

**1152** शताब्दी नगर में आवास

**1542** जवाहरपुरम में आवास

**6478** कुल पात्र आवेदक

### केडीए करेगा सारी व्यवस्था

केडीए ने बताया कि आवेदकों के बैठने, साउंड, विद्युत, जलपान, प्रचार-प्रसार, लॉटरी के आयोजन, हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। लॉटरी को सही से संचालित किये जाने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गयी है।

### अयोध्या में रामलला विराजमान होने का जश्न शहर में दूसरे दिन भी जोर-शोर से मनाया गया, भक्त झूम उठे

# हनुमान मंदिरों में गूंजा जय श्रीराम जयघोष

कानपुर। अयोध्या में श्रीराम के मंदिर में विराजमान होने की खुशी मंगलवार को भी शहर में रही। शहर के विभिन्न इलाकों सहित हनुमान मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही। भंडारों व आरती के जरिए माहौल को भव्य किया गया। इस दौरान प्रभु श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। पनकी हनुमान मंदिर में भक्तों की ओर से विशेष श्रृंगार कराया गया। भक्तों की भारी भीड़ के चलते मंदिर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी। शाम को भक्तों की ओर से मंदिर में दीपदान भी किया गया। जीटी रोड स्थित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में भंडारों का दौर चला। मंदिर को गुब्बारों से सजाया गया था। इसके अलावा किदवई नगर स्थित सोटे वाले हनुमान मंदिर, मोतीझील स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर, काली मठिया स्थित हनुमान मंदिर में भी आयोजन किए गए।


पातालेश्वर मंदिर में आयोजित उत्सव में प्रभु राम की झांकी। अमृत विचार


भुवनेश्वर साईं धाम मंदिर में उत्सव। अमृत विचार

### दीपोत्सव मनाया गया

श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर गंगापुर पातालेश्वर मंदिर छठ पूजा घाट पर मंगलवार को दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान मिठाई वितरण व आतिशबाजी भी हुई। कार्यक्रम में पार्षद श्वेता दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं भी दीं। भजन संध्या व झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में अंकित पाण्डे, नीरज सिंह, मनोज सिंह, धर्मेन्द्र, विमल,मनीष, आशीष,पंकज सहित अन्य शामिल रहे।

### रामकथा में लगे जयकारे

श्री भुवनेश्वर साईं धाम मंदिर ई- ब्लॉक किदवई नगर में मंगलवार को रामकथा आयोजित हुई। कथा में व्यास भैया लाल शुक्ल ने राम स्वयंवर का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान राम की कथा हमारे समाज को अनुशासन और प्रेम तथा सदभाव का संदेश देती है। कथा में मिथलेश गुप्ता, दया शंकर त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, नवीन अग्रवाल, नरेश सोहने, प्रेमलता पांडेय, गीता त्रिवेदी,नमाता सोहने सहित अन्य मौजूद रहे।


हनुमान जी का विग्रह। अमृत विचार

### सुंदरकांड का पाठ हुआ

कानपुर। कलक्टरगंज स्थित बजरंगबली मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। आकर्षक श्रंगार भी किया गया। मंदिर प्रमुख सोमदत्त अग्निहोत्री ने आये सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया। सोमदत्त अग्निहोत्री, विधायक अमिताम वाजपेई, शिवम दीक्षित, मधुवन बिहारी गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

### व्यापारियों ने मिठाई बांटी

कानपुर। कानपुर होजरी मार्केट परिसर में व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। चेयरमैन राम प्रताप यादव, उप चेयरमैन श्याम सिंह, महामंत्री राम प्रकाश अग्रवाल, संरक्षक गुलशन आनंद, सतीश बहल, राजेश शुक्ला, संजय मनोहर आदि थे।


श्री जगन्नाथ सेवा समिति महिला मंडल के उत्सव में उमड़े लोग। अमृत विचार

### महिलाओं ने निकाली पदयात्रा

श्री जगन्नाथ सेवा समिति महिला मंडल की ओर से मंगलवार को पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में 200 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। 3 किलोमीटर तक निकाली पदयात्रा का जगह-जगह भक्तों की ओर से फूल बरसा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अलंकार ओमर, हिमांशु पाल, अनूप गुप्ता, संगीता गुप्ता, अध्यक्ष अनीता गुप्ता, महामंत्री प्राची मिश्रा, कंचन गुप्ता, श्वेता गुप्ता, अंजू पाल सहित अन्य मौजूद रहीं।

# देशवासियों के लिए गर्व का विषय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आईएमए में आरती करते डॉक्टर्स। अमृत विचार

अमृत विचार। परेड स्थित आईएमए सेवा के मंदिर में अयोध्या में "प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम" के शुभ अवसर पर एक "भजन संध्या व दीपोत्सव" का आयोजन किया गया। डॉ. शालिनी मोहन, डॉ. क्षमा शुक्ला, डॉ. विनीता अवस्थी, डॉ. शुभी वरयानी, डॉ. डीके सिन्हा, डॉ.अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. संजय गुप्ता, डॉ. पीयूष-प्राची मिश्रा व डॉ. पवन कॉल ने प्रभु श्रीराम के गीत गाकर पूरा माहौल राम-मय कर दिया। डॉ. सुभी व अंबर वरयानी के बेटे ने प्रभु श्रीराम और सचिव डॉ. कुणाल सहाय व डॉ. शालिनी मोहन की बेटी शांभवी ने माता सीता का दिव्य रूप धारण किया। अध्यक्ष डॉ. नंदनी रस्तोगी ने बताया कि श्रीराम अपने अयोध्या धाम स्थित नव निर्मित मंदिर में विराजमान हुए है, जो पूरे भारतवासियों के लिए गर्व व सम्मान का विषय है। सचिव डॉक्टर कुणाल सहाय और डॉक्टर शालिनी मोहन ने इस उपलक्ष में यह सुंदर कार्यक्रम का आयोजन व संचालन किया। चेयरपर्सन डॉ. अवध दुबे, डॉ. बृजेंद्र शुक्ला, डॉ. कमल धवन, डॉ.रश्मि सहाय, डॉ. देव ज्योति, डॉ. रोली मोहन, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. प्रीती आहूजा, डॉ. सुरजीत आहूजा, डॉ. अमित गौर आदि मौजूद रहे।

### 125 किलो की चाट, पांच किलो का समोसा चढ़ाया

कानपुर। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन पर बर्रा दो के एक कारसेवक ने 125 किलोग्राम की आलू की टिक्की बनाकर भगवान राम को समर्पित कर, भक्तों को वितरित की। बर्रा थाना क्षेत्र स्थित भूत बंगले के पास रहने वाले ठाकुर प्रसाद गुप्ता की मयूरी चाट शॉप के नाम से दुकान है। ठाकुर प्रसाद गुप्ता कार सेवक रह चुके हैं। ठाकुर प्रसाद ने 125 किलोग्राम की आलू टिक्की बनाई। यहां जय श्रीराम के नारे लगने लगे। ठाकुर प्रसाद ने बताया कि हम लोग ढांचा विध्वंस के दौरान अयोध्या गए थे। मेरे मन था कि जब मंदिर बन जाएगा तो मैं विशेष प्रसाद चढ़ाउंगा। दूसरी ओर किदवई में रहने वाले आनंद गुप्ता की समोसे की दुकान है। आनंद ने पांच-पांच किलोग्राम के समोसे बनाकर मंदिर में चढ़ाए हैं।

## सार-संक्षेप


राजरतन के शोरूम में उमड़ी भीड़। अमृत विचार

### लखनऊ में खुला राजरतन का 13वां शोरूम

कानपुर। लखनऊ के आलमबाग सिंगार नगर में उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध राजरतन साड़ी सेंटर ने अपना 13वां शोरूम खोला। उद्घाटन के पहले दिन ग्राहकों ने शोरूम की सराहना की और जमकर खरीदारी भी की। यहां पर कई प्रकार की कुर्तियों की वैरायटी जैसे एप्पल कट, फ्रॉक कट व मल्टी कलर लैगिंग भी उपलब्ध है। राजरतन ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजकुमार खत्री ने बताया कि यहां पर ब्राइडल लहंगा, ब्राइडल सलवार-कमीज, लहंगा साड़ीज, ब्राइडल साड़ी, लहंगा-चुनरी, सलवार-सूट, इवनिंग गाउन व क्रॉप टॉप स्कर्ट के एक्सक्लूसिव कलेक्शन उपलब्ध है। शादी की शॉपिंग के लिए यहां प्योर सिल्क, प्योर शिफॉन, जार्जेट और हैन्डवर्क की उच्च क्वालिटी की साड़ियों की विस्तृत रेंज है। ग्रुप की निदेशक हर्षिता खत्री ने बताया कि राजरतन के पास प्रोफेशनल व अनुभवी डिजाइनर्स की टीम है, जो आने वाले समय के हिसाब से साड़ी, सूट्स और लहंगा डिजाइन करते हैं। यहां पर आवश्यकता अनुसार डिजाइनर पीस तैयार कराए जा सकते हैं। इस दौरान प्रहलाद खत्री, आत्माराम खत्री, संजय खत्री समेत अन्य मौजूद रहे।


कांग्रेस ने सुभाष प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाई।

### आजादी की लड़ाई के महानायक थे सुभाष

कानपुर। नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती को जय हिंद दिवस के रूप में मनाया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मेस्टन रोड स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की लड़ाई के महानायक थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान जाकर नेताजी ने अंग्रेजों के खिलाफ आजाद हिंद फौज का गठन कर सारी दुनिया को आश्चर्यचकित किया था। नेता जी ने जय हिंद नारे के साथ अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने के लिए देशवासियों को तुम हमे खून दो हम तुम्हे आजादी देंगे जैसे नारे देकर उनके जोश को बढ़ाया था। कार्यक्रम में शंकर दास मिश्रा ,मदन मोहन शुक्ला, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, जावेद जमील उस्मानी, हिमांशु मिश्रा ,रामजी दुबे ,सोमेंद्र वर्मा, इमरान, लल्लन अवस्थी, हरीश गुप्ता मौजूद रहे।


सेंट्रल स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करतीं उमा भारती। अमृत विचार

### सदियों का संघर्ष सफल हुआ: उमा भारती

कानपुर। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही सदियों का संघर्ष सफल हुआ। यह उल्लास का समय है। संसार के सभी रामभक्तों के दृढ़ निश्चय का प्रतीक था। अशोक सिंघल जी की याद आ रही है। उन्होंने कहा था कि राम मंदिर का निर्माण होगा, क्योंकि राम मंदिर के निर्माण की बात उनसे संतों ने कही थी। उन्होंने मुझे राम मंदिर के अतिरिक्त एक और काम सौंपा था वह था गंगा का। उनकी बात को मानकर ही मैने अविरल गंगा और निर्मल गंगा का अभियान चलाया। उमा भारती सेंट्रल स्टेशन पर पत्रकारों से बात कर रहीं थीं।


जेसीपी आनंद प्रकाश ने व्यापारी नेता दीप नारायण दीक्षित को किया सम्मानित।

### रामभक्तों का सम्मान, प्रसाद वितरण

कानपुर। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत दबौली मोड़ पर सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। रामभक्तों का सम्मान तथा प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संयुक्त पुलिस कमिश्नर आनन्द प्रकाश तिवारी, कार्यक्रम संरक्षक के ए दुबे पद्मेश, कार्यक्रम संचालक पं0 दीप नारायण दीक्षित थे। दीप नारायण दीक्षित ने बताया कि आयोजन में सैकड़ों लोग जुटे। नगर संघ चालक राधेश्याम सिंह, विनोद मिश्रा, राजन त्रिवेदी, डॉ0 रूपा सिंह, राजकुमार त्रिवेदी, शैलेन्द्र मिश्र, जीत बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अध्यक्ष के लिए तीन, महामंत्री पर चार नामांकन

कार्यालय संवाददात, कानपुर

- लायर्स एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया तेज
- आज एक से चार बजे तक जमा होंगे नामांकन पत्र


लायर्स एसोसिएशन चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। अमृत विचार

अमृत विचार। लायर्स एसोसिएशन के चुनाव की प्रक्रिया तेज हो चुकी है। मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 22 दावेदारों ने नामांकन किया। अध्यक्ष पद पर तीन, महामंत्री पद पर चार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। चुनाव कमेटी के मुताबिक बुधवार को दोपहर एक बजे से शाम चार बजे तक दावेदार नामांकन कर सकेंगे।

आगामी 20 फरवरी को लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव निर्धारित किया गया है। एल्डर्स कमेटी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। नामांकन पत्रों की बिक्री के बाद मंगलवार को दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन विजय आचार्य व सह चेयरमैन गुलाम रब्बानी ने बताया कि मंगलवार को 22 दावेदारों ने नामाकंन पत्र दाखिल किए। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश यादव ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए रमेश चंद्र वर्मा, अनूप कुमार द्विवेदी व श्याम नारायण सिंह ने नामांकन किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए हर्ष कुमार ने नामांकन किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार आशीष त्रिवेदी व अमितेश कुमार सिंह सेंगर ने नामांकन किया। महामंत्री पद के चार दावेदारों सुनील कुमार पांडेय, अखिलेश कुमार गुप्ता, अजय प्रकाश अग्निहोत्री व राजीव यादव ने नामांकन किया। कोषाध्यक्ष पद पर कपिल देव राय सिन्हा, राकेश प्रसाद साहू ने नामांकन किया। संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के लिए आशीष पांडेय, संतोष कुमार यादव व मनीष कुमार कुरील, दिनेश कुमार, आलोक कुमार दुबे व मनीष गौड़ ने नामांकन किया। संयुक्त मंत्री पुस्तकालय के लिए राजेश सिंह परिहार, तरुण कुमार कुशवाहा व शशी गौतम ने दावेदारी ठोंकी। कनिष्ठ कार्यकारिणी के लिए प्रदीप कुमार सिंह ने नामांकन किया।

# आदित्य डिप्टी जेलर और मयंक बने एसडीएम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर के उत्कर्ष एकेडमी में ली थी शुरुआती कोचिंग

अमृत विचार। राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस) 2023 के अंतिम नतीजे मंगलवार को घोषित हुए, जिनमें कानपुर की उत्कर्ष एकेडमी में कोचिंग लेने वाले छात्रों का जलवा रहा। यहां से कोचिंग लेने वाले किसान के बेटे आदित्य यादव डिप्टी जेलर और मयंक कुंदू डिप्टी कलेक्टर बने।

इटावा के भरथना निवासी आदित्य यादव ने बताया कि पिता फतेहपाल किसान, मां श्यामदेवी ग्रहणी व भाई उदयवीर आढ़ती हैं। यूपी पीसीएस की पढ़ाई के लिए मौसेरे भाई डॉ.मुकेश यादव, जीजा सुधीर कुमार, एआरटीओ प्रवेश यादव और माता-पिता व भाई ने काफी सहयोग किया। उनके सहयोग व आशीर्वाद की वजह से पांचवें प्रयास में सफलता मिली और डिप्टी जेलर में पहली रैंक आई। उन्होंने कोचिंग कानपुर के उत्कर्ष एकेडमी व उसके बाद दिल्ली में ली। दूसरी ओर सहारनपुर निवासी मयंक कुंदू ने बताया कि पिता हरियाणा के करनाल जिले में प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त हैं और वह वर्तमान में सहारनपुर में युवा जिला कल्याण अधिकारी हैं। उन्होंने तैयारी खुद से की थी।

# गोल चौराहा से हटाई जाएगी फल मंडी, जाम से राहत

कानपुर। गोल चौराहे पर आधी सड़क तक लगने वाली फल मंडी बुधवार को हटाई जाएगी। मंडी को सड़क से करीब पांच मीटर पीछे पड़े खाली स्थान पर स्थानांतरित कराया जाएगा। एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने चौराहे का निरीक्षण कर फल मंडी में दुकानदारों से बात की।

गोल चौराहे पर आधी सड़क तक फल मंडी के साथ-साथ अन्य दुकाने है, जिसके कारण गोल चौराहे से रावतपुर क्रासिंग तक लोगों को भीषण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। मंगलवार को एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह व नगर निगम के अधिकारियों ने गोल चौराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसीपी ट्रैफिक ने फल मंडी दुकानदारों से बात की। इसके साथ ही दुकान को सड़क से पांच मीटर पीछे नरेंद्र मोहन पुल के नीचे खाली पड़े करीब दो हजार स्क्वायर फीट के स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

# विकास कार्यों को पोर्टल पर अपलोड जरूर करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा की

अमृत विचार। मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को मंडलीय विकास कार्यों, निर्माण कार्यों, राजस्व की समीक्षा बैठक में कहाकि मुख्य विकास अधिकारी समस्त योजनाओं के साथ विशेष रूप से फ्लैगशिप योजनाओं पर जनपद स्तर से विभागीय पोर्टल पर सूचना समय अपलोड कराएं। जिससे रैंकिंग में सुधार आ सके। मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र के विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों के परिसर में सफाई रहे। इसकी फोटो भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का विवरण भी मांगा। गृहों और प्रतिष्ठानों से संग्रहित अपशिष्ट में कन्नौज छोड़ अन्य जनपदों में प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है।

मंडलायुक्त ने कहा कि फसल अवशेष और कूड़ा जलाने की घटनाएं सामने आई हैं इसपर तत्काल कार्रवाई की जाए। जनपदों में प्राथमिक विद्यालयों के 62 जर्जर भवनों के अवशेषों की सात दिनों में नीलामी के भी उन्होंने निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की रैंकिंग में जनपद इटावा प्रदेश में 24वें, कन्नौज 31वें, कानपुर देहात व कानपुर नगर 42वें, फर्रुखाबाद 50वें एवं औरैया 62वें स्थान पर है। इसपर कहा कि मुख्य विकास अधिकारी समस्त योजनाओं के साथ विशेष रूप से फ्लैगशिप योजनाओं पर जनपद स्तर से विभागीय पोर्टल पर सूचना समय अपलोड कराएं जिससे रैंकिंग में सुधार आ सके। उन्होंने बकाया वसूली के भी सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर सुधीर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात लक्ष्मी एन, मुख्य विकास अधिकारी औरैया अनिल कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज एनडी द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी इटावा अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद अरविन्द कुमार मिश्रा रहे।

**हेल्थ अलर्ट** सर्दी का प्रकोप तेज, हैलट और उर्सला अस्पताल में पहुंचे सौ मरीज

# गले में संक्रमण, खांसी और जुखाम के बढ़ गए मरीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

अमृत विचार। सर्दी के मौसम में लोगों को गला चोक होने की समस्या हो रही है। गले में दर्द की वजह से लोगों को बोलने और खाना निगलने में दिक्कत हो रही है। गले की वजह से लोग कान में भी दर्द बता रहे हैं। इस वजह से हैलट और उर्सला अस्पताल की ओपीडी में काफी भीड़ हो रही है। इसकी मुख्य वजह सर्दी के मौसम में ठीक से कान, नाक व मुंह को न ढकना है।

सर्दी की वजह से हैलट और उर्सला अस्पताल की ओपीडी में भीड़ है। दोनों अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में मंगलवार को सौ से अधिक मरीज इलाज कराने को पहुंचे, जिनमें से अधिकांश मरीज सिर में अधिक दर्द, चक्कर आना, उल्टी, पेट में दर्द, दस्त, बुखार, खांसी-जुकाम, जोड़ों में दर्द आदि समस्या से ग्रस्त रहे। इसके साथ ही लोगों में गले का संक्रमण भी इस समय हावी हो गया है। संक्रमण की वजह से गले में खराश, दर्द, खाना या पानी निगलने में दिक्कत, कान में दिक्कत व खांसी की समस्या मरीजों को हो रही है। दोनों ही अस्पतालों में गले के संक्रमण से ग्रस्त करीब 40 मरीज पहुंचे।

### नाक, कान, गला, मुंह ढककर रखें

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ डॉ.हरेंद्र कुमार ने बताया कि सर्दी के मौसम में नाक, कान, गला व मुंह को ढककर रखना चाहिए। क्योंकि हवा में मौजूद दूषित कण मुंह व नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते हैं, जिस वजह से गले में संक्रमण होता है। सर्दी के मौसम में नाक, कान, मुंह व गले को अच्छी तरह से ढककर रखना चाहिए और गर्म कपड़े पहनने चाहिए। लापरवाही लोगों को भारी पड़ रही है। ऐसे में बचाव बेहद जरूरी है। उर्सला के सीएमएस डॉ.शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि अस्पताल में सर्दी, खांसी, जुकाम के साथ ही गले में संक्रमण के मरीज भी इलाज को ओपीडी में आ रहे हैं।

# चालक ने किया जानलेवा हमला

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में भाड़े पर दूसरा पिकअप बुक कर लेने पर आरोपी चालक ने पीड़ित पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

खपरा मोहाल निवासी हर्ष विश्वकर्मा के अनुसार 21 जनवरी को उनकी बहन की शादी थी। 22 जनवरी को दहेज का सामान भेजने के लिए हर्ष के पिता मुन्नू विश्वकर्मा ने लोको कॉलोनी निवासी पिकअप चालक दुर्गा प्रसाद को बुक किया। लेकिन काफी देर होने के बाद भी जब दुर्गा प्रसाद पिकअप लेकर नहीं आए तो पिता ने दूसरे पिकअप चालक को बुक कर लिया। इसके बाद आरोपी दुर्गा प्रसाद भी पिकअप लेकर आ गया। दूसरे पिकअप को बुक करने से नाराज होकर आरोपी ने मुन्नू से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उनसे मारपीट की।

# शरारती तत्वों ने खंडित की बाबा साहेब की प्रतिमा

## नरवल थाना क्षेत्र की घटना, ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश

संवाददाता,सरसौल

**अमृत विचार।** नरवल थाना क्षेत्र के दलपतपुर गांव में शरारती तत्वों ने सोमवार रात गांव के बाहर लगी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का एक हाथ खंडित कर दिया। मंगलवार सुबह इस बारे में जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस और प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों से बात कर नई प्रतिमा लगाए जाने की बात कही। तब जाकर लोग शांत हुए।

दलपतपुर गांव के बाद बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगी है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार रात शरारती तत्वों ने बाबा साहेब की प्रतिमा का एक हाथ खंडित कर दिया। सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया।

> फिलहाल अभी तक की जांच में यह शरारती तत्वों की करतूत दिखाई दे रही है। मौके पर एसओ और पुलिस टीम को भेजा गया है। ग्रामीणों से बात करने के बाद नई मूर्ति लगाने पर सहमति बनी है। बाकी पड़ताल की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> –मोहसिन एसीपी कलक्टरगंज

ग्रामीणों का कहना था कि अराजक तत्वों ने माहौल खराब करने के लिए इस तरह का कार्य किया है। नाराजगी जताते हुए पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों को शांत कराकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया। खंडित प्रतिमा के सवाल पर पुलिस ने उसी स्थान पर नई प्रतिमा लगवाने की बात कही। तब जाकर ग्रामीण शांत हुए।

ग्रामीणों का कहना था कि अगर जल्द मूर्ति न लगवाई गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इस पर पुलिस ने उन्हें आश्वासन दिया है कि एक-दो दिन के अंदर ही नई प्रतिमा लगवा दी जाएगी। जिन अराजकतत्वों ने इस तरह का कार्य किया है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

वहीं पुलिस ने आसपास के गांवों में जाकर पूछताछ की। साथ ही अपने मुखबिरों को भी प्रतिमा क्षतिग्रस्त कराने वालों का सुराग लगाने के लिए लगा दिया है। गांव में माहौल को देखते हुए वहां सिपाहियों को तैनात कर दिया गया है। पुलिस पूरे माहौल पर नजर रखे है।

# दुकानों के ताले तोड़ कर हजारों की चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** बेला मार्ग पर रौतापुर बंबा चौराहा स्थित दो दुकानों का ताला तोड़कर चोर हजारों की कीमत का माल चोरी कर ले गए। घटना की खबर पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की और लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

गौरी लक्खा गांव निवासी रतन सैनी की रौतापुर बंबा चौराहे पर पान-मसाला की गुमटी है। गुमटी के ठीक बगल में उनकी चाट की भी दुकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार रात चोरों ने ठंड और कोहरे का फायदा उठाकर दोनों दुकानों का ताला तोड़ दिया। दुकान के अंदर रखे दो सिलेंडर, पान-मसाला के पैकेट, कीमती सामान चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं चोरों ने समीप स्थित बसेन गांव निवासी महेंद्र पाल के मेडिकल स्टोर का ताला भी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की जानकारी दुकान मालिक रतन सैनी को मंगलवार सुबह हुई तो उन्होंने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची पुलिस को दुकानदार ने बताया कि चोर 15 हजार रुपये का माल ले गए है। थाना प्रभारी संजय पांडेय का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।



चोरों ने तोड़ दिया गुमटी का ताला। अमृत विचार

# बर्फीली हवाओं ने बढ़ाई गलन

- सूर्यदेव निकले, पर ठंड से कंपकंपाते रहे लोग
- खुद को गर्म रखने के लिए अलाव बना सहारा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** मौसम का मिजाज लगातार बिगड़ता चला जा रहा है। बर्फीली हवाओं के कारण गलन में इजाफा हुआ है। मंगलवार सुबह घना कोहरा रहा, जो दोपहर बाद छंटा। हालांकि उसके बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए, मगर बर्फीली हवाओं ने धूल निकलने के बाद भी लोगों को बेहाल किया। ठंड से बचने के लिए जगह-जगह लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। गलन के कारण पशु-पक्षी भी हलकान रहे। ठंड से बचने के लिए बेजुबान इधर-उधर दुबके नजर आए।

ठंड का असर कम नहीं हो रहा है। मंगलवार सुबह छाया घना कोहरा दोपहर 12 बजे के बाद छंटा। सूर्यदेव निकले, लेकिन धूप में तेजी न होने के कारण कोई विशेष राहत नहीं मिली। इस दौरान बर्फीली हवाओं से लोग कांपते दिखे। नौकरीपेशा लोग कार्यालयों में हीटर व अलाव का सहारा लेते पाए गए। वहीं दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के सामने अलाव के पास बैठे नजर आए। ठंड के कारण सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। लोग खांसी, जुकाम, पेट दर्द, उल्टी से परेशान हैं। वहीं ठंड के कारण रोज कमाने-खाने वाले दिहाड़ी मजदूरों के सामने समस्या बढ़ी है। सुबह से शाम कहीं काम न मिलने के कारण मजदूरों की हालत खराब हो गई है। चिकित्सकों ने लोगों से ठंड से बचाव की सलाह दी है। सीएचसी अधीक्षक डा. यशोवर्धन सिंह ने बताया कि इस समय सबसे ज्यादा देखभाल की जरूरत नौनिहालों व बुजुर्गों की है। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का इस्तेमाल, अलाव का सहारा लेने की बात कही है। साथ ही खानपान में सावधानी बरतने और गुनगुना पानी पीने को कहा है।



अलाव ताप कर सर्दी से बचाव करते लोग। अमृत विचार

# अनियंत्रित डंपर खाई में पलटा

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** पतारा क्षेत्र में बाइक सवार को बचाने के चक्कर में डंपर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन में फंसे चालक को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चालक को हैलट रेफर किया है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के तरगांव निवासी नरेश सिंह का 25 वर्षीय बेटा रामजी डंपर चालक है। मंगलवार शाम वह खाली डंपर लेकर घाटमपुर लौट रहा था। तभी रास्ते में पतारा कस्बा स्थित स्टेशन रोड के पास सामने से ओवरटेक करके आए बाइक सवार युवकों को बचाने में चालक ने नियंत्रण खो दिया और डंपर अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। हादसे में डंपर चालक केबिन में फंस गया। राहगीरों ने चालक को केबिन में फंसा देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी पाकर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने केबिन में फंसे डंपर चालक को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चालक की हालत गंभीर बताकर हैलट रेफर कर दिया। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।



घाटमपुर में सड़क किनारे पलटा डंपर। अमृत विचार

# हाईवे पर तीन वाहन भिड़े, दो सवारियां घायल

- घने कोहरे के कारण ट्रक डंपर व निजी बस टकराईं
- वाहन समेत चालक भागे, बस चालक भी हुआ फरार

संवाददता, बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र में मंगलवार रात हाईवे पर कोहरे के धुंध के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया। ट्रक, डंपर और बस में टक्कर से बस में सवार दो सवारियां घायल हो गईं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर किया गया है। मामूली चुटहिल सवारियां मौके से ही चली गईं।

कानपुर-सागर हाईवे पर औंधा गांव के पास मंगलवार रात घने कोहरे के कारण तीन वाहन आपस में भिड़ गए। हादसे में घायल बस सवार जहानाबाद निवासी उजेर (35) और कल्लन (62) के अनुसार पहले बस ने आगे चल रहे मौरंग लदे ट्रक में टक्कर मारी। जब तक वह लोग संभलते पीछे आ रहे डंपर ने बस में जबरदस्त टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बकेवर से निजी बस सवारियां लेकर नौबस्ता के लिए निकली थी। घायलों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। इस बीच ट्रक और डंपर के चालक वाहन समेत मौके से भाग निकले। वहीं निजी बस का चालक भी फरार हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर बताकर हैलट रेफर कर दिया। बिधनू थाना प्रभारी प्रेम चंद्र कनौजिया ने बताया कि दोनों घायलों को हैलट भेजा गया है। बस में सवार कई अन्य सवारियों को भी मामूली चोटें आई थीं। जो घटनास्थल से ही चली गई। मौके पर क्षतिग्रस्त बस मिली है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

हादसे की सूचना पर पहुंचे लोगों ने बताया कि मंगलवार शाम सात बजे से ही घना कोहरा था। शाम से ही वाहन चालक लाइट के साथ चारों इंडीकेटर जलाकर निकल रहे थे। हादसे के समय तो हाईवे पर यह आलम था कि पांच फिट की दूरी पर कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। हवा के कारण कोहरे का धुंध जब उड़ता तो दो फिट की दूरी पर कुछ भी देखना संभव नहीं था। लोगों ने कहा अनुमान है कि वाहनों की रफ्तार के कारण नहीं घने कोहरे के कारण हादसा हुआ है।





घायल उजेर व कल्लन।



हादसे में बस के परखच्चे उड़ गए। अमृत विचार

# झांकियां निकाल जमकर झूमे-नाचे

- जोश और उत्साह के साथ निकाली गई शोभायात्रा के पीछे चले लोग
- ग्रामीण क्षेत्र के धार्मिक स्थलों और गांवों में धूमधाम से मनाया गया राम महोत्सव

संवाददाता,घाटमपुर

**अमृत विचार।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों और गांवों में धूमधाम से राम महोत्सव मनाया गया। शोभायात्रा निकालकर श्रीराम के जयकरे लगे। डीजे और गाजे-बाजे के साथ निकली यात्रा का जगह-जगह स्वागत और प्रसाद वितरण किया गया। लोगों ने सीता-राम व लक्ष्मण के रूप में कलाकारों का अभिषेक किया।

रठिगांव में समाज सेवक अवधेश अवस्थी के नेतृत्व में राम झांकी निकाली गई। जो दुर्गा मंदिर होते हुए पूरे गांव में घूमी। झांकी के पीछे उत्साह के साथ ग्रामीण भी जयकारे लगाते चले। इस मौके पर गांव के मंगली यादव, धीरू अवस्थी, कल्लू अवस्थी, श्यामजी तिवारी, ग्राम प्रधान प्रमोद कोरी और महिलाएं व युवतियां मौजूद रहीं। उधर हतेही में ग्राम प्रधान रवि शंकर अग्निहोत्री ने झांकी निकालकर हनुमान गढ़ी स्थित श्रीराम दरबार में भंडारा कराया। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर अमरनाथ तिवारी, ओम शंकर तिवारी, रिंकू अवस्थी, डा. सुनील अवस्थी, लाल अवस्थी, पूर्व प्रधान गुलाब सिंह, नरेंद्र अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे। अगापुर स्थित काली मंदिर में कोटेदार सुशील सचान ने ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया व शोभायात्रा निकाली।



रठिगांव में निकाली गई शोभायात्रा में कई समाजसेवी शामिल हुए। अमृत विचार



बिल्हौर में श्रीराम-सीता की झांकी की लोगों ने उतारी आरती। अमृत विचार

## सर्राफा बाजार के युवाओं में दिखा जोश

**बिल्हौर।** श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर बिल्हौर कस्बा पूरी तरह राम के रंग में रंग गया। सार्वजनिक स्थानों के साथ घरों में लोगों ने लाइटों से सजावट की। बिल्हौर कस्बा के सर्राफा बाजार में दुकानदारों ने मिलकर भव्य राम दरबार बनाकर जीटी रोड पर लाइटों से सजावट की। सर्राफा बाजार के शिवम गुप्ता, हर्ष गुप्ता, कुणाल वर्मा, जय गुप्ता, वैभव गुप्ता, हर्ष सक्सेना, श्याम सक्सेना, राहुल सक्सेना, मोहित सक्सेना, समृद्धि गुप्ता, मनमोहन वर्मा, आयुष गुप्ता सहित अन्य युवाओं ने मिलकर कस्बे को राम मय कर दिया। बिल्हौर नगर पालिका चौराहे पर पालिका की ओर से प्रमुख स्थानों को सजाया गया।

उत्साह | ककवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाली यात्रा

# राम यात्रा में उमड़ी रामभक्तों की भीड़

संवाददाता,ककवन

**अमृत विचार।** कस्बे में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से मंगलवार को राम यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में राम भक्तों की भीड़ रही। यात्रा में श्रीराम दरबार की झांकी का जगह-जगह लोगों ने पूजन कर स्वागत किया और श्रीराम के जयकारे लगाए। भगवा झंडा लिए बच्चे भी उत्साहित नजर आए।

ककवन के प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर से निकली राम यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कस्बा भ्रमण के दौरान राम गीतों से माहौल राममय में हो गया। यात्रा में श्रीराम दरबार की झांकी का लोगों ने पूजन कर स्वागत किया। छोटे-छोटे बच्चे इस ठंड में भगवा झंडा लिए यात्रा का स्वागत करते नजर आए। लोग निचली गंगा नहर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर तक यात्रा के साथ पहुंचे। इस मौके पर संघ के जिला कार्यवाह राकेश, जिला शारीरिक प्रमुख रोहित सिंह, व्यवस्था प्रमुख रमाशंकर, खंड कार्यवाह दिलीप, खंड व्यवस्था प्रमुख वीर बहादुर सिंह, पर्यावरण प्रमुख फतेह बहादुर, संपर्क प्रमुख राम लखन, यात्रा संचालन प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, अतीश सिंह, पिंकू मिश्रा, पप्पू सक्सेना, संजय सिंह, शैलेंद्र कुशवाह, हरशु दुबे, विभाग संचालक नरेश, खंड संचालक मुन्ना सिंह, भोला सिंह आदि रहे।



रामयात्रा में लोगों ने जय श्री राम का उद्घोष किया। अमृत विचार

## 118 को मिली मनपसंद नौकरी

**सरसौल।** सरसौल क्षेत्र स्थित एक निजि शैक्षणिक संस्थान में मंगलवार को सेवायोजन विभाग, कौशल विकास और आईटीआई की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में देश और प्रदेश की 17 कंपनियों ने शिरकत की। जिसमें 343 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। उनमें से 118 को मनपसंद रोजगार मिला। रोजगार मेले में 18 से 45 आयु वर्ग के युवक व युवतियों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। चयनित हुए अभ्यर्थियों को 10 हजार से लेकर एक लाख तीस हजार रुपये मासिक पेकेज मेले में आईं कंपनियों की ओर से दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने दीप जलाकर रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से शिवराम सिंह, संजय विश्वकर्मा आदि रहे।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0ख0 तालग्राम–कन्नौज।**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिलाधिकारी जनपद कन्नौज के आदेश पत्रांक एस0एस0ए0 3870–78/2023–24/ दिनांक–21.10.2023 द्वारा वि0ख0 तालग्राम में संचालित विद्यालयों में जर्जर कुल 19 विद्यालयों की नीलामी अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा जनपद कन्नौज एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तालग्राम की समिति द्वारा स्थान कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0ख0 तालग्राम (सराय प्रयाग) में दिनांक 16.11.2023 को नीलामी की गयी थी। जिसमें से अवशेष 5 विद्यालय निम्नवत है। 1. कम्पोजिट विद्यालय मझपुर्वा 2. उच्च प्राथमिक विद्यालय नेपालपुर 3. उच्च प्राथमिक विद्यालय खबरामऊ 4. प्राथमिक विद्यालय तालग्राम 5. प्राथमिक विद्यालय अयूबपुर की नीलामी पुनः 29.01.2024 को खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0ख0 तालग्राम (सराय प्रयाग) में की जायेगी। नीलामी सम्बंधित अधिकतम जानकारी निविदा दाता/ ठेकेदार ब्लाक संसाधन केन्द्र सराय प्रयाग से नीलामी दिनांक 29.01.2024 तक प्राप्त कर सकते है।

(रमेश चन्द्र चौधरी)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि0ख0 तालग्राम–कन्नौज।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज**

पत्रांक– 1361/न0पा0प0छि0/ई–टेण्डर/निर्माण/2023–24 दिनांक– 23 जनवरी 2024

**(ई–निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान की द्वितीय किस्त से विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड तथा पालिका की वेबसाइड www.nppchhibramau.in पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्रसं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 24.01.2024, 05:00 PM से | 40 लाख से कम आगणन की धनराशि वाले कार्यो की अन्तिम दिनांक 13.02.2024, 4:00 PM तक तथा 40 लाख से अधिक के कार्य की अन्तिम दिनांक 22.02.2024 4:00 PM तक होगी। |
| 2 | Tender Download | 24.01.2024, 05:00 PM से | |
| 3 | Bid Submission | 24.01.2024, 05:00 PM से | |
| 4 | Close for Bid | – | |
| 5 | Technical Bid Opening | 40 लाख से कम आगणन की धनराशि वाले कार्यो की खोलने की दिनांक 13.02.2024, 4:30 PM तक तथा 40 लाख से अधिक के कार्य की अन्तिम दिनांक–22.02.2024 4:30 PM तक होगी। | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

अधिशासी अधिकारी
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद– कन्नौज।

अध्यक्ष
न.पा.प. छिबरामऊ
जनपद–कन्नौज।

# रेडीमेड व साइकिल दुकान में आग से लाखों का नुकसान

## साइकिल की दुकान में शार्टसर्किट से आग लगने का अनुमान

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** मौरावां थानांतर्गत बीती रात साइकिल दुकान में शार्टसर्किट के बाद निकली चिंगारी से आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। वहीं माखी थानाक्षेत्र में प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में दुकान में रखे दीपक से लाखों का माल जलकर खाक हो गया।

**मौरावां थानाक्षेत्र** रामपुर गांव निवासी राजकुमार रावत की संदाना में साइकिल की दुकान है।

**केस 01**

सोमवार देररात शार्टसर्किट से उठी चिंगारी से दुकान में आग लग गई। इसमें दुकान में रखे टायर-ट्यूब व कंप्रेसर मशीन सहित अन्य सामान धू-धूकर जलने लगा। लोगों की सूचना पर मौरावां पुलिस ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी के अनुसार अंदर रखा करीब 50 हजार का सामान जलकर राख हो गया। मौरावां एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि सूचना पर फायर ब्रिगेड को भेजा गया था। पुरवा फायर स्टेशन प्रभारी राममिलन भारती ने बताया कि मौरावां पुलिस की सूचना पर दमकल की गाड़ी को भेज कर आग पर काबू पाया गया।

**माखी थानाक्षेत्र** के भदनी गांव निवासी हरिकिशन पुत्र हरिकरन की गांव के बाहर हरदोई-उन्नाव मार्ग पर रेडीमेड गारमेंट की दुकान है।

**केस 02**

उसने बताया कि सोमवार शाम रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दुकान में दीपक जलाया था। इसके बाद वह रात में दुकान बंद कर घर चला गया। दीपक की लौ से दुकान के अंदर आग लग गई। दुकान में रखे रेडीमेड कपड़े सहित करीब एक लाख का सामान जल गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति विजय कुमार ने लेखपाल को पूरी घटना की जानकारी दी है।


आग बुझाते दमकल कर्मी।

# बार चुनावः नामांकन पत्रों की जांच में सभी पर्चे वैध

- 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशी चुनाव मैदान में, 30 को होगी वोटिंग
- सभी उम्मीदवारों ने प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के 11 पदों के लिए 30 जनवरी को मतदान होना है। चुनाव अधिकारियों ने नामांकन पत्रों की जांच के बाद वैध प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया। इस बार 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशी मैदान में हैं। एल्डर कमेटी ने जांच में सभी नामांकन पत्रों को वैध पाया है।

बार एसोसिएशन के चुनाव का मतदान 30 जनवरी को होना है। इसके लिए प्रत्याशियों द्वारा चुनाव प्रचार तेजी से चल रहा है। जनसंपर्क के साथ ही सोशल मीडिया भी प्रचार का मुख्य साधन बना है। इस बार चुनाव में प्रचार सामग्री, हैंडबिल, पोस्टर, बैनर से प्रचार पर रोक है। एल्डर कमेटी ने सख्त चेतावनी दी है कि जो भी प्रत्याशी चुनाव नियमों का उल्लंघन करता मिलेगा उसका नामांकन निरस्त कर दिया जाएगा। इस नियम का पालन चुनाव लड़ने वाले सभी उम्मीदवार पूरी तरह से कर रहे हैं।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पांच-पांच, उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष पद के लिए चार-चार, वरिष्ठ सदस्य के लिए छह, महामंत्री पद पर नौ, संयुक्त मंत्री प्रशासन के लिए पांच उम्मीदवारों सहित 63 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### आलोक को भी मिली चुनाव लड़ने की अनुमति

**उन्नाव।** कनिष्क उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी आलोक वर्मा के नामांकन को उनके प्रस्तावक रमेश चंद्र वर्मा के कानपुर में प्रैक्टिस करने पर सवाल उठाते हुए रद करने की जानकारी दी गई थी। आलोक के अनुसार उनके प्रस्तावक पिछले चुनाव में कनिष्ठ सदस्य सूरज वाजपेई के भी प्रस्तावक थे, लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। बताया कि रमेश चंद्र वर्मा का नाम मतदाता सूची में भी शामिल है। एल्डर कमेटी के सदस्यों ने विचार विमर्श किया और बाद में प्रत्याशी आलोक वर्मा को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी।

# श्रीराम महोत्सव में भजनों पर झूमे


झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार


सुंदरकांड पाठ में मौजूद महिला व पुरुष भक्त। अमृत विचार

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा औरास में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार रात क्षेत्र स्थित एक गेस्ट हाउस में श्रीराम महोत्सव व श्रीश्याम भजन संध्या का आयोजन हुआ। भगवती जागरण परिवार रहीमाबाद लखनऊ के गायकों ने भजनों से शमां बांध दिया।

भजन संध्या की शुरुआत नैमिषारण्य के वेदव्यास के भजन मेरे लाडले गणेश प्यारे प्यारे से हुई। उन्नाव शहर निवासी अमन बृजवासी ने कृपा कर दो कृपा सिंधु ये सेवक द्वार आया है भजन गाकर खूब तालियां बटोरी। गायक आयुष पंडित ने भक्ति कर ले मुसीबत में ये काम आएगा, कोई आए न आए बाबा श्याम आएगा भजन गाकर वाहवाही लूटी। वहीं पंडित श्याम मोहन अनुराग ने भी कई भजन गाकर भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान कलाकारों ने राम दरबार, राधा कृष्ण का रास, शिव तांडव, हनुमानजी आदि की झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। बृजेंद्र प्रताप सिंह, मधुर सिंह, सुधीर सोनी, पवन शर्मा, इन्द्रसेन राठौर आदि मौजूद रहे।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद भी अनवरत जारी हैं धार्मिक अनुष्ठान

**सफीपुर उन्नाव।** भगवान श्रीराम के अयोध्या स्थित मंदिर में विराजमान होने के दूसरे दिन भी रामभक्ति में लीन भक्तों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ कराकर लोक कल्याण हेतु हवन पूजन कर प्रसाद वितरण हुआ।कस्बा स्थित गंधा नाला की पुलिया के पास विराजमान संकट मोचन हनुमान मंदिर में व्यवस्थापक हरि प्रकाश 'इन्नू' द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में हुई श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन मंगलवार को भी आचार्य महावीर प्रसाद शुक्ल द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कर संगीतमय सुंदरकांड पाठ कराया गया। इसके बाद लोक कल्याण के लिए हवन पूजन कराकर प्रसाद वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुष भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रामजी शुक्ला, अनुराग तिवारी, अनुज गौड़, रामस्वरूप पुजारी, अमन लोधी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# उच्च न्यायालय से शूटर शानू को मिली जमानत

**शुभममणि हत्याकांड**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर निवासी पत्रकार शुभममणि हत्याकांड के शूटर के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुये प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति ने शूटर को जमानत दे दी हैं। वहीं हत्याकांड के मुख्य आरोपी जेल में बंद हैं। इसके साथ ही एक नामजद आरोपी को पुलिस साढ़े तीन साल बीतने के बाद भी अभी तक नहीं पकड़ सकी है।

19 जून 2020 को ब्रह्मनगर निवासी पत्रकार शुभममणि की उन्नाव से वापस आने के दौरान सहजनी के पास दिन दहाड़े बदमाशों ने गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ऋषभमणि ने मुख्य आरोपी दिव्या अवस्थी, कन्हैया अवस्थी, राघवेन्द्र अवस्थी समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुख्य आरोपियों को जेल भी भेज चुकी हैं। विवेचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के नाम बढ़ाये और 17 के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिसमें भाड़े के शूटर टीपू सुल्तान, रिजवान काना, सूफियान, मो. शानू उर्फ गांधी द्वारा सुपारी देकर हत्या किये जाने की बात प्रकाश में आई थी। इधर मोहम्मद शानू उर्फ गांधी की जमानत के लिये उसके अधिवक्ता नीरज सिंह ने उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुये प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति कमलेश सिंह पवार ने मोहम्मद शानू उर्फ गांधी की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुये जमानत पर रिहा किये जाने के आदेश जारी किया है।

# रैली निकालकर लोगों को मतदान के लिये किया जागरूक

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** नगर पंचायत द्वारा चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया गया।

रैली हरदोई-उन्नाव मार्ग व मुख्य चौराहा व दरगाह शरीफ रोड होते हुए कार्यालय में समाप्त हुई। रैली भ्रमण के दौरान लोगों को नारों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया। रैली में शामिल नागरिक 'बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता' व 'डालें वोट बूथ पर जाएं, लोकतंत्र का पर्व मनाए' आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली का नेतृत्व चेयरमैन पति हाजी सलीम कुरैशी ने किया। रैली में प्राथमिक पाठशाला व कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के तमाम छात्र-छात्राएं व शिक्षक शामिल रहे।

# कंटेनर फंस जाने की वजह से बैराज मार्ग पर लगा जाम, राहगीर हुए परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग का मार्ग क्षतिग्रस्त और संकरा होने के कारण आये दिन जाम की स्थिति बन रही है। मंगलवार दोपहर संकरे रास्ते में कंटेनर फंस गया। जिससे भीषण जाम लग गया। जाम में तमाम वीआईपी भी फंसे रहे। किसी तरह गेटमैन ने कंटेनर को बाहर निकलवाया। जिसके बाद जाम हट सका।

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे क्रासिंग बंद रही। इस दौरान एक ओर मरहला चौराहा और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लग गया। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे आड़े तिरछे वाहन फंसा दिये। इसी बीच कानपुर से उन्नाव की ओर जा रहा एक कंटेनर भी संकरे रास्ते में फंस गया। जिससे एक ओर का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

जिससे भीषण जाम लग गया। जाम को देख गेटमैन मौके पर पहुंचा और आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद कंटेनर को बाहर निकलवाया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में कानपुर, उन्नाव और लखनऊ के तमाम वीआईपी भी फंसे रहे। वहीं शाम से लेकर रात तक भी वाहन रेंगते हुये निकले।


बैराज मार्ग पर जाम में फंसा कंटेनर। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पूर्व चेयरमैन ने गरीबों को बांटे कम्बल, पिलाई चाय

**बांगरमऊ उन्नाव।** हाड़कपाऊ ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका बांगरमऊ के पूर्व चेयरमैन व प्रमुख समाजसेवी इजहार खां 'गुड्डू' ने असहायों व कमजोरों को बीती रात लखनऊ रोड चौराहे पर कम्बल वितरित किये और चाय भी बांटी। भीषण ठंड व शीतलहर से नागरिक जहां दिन में भी अलाव का सहारा लेते नजर आ रहे हैं। वहीं शाम होते ही शीतलहर व हाड़कपाऊ ठंड से बड़े क्या बच्चे भी घरों में दुबकने को मजबूर हैं। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में पूर्व चेयरमैन इजहार खां बीते कई दिनों से ठंड से बचाव के लिए गरीबों व जरूरतमंदों के बीच जाकर कम्बल वितरण कर रहे हैं। बीती रात लखनऊ रोड चौराहे पर उन्होंने कंबल वितरण के साथ चाय भी बांटी। इस मौके पर मो. सईद उर्फ बब्लू, महताब आलम अंसारी, मुनारे प्रधान, बउआ, रिफाकत अली सहित काफी संख्या में लोग उनके साथ मौजूद रहे।।

### संस्कृति फाउंडेशन ने 1100 दीप जलाकर मनाया दीपोत्सव

**शुक्लागंज उन्नाव।** श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को देखते हुये सोमवार रात संस्कृति फाउंडेशन की ओर से मगरवारा स्थित उज्लेश्वर बाबा शिव मंदिर में 1100 दीप जलाये गये। जहां संस्था के संरक्षक मयंक शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में बाल रूपी प्रभु श्री राम जानकी की आरती करते हुए दीपोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राहुल त्रिवेदी के पुत्र कार्तिकेय त्रिवेदी प्रभु श्री राम के बाल रूप में सभी को आकर्षित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। संस्था के ऋषि मिश्रा ने बताया श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामोत्सव कार्यक्रम के आयोजित हुआ है। इसके साथ ही दीपावली का पर्व भी मनाया गया है। वहीं बच्चों की झांकियां देख वहां मौजूद लोगों ने तालियां बजाई। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राज किशोर रावत मौजूद रहे।

### पीएम स्वनिधि योजना का लाभ लेकर फिर खड़ा किया व्यापार

**फतेहपुर चौरासी।** कोरोना काल में लोगों को आर्थिक मंदी से जूझना पड़ रहा था। लोगों का कारोबार सही से न चलने के कारण परिवार का गुजारा करना मुश्किल हो गया था। तब लोगों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेकर काफी राहत मिली। वहीं अब वह लोग आसानी से अपने परिवार का पेट पाल रहे हैं। नगर पंचायत के मोहल्ला फिरोज नगर निवासी रमेश ने बताया कि वह मां शीतला चौराहे के पास फल का ठेला लगाकर परिवार पालता था। कोरोना काल के बाद गुजारा काफी कठिन हो गया था। नगर पंचायत के माध्यम से उसे पता चला था कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आत्मनिर्भर निधि के तहत 10 हजार रुपये का ऋण मिल रहा है। उसने नगर पंचायत कार्यालय में पंजीकरण करवाया। अगस्त-2021 में उसे 10 हजार रुपये का ऋण मिला। उससे उसने अपने रोजगार में वृद्धि की। इसके बाद उसने वह राशि जमा कर दी। इसके बाद उसे 20 हजार रुपये मिले। फिर उसने अपना व्यापार और बढ़ाया। 20 हजार जमा कर उसने 50 हजार रुपये लिए। अब उसका व्यापार काफी अच्छा चल रहा है उसका परिवार आराम से पल रहा है। चेयरमैन मिथलेश कुमार ने बताया कि सरकारी योजनाओं को हर पात्र तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

### किसान मेला व प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**पाटन उन्नाव।** कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय किसान मेला व प्रदर्शनी का आयोजन कर किसानों को उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने के सुझाव दिए गए। मंगलवार को कृषि सूचना तंत्र सुदृढ़ीकरण व कृषक जागरुकता के तहत किसान मेला व प्रदर्शनी का आयोजन विकासखंड सुमेरपुर के राजकीय कृषि बीज भंडार के पाटन परिसर में किया गया। इसमें किसानों को रबी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने व फसल में लगने वाले रोगों की जानकारी दी गयी। प्रभारी सहायक अजय कुमार ने फसलों में उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने के लिए किसानों को जानकारी दी। प्रभारी सहायक विजय बहादुर ने किसानों को गेहूं सरसों, चना, मटर व मसूर सहित अन्य फसलों में आने वाली समस्याओं के निदान के बारे में जानकारी दी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर निवासी एक युवक मंगलवार दोपहर बाइक से नेहरु आग स्थित एक तिरपाल फैक्ट्री मे काम करने जा रहा था, तभी फोरलेन पर विपरीत दिशा से आ रहे माल लदे ई रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसका दाहिना पैर कट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां हालत गंभीर होने पर उसे हैलट रेफर कर दिया गया।

कानपुर नौबस्ता गोपाल नगर निवासी अनिल खत्री (25) नेहरु बाग स्थित एक तिरपाल फैक्ट्री में कर्मी है। मंगलवार दोपहर वह बाइक से फैक्ट्री जा रहा था, तभी सरैयां सब स्टेशन के पास सामने से माल लादकर आ रहे ई रिक्शा चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनिल का दाहिना पैर कटकर लटक गया।


एंबुलेंस में घायल अनिल को ले जाते वक्त रोती रही बहन। अमृत विचार

# एसडीएम ने देखी गौशाला, कमियां मिलने पर फटकारा

**पुरवा।** कस्बा स्थित कान्हा गौशाला में एसडीएम रनवीर सिंह ने निरीक्षण किया। एसडीएम को गौशाला में साफ-सफाई नहीं मिली। साथ ही मवेशियों को ठंड से बचाव के लिए सिर्फ एक अलाव जलता मिला। जिस पर एसडीएम ने नाराजगी जताते हुए ईओ संदीप कुमार को गौशाला की साफ-सफाई कराने व कई अलाव जलवाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम को बताया गया कि वर्तमान में गौशाला में कुल 235 मवेशी बंद हैं।

# खनन निरीक्षक ने जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र की नवाबगंज चौकी से कुछ दूरी पर निर्माणाधीन होटल में अवैध खनन कर लाई जा रही मिट्टी से भरान का कार्य हो रहा है। इसे लेकर हुई शिकायत खनन निरीक्षक ने मौके पर पहुंच कर जांच की जिसकी रिपोर्ट अब डीएम को भेजी है।

बीते कई दिनों से कस्बा नवाबगंज में एक होटल निर्माण के लिए खनन कर डंपरों से मिट्टी लाई जा रही थी। इसकी शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की तो बिना अनुमति करीब 70 डंपर मिट्टी व मलबा डाले जाने की बात सामने आई। जिसकी रिपोर्ट एसडीएम को भेजी गई। इसके बाद खनन विभाग की नींद टूटी और खनन निरीक्षक सतेंद्र सिंह व लेखपाल ने मौके पर जांच की। खनन अधिकारी अनंत कुमार ने बताया की खनन निरीक्षक को भेजा गया था। होटल संचालक को नोटिस दी है की वे बताएं कि मिट्टी कहां से आई है। लेखपाल ने बताया कि 70 डंपर अवैध रूप से मिट्टी भरान की रिपोर्ट डीएम को भेजी गई ।

**याद किया** नेताजी की जयंती पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने श्रृद्धांजलि अर्पित कर मिष्ठान वितरण कराया

# युवाओं के लिए प्रेरणा पुरुष थे नेताजी सुभाष चंद्र बोस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सुभाष युवा लीग के तत्वावधान में नगर पालिका मार्केट में नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करने पर जोर दिया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि नेताजी उच्च शिक्षित होने के बावजूद भारत माता को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराने को प्राथमिकता दी। वह अंग्रेज शासकों को उन्हीं की भाषा में गोलियों का जवाब गोलियों से देकर देश को स्वतंत्र कराना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज गठित कर विश्व युद्ध के दौरान फिरंगियों के दांत खट्टे किए। विधायक ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानियों की बदौलत ही देश आजाद हुआ है। अब वर्तमान व भावी पीढ़ी को पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। संयोजक न्यायशील तरुण ने सबका आभार जताया और श्रद्धांजलि देने वालों का मुंह भी मीठा कराया। इस दौरान महेंद्र सिंह कुशवाहा, नवीन कुमार, रवी जायसवाल, ऋषि जायसवाल, आशीष त्रिपाठी अक्षय, राधा मिश्रा, गुड्डू तनेजा, विवेक शील आदि मौजूद रहे।

इसके अलावा शहर स्थित डीएसएन कालेज में प्राचार्य प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में सादगी के साथ सुभाष जयंती मनाते हुए नेताजी का स्मरण किया गया। डा. मानवेंद्र सिंह, सुनील वर्मा, मनीष त्रिपाठी, विपिन सिंह, डा. रचना त्रिपाठी आदि ने भी नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

उधर नेहरु युवा केंद्र की ओर से बीघापुर ब्लाक क्षेत्र के टेढ़ा नेहरु युवा मंडल की ओर से परंपरागत ढंग से सुभाष जयंती मनाई गई। सभी पदाधिकारियों सहित सदस्यों ने सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि भी अर्पित की। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र ने कहा कि 'तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा' का ऐलान करते हुए उन्होंने भारतीय युवाओं में जान फूंक दी थी। तमाम युवाओं ने आजाद हिंद फौज में शामिल होकर भारत की आजादी के लिए लड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने 'जय हिंद-जय भारत' और 'दिल्ली चलो' जैसे नारों के माध्यम से भी युवाओं को जागृत व एकजुट किया। इस दौरान सर्वेश कुमार, सज्जन लाल, वीरेंद्र, अनिल, प्रीती शर्मा आदि एनवाईके स्वयं सेवक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

# कांग्रेसियों ने मनाई नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती


नेता जी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार को पोनी रोड में नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से मां भारती के वीर सपूत और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। जहां कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव पुत्तीलाल वर्मा ने कहा नेताजी ने आजाद हिंद फौज बना कर अंग्रेजों को भारत से भगाने का काम किया। महासचिव जयपाल साहू ने कहा कि नेता जी ने एक नारा दिया तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। नगर महामंत्री रवि शंकर गुप्ता रवि शंकर गुप्ता, संजय सिंह, सुधीर वर्मा, रमेश गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, सुनील वर्मा, रामसनेही गुप्ता आदि रहे।

# प्रतियोगिताएं 24-25 और क्रास कंट्री रेस 26 जनवरी को

- अधिकतम 18 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी ही शामिल होंगे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** विकसित भारत संकल्प यात्रा व उप्र महोत्सव के अंतर्गत 24 से 26 तक जिला खेल कार्यालय की ओर से बालक-बालिकाओं की अलग-अलग खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। यह जानकारी देते हुए उप जिला क्रीड़ाधिकारी ने प्रतिभागी प्रतिस्पर्धियों से समय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि हमेशा की तरह उत्तर प्रदेश दिवस पर 24 से 26 जनवरी को होने वाली बालक वर्ग की प्रतियोगिता में विद्यालयों सहित निजी टीमों को निःशुल्क प्रतिभाग करने का मौका दिया जाएगा। इसमें अधिकतम 18 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी ही शामिल हो सकेंगे। शासन के निर्देश पर विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उपजिला क्रीड़ाधिकारी कल्पना कमल ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 24 जनवरी को बालिका वर्ग की खो-खो व बालक वर्ग की वालीबाल प्रतियोगिता, 25 जनवरी को बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता व इसी दिन बालक वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता होगी। अगले दिन गणतंत्र दिवस पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के तहत क्रास कंट्री रेस होगी। जिसका शुभारंभ पुलिस लाइन गेट-1 से अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा। इस पांच किमी लंबी दौड़ का समापन पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से 24 व 25 जनवरी को 10 बजे स्टेडियम पहुंचने की अपील की। जबकि ठंड के मद्देनजर एथलीट 26 जनवरी को पुलिस लाइन पहुंचकर पंजीयन कराते हुए दौड़ में शामिल हो सकेंगे।

# छाया रहा कोहरा, बर्फीली हवाओं ने ठिठुराया

## घने कोहरे की वजह से ट्रेनों की रफ्तार में भी ब्रेक लग गया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण दिनों दिन पारा लुढ़कता जा रहा है। इधर कई दिनों से बर्फीली हवाओं ने हर किसी को झकझोर दिया था। मंगलवार को सुबह के समय आसमान में कोहरा छाया रहा। कोहरा बारिश की तरह बरस रहा था। दोपहर में धूप निकलने पर लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन शाम होते ही फिर मौसम बदलने से लोग कंपकंपाते हुये आते जाते रहे।

सोमवार रात से ही कोहरा छाने लगा था। वहीं रामोत्सव को लेकर जगह-जगह हुई आतिशबाजी के कारण रात के समय ही प्रदूषण देखने को मिला। इसके साथ ही सुबह के समय अधिक कोहरा छाया रहा। जिसके कारण यातायात भी खासा प्रभावित रहा और ट्रेनों की रफ्तार में भी ब्रेक लग गया। शीत लहर के कारण बढ़ी गलन ने भी लोगों को खासा परेशान किया। खास तौर पर सड़क किनारे दुकान लगाने वालों को, जो लोग आग से बचने के लिए जो भी मिला उसे जलाने से नहीं चूके। वहीं पालिका की ओर से चिन्हित स्थानों के अलावा अब वार्डों में भी लकड़ी डलवाकर अलाव जलवाने की व्यवस्था कराई गई है। जिससे वार्डों में रहने वाले लोगों को राहत मिलेगी। वहीं ठंड के चलते अन्ना जानवर भी बेहाल हैं। भीषण सर्दी के कारण मुख्य बाजारों, मार्गों के अलावा गलियों में भी सन्नाटा देखने को मिला। वहीं दोपहर को धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिसके बाद शाम को फिर बर्फीली हवाएं चलने लगी।


सुबह के समय फोरलेन पर लाइट जलाकर निकलते वाहन सवार। अमृत विचार

### कोहरे के कारण पैसेंजर और मेमो ट्रेनें हुई लेट

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार को भीषण कोहरे के चलते मेमो और पैसेंजर ट्रेनें अपने समय से घंटों विलंबित रही। जिससे पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। कानपुर से लखनऊ जाने के लिये तमाम यात्री गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। जहां वे दोपहर 12:20 बजे आने वाली मेमो का इंतजार करते रहे। तीन घंटे बाद भी ट्रेन नहीं पहुंची। जिस पर यात्री मजबूरन सड़क से जाने को मजबूर हुये। वहीं स्टेशन मास्टर शकील अहमद ने बताया कि साढ़े ग्यारह बजे वाली शताब्दी तीन बजे तक स्टेशन पर नहीं पहुंची। इसी तरह अन्य एक्सप्रेस ट्रेनें भी पांच से आठ घंटे विलंबित चल रही हैं।

## कोहरे के चलते नहीं दिखी पटना कोटा, चार यात्री चपेट में आते बचे

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह कोहरे की धुंध इस कदर छाई थी कि पास में खड़ा व्यक्ति तक नहीं दिख रहा था। सुबह के समय पैसेंजर ट्रेन से उतरकर यात्री ट्रैक से होते हुये जा रहे थे, तभी पटना कोटा सुपरफास्ट हो गई। ट्रेन की आवाज सुन यात्री सहम गये और किसी तरह ट्रैक से भागकर अपनी जान बचाई।

मंगलवार सुबह 08:35 बजे अप लाइन पर रायबरेली पैसेंजर गंगाघाट स्टेशन पर रूकी। इसी बीच ट्रेन से यात्री उतरे और डाउन लाइन के ट्रैक से होते हुये गंगाघाट रेलवे क्रासिंग की ओर जाने लगे। सुबह के समय अधिक कोहरा होने के कारण पास खड़े लोग तक नहीं दिख रहे थे। इसी बीच 08:40 बजे कानपुर से लखनऊ की ओर जा रहा तेज रफ्तार सुपरफास्ट पटना कोटा तेज गति से आ गई। ट्रेन कोहरे के कारण चार यात्रियों को "दिखाई नहीं पड़ी। जिस पर वह अपनी धुन में ट्रैक से होते हुये आगे बढ़ते जा रहे थे, तभी क्रासिंग पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिसके बाद चारों यात्रियों ने भाग कर अपनी जाम बचाई। नहीं तो कोहरे के चलते बड़ी घटना हो सकती थी। वहीं ट्रेन के जाने के बाद चारों यात्री सहम गये और कुछ देर तक क्रासिंग पर खड़े रहे।


गंगाघाट क्रासिंग से निकलती पटना कोटा व पटरी पर खड़े यात्री। अमृत विचार

# पीएम करेंगे नव मतदाताओं से संवाद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भाजपा द्वारा 25 जनवरी राष्ट्रीय युवा मतदाता दिवस पर वृहद स्तर पर नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले दो-दो युवा सम्मेलनों में न सिर्फ नव मतदाताओं को मताधिकार की उपयोगिता बताई जाएगी, बल्कि उन्हें नमो ऐप के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी से जोड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर खूद भी युवाओं से वर्चुअली संवाद करेंगे।

यह जानकारी भाजयुमो के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रशांत सेठ ने जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने दावा किया कि बीते 10 वर्षों में धरातल पर दिख रहे विकास कार्यों खासकर शिक्षा, स्वरोजगार व खेल सहित अन्य क्षेत्रों में संसाधनों की उपलब्धता के मद्देनजर अन्य वर्गों की तरह युवा पीएम के प्रति आकर्षित हैं। इसलिए उत्सुकता पूर्वक वह पीएम से जुड़ना चाहते हैं। पढ़ा-लिखा नौजवान देश की बागडोर सही हाथों में होने को लेकर निश्चिंत भी है। सम्मेलनों की सफलता के लिए प्रवासी के तौर जिम्मेदारी संभाल रहे क्षेत्रीय भाजयुमो नेता ने बताया कि 25 जनवरी को पीएम युवा मतदाताओं के साथ वर्चुअल संवाद करेंगे। जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर 12 संमेलन होंगे। प्रत्येक संमेलन में 18 से 25 वर्ष के कम से कम 1000 युवाओं की सहभागिता लक्ष्य है।

इसके लिए नेतृत्व के निर्देश पर जिला भाजयुमो जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता के नेतृत्व में एक जनवरी से संपर्क अभियान शुरू कर चुका है। विभिन्न संगठनों का सहयोग भी लिया जा रहा है। वहीं, युवा मतदाता भारत का भाग्यविधाता-मतदान का महत्व विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवाओं को सहभागी बनाया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला, भाजयुमो महामंत्री उदय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष धीरज सोनी व जिला मंत्री अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।


पत्रकार वार्ता करते भाजयुमो के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष प्रशांत सेठ व जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता।

### यहां होंगे नवमतदाता सम्मेलन

भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने बताया कि बांगरमऊ विधानसभा के सम्मेलन अशोक पीजी कालेज, गंजमुरादाबाद व निरंजन सिंह महाविद्यालय उगू में होंगे। सफीपुर विधानसभा के सम्मेलन ब्लाक परिसर सफीपुर व कंचन देवी अखिलेश मिश्रा महाविद्यालय रसूलाबाद में होंगे। मोहान क्षेत्र के सम्मेलन आईपीएसआर सोहरामऊ व कुंवर महेश सिंह जगरूप सिंह महाविद्यालय अजगैन में होंगे। सदर विधानसभा के सम्मेलन लवकुश विधि महाविद्यालय परियर व चंद्र शेखर महाविद्यालय दोस्तीनगर में होंगे। वहीं भगवंतनगर विधानसभा के सम्मेलन अमर शहीद राजा राव रामबक्श सिंह महाविद्यालय गौरा बिहार व पं. रामदुलारे मिश्र महाविद्यालय बेथर में होने हैं। इसी तरह पुरवा क्षेत्र के सम्मेलन सूर्य प्रताप सिंह महाविद्यालय व संस्कार डिग्री कालेज में होंगे।

# बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मंगलवार को आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ के बाद सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

बांगरमऊ तहसील सभागार में मंगलवार को उन्नाव बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामसुमेर सिंह ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रतीक कटियार, सहायक उपाध्यक्ष सर्वोत्तम अवस्थी व सुधीर प्रजापति, महामंत्री राजमणि हंस, संयुक्त मंत्री ब्रजेश कुमारी, संयुक्त मंत्री संजय कुमार व हरिओम दीक्षित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कमलकांत तिवारी व दिनेश गोयल, कोषाध्यक्ष सुरभ श्रीवास्तव व सदस्य गवर्निंग काउंसिल राघवेंद्र सिंह, अमित यादव, विपिन पटेल, संजय पटेल, सोनू सिंह, संजीव कुमार, परवेज अहमद, अनुभव सिंह, मिथिलेश मिश्रा, रामचंद्र व रामपाल यादव को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। शपथ के बाद मंत्री अजय गौतम ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र दिए। समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष रामभरोसे वर्मा, पूर्व महामंत्री छोटेलाल गौतम, सत्यपाल वर्मा, अनिल वर्मा, अश्वनी शुक्ला अंचल, श्रीकांत द्विवेदी, मनोज सेंगर, मनीष मिश्रा, विपुल बाजपेई, मोईन अंसारी, महमूद आलम, आकिब अली, पुष्पेंद्र सिंह, मुजम्मिल व मनोज गौतम आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेती नव निर्वाचित कार्यकारिणी। अमृत विचार

- सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चंपापुरवा निवासी एक युवक बाइक से मंगलवार शाम बैराज मार्ग होते हुये घर आ रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिये भेजा है।

चंपापुरवा निवासी रंजीत निषाद मंगलवार को कुछ काम से कानपुर गया था। शाम करीब सवा चार बजे बाइक से वापस आ रहा था, तभी ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर एक के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की जानकारी राहगीरों ने कोतवाली पुलिस को दी। जिस पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में निजी वाहन से भर्ती कराया है।

# रिटायर्ड संग्रह अमीनों ने पेंशन के लिए लगाई गुहार


डीएम को अपनी बात बताते रिटायर्ड संग्रह अमीन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पेंशन से वंचित संग्रह अमीनों का एक प्रतिनिधि मंडल मंडल डीएम अपूर्वा दुबे से मंगलवार को मिला। रिटायर्ड कर्मियों ने बताया कि हाईकोर्ट आदेश के अनुपालन में उन्हें नियुक्त कर सेवानिवृत होने तक सेवा ली गई है। नियमानुसार सभी पेंशन पाने के हकदार हैं। जैसे मई-2005 में 127 संग्रह अमीनों को नियमित नियुक्त होने पर मिल रही है। इस दौरान केकेमिश्रा, प्रमोद मिश्र, बुद्धि सागर, जटा शंकर सहित करीब 20 सेवानिवृत्त संग्रह अमीन व संग्रह अनुसेवक मौजूद रहे। वहीं 20 वर्ष पूर्व सेवानिवृत हुए संग्रह अमीन एहसान उल्लाह को अब तक पेंशन न मिल पाने को गम्भीरता से लेकर डीएम ने उनका एक अलग से प्रार्थनापत्र देने को कहा।

## सार-संक्षेप

### 1181 मनरेगा श्रमिकों को नहीं हुआ भुगतान, ठंडे पड़े चूल्हे

**पुरवा।** सरकारी कार्य करने के बावजूद श्रमिकों को मजदूरी के लिए भटकना पड़ रहा है। वहीं आर्थिक तंगी से श्रमिकों के घर में चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई है। ग्राम पंचायतों में मनरेगा में काम करने वाले करीब 1181 श्रमिकों का करीब 81 लाख रुपए का भुगतान करीब दो माह से अटका है। ब्लाक क्षेत्र की 56 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत श्रमिकों द्वारा किए गए कार्यों का भुगतान दो नवंबर से अभी तक खाते में नहीं पहुंचा है। इससे उनके सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बीडीओ संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि मनरेगा श्रमिकों का भुगतान नवंबर माह से नहीं आया है। डिमांड भेजी जा चुकी है। जल्द ही शेष भुगतान आने की उम्मीद है।

### राम भजन पर झूमे बालाजी हॉस्पिटल के डॉक्टर

**शुक्लागंज उन्नाव।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राजधानी मार्ग स्थित बाली जी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में सोमवार शाम सुंदरकांड और राम भजन हुआ। जहां रात के समय डॉक्टरों और अस्पताल कर्मियों ने आतिशबाजी छुड़ाकर दीपावली मनाई। सोमवार को बाली जी हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में राम भजन का आयोजन हुआ। जहां अस्पताल परिसर में सभी ने गुणगान करते हुये जय श्री राम के जयघोष किये। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। वहीं रात के समय अस्पताल में दीप जलाकर दीपावली मनाई। इसके साथ ही जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। जहां डा. राजेश बाजपेयी ने स्टाफ समेत मरीजो के तीमारदार को भोजन वितरित कर पटाखे बांटे। इस कार्यक्रम में डा. सुबोध दीक्षित, बृजेश बाजपेयी, मसूद जमाल, शरद कक्कड, अनिल साहू, डा. अनुज आदि उपस्थित थे।

### सामूहिक रुद्राभिषेक के साथ द्वादश मंदिर में हुआ श्रृंगार

**संवाददाता उन्नाव।** शहर स्थित कल्याणी मंदिर परिसर में स्थापित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में पौष मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी प्रदोष व्रत पर आचार्य जुगल किशोर तिवारी ने सामूहिक रुद्राभिषेक कराया। साथ ही मंदिर में स्थापित भगवान शंकर के विविध स्वरूपों का श्रृंगार भी किया गया। यजमानों में प्रीतिमा मिश्रा, रूपा वर्मा, मनोज वर्मा, अंकिता वाजपेयी, काजोल, कोमल वर्मा, श्रीकांत तिवारी, निशा श्रीवास्तव व विभा वाजपेयी ने रुद्राभिषेक किया। इसके बाद सभी ने विश्वनाथ, सोमनाथ, मल्लिकार्जुन महाकाल, ओंकारेश्वर, वैद्यनाथ, भीमाशंकर, रामेश्वर, नागेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, केदारनाथ व घृष्णेश्वर बाबा स्वरूप का श्रृंगार व पूजन किया गया। मंदिर समिति के सचिव कमलेश नाथ अवस्थी, उप सचिव गोपाल तिवारी, कोषाध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह चौहान 'खुन्नू' आदि ने पूजन सामग्री उपलब्ध कराई। समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पीके मिश्रा ने बताया कि अगला रुद्राभिषेक सात फरवरी बुधवार के दिन दोपहर 12 बजे से होगा।


रुद्राभिषेक करते भक्त।

### महिला द्वारा अधिवक्ता पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने का विरोध

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गदोरवा निवासी अधिवक्ता शिवनारायण पाल के विरुद्ध गांव की एक महिला ने छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिस पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष गंगा महेश यादव व लायर्स एसोशियन के अध्यक्ष विद्याशंकर पांडेय की मौजूदगी में अधिवक्ता फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने के विरोध में न्यायिक कार्य से विरत रहे और एसडीएम रनवीर सिंह को ज्ञापन सौंपा। वहीं अधिवक्ता सीओ सोनम सिंह से मिलकर गांव के ही एक व्यक्ति के घर में कार्य करने वाली महिला से फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

# मंदिर के सामने पानी बहाने से रोका तो पुजारी को पीटा

संवाददाता पाटन उन्नाव

- पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बिहार थानाक्षेत्र के भगवंतनगर कस्बे में मंदिर के सामने गंदा पानी बहाने से विरोध करने पर दबंगों ने पुजारी को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बा भगवंतनगर निवासी त्रिमोहन लाल सोनी पुत्र कन्हैयालाल सदर बाजार स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव बालाजी मंदिर के पुजारी हैं। पुलिस को दी तहरीर में पुजारी ने बताया कि सोमवार को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री सिद्धेश्वर मंदिर में सुबह शोभायात्रा व मंदिर की सजावट की जा रही थी। तभी पड़ोस में रहने वाले डा. संदीप नारायण, कुलदीप नारायण व पुनीत नारायण सोनी ने घर का गंदा पानी मंदिर की ओर बहाना शुरू कर दिया। उसने शोभायात्रा का हवाला देकर पानी बहाने से मना किया गया तो तीनों गालीगलौज करते हुए उसे मारपीटा।

## महिला और युवक की गुमशुदगी दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक महिला और युवक घर से काम की बात कहकर निकले। जिसके बाद दोनों वापस नहीं लौटे। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गजिया खेड़ा निवासी मनोज वर्मा ने कोतवाली पुलिस को बताया कि पत्नी संगीता 19 जनवरी को घर से निकली। जिसके बाद वापस नहीं लौटी। वहीं विपिन गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को बताया कि 21 जनवरी को बेटा आर्यन उर्फ गोपाल (18) भी तीन दिन से गायब है।

# आमने-सामने टकराईं बाइकें, 5 घायल

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर दोपहर दो बाईकों की आमने-सामने हुई टक्कर में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा ने आनन-फानन निजी व सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। घायलों की हालत नाजुक देख डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

रायपुर नेवादा गांव के मजरा देवरिया निवासी गुड्डू (45), रामजीवन (58) व परमेश्वर गांव निवासी एक व्यक्ति को देखने अस्पताल जा रहे थे। अभी वह कस्बा के पास ही पहुंचे थे कि अचानक उनकी बाइक सामने से आ रही बाइक में टकरा गई। जिसमें मुकेश पुत्र ललित पाल निवासी बलदेव खेड़ा बांगरमऊ जो फतेहपुर चौरासी में एक बाइक एजेंसी में मिस्त्री है। जन्मदिन होने के कारण वह घर जल्दी जा रहा था।


घायलों को सीएचसी ले जाते पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल मिश्रा। अमृत विचार

**वारदात** सूचना के पांच घंटे बाद मौके पर पुलिस पहुंची, जांच कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया

# स्क्रैप गोदाम से नकदी समेत लाखों का माल पार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बिंदा नगर चौकी इलाके में राजधानी मार्ग स्थित एक स्क्रैप गोदाम में अज्ञात चोर घुस गये। जहां चोरों ने ग्राइंडर से लोहे का जाल काटा और अंदर घुस गये। जहां से चोरों ने नकदी, तांबा, पीतल समेत लाखों का माल पार कर दिया। पीड़ित ने चोरी की जानकारी चौकी पुलिस को दी। सूचना के पांच घंटे बाद मौके पर पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल की।

मूलरूप से कानपुर नाजिरबाग निवासी व गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी इमरान अहमद का राजधानी मार्ग स्थित ओपीजेडी के पास मकान है। उसी में स्क्रैप गोदाम बना रखा है। वह कबाड़ का भी काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को वह गोदाम बंद कर कानपुर वाले मकान में चले गये। सोमवार को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के कारण बाजार नहीं खुली। जिस पर वह गोदाम नहीं पहुंचे। मंगलवार सुबह वह गोदाम पहुंचे तो ऊपर लगी लोहे की जाल कटा देखा। मौके पर ग्राइंडर भी पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो चोरों ने गुल्लक में रखे 4 हजार की नकदी और गोदाम में रखी दो बोरी तांबा, एक बोरी पीतल समेत लगभग सवा लाख का माल चोरों ने पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी बिंदा नगर प्रभारी जन्मेदय सिंह को दी। पांच घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने जांच कर जल्द खुलासे का आश्वासन दिया।


मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार


ग्राइंडर से काटा गया लोहे का जाल। अमृत विचार

### पुलिस गश्त की खुली पोल

फोरलेन मुख्य मार्ग पर चोरों ने ग्राइंडर से लोहे का जाल काटकर कर लाखों का माल पार कर दिया। इसके बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी। जिससे पुलिस गश्त की पोल खुल गई।

### गोदाम में दूसरी बार हुई चोरी

गोदाम में 18 दिसंबर की रात भी अज्ञात चोर इसी तरह घुस गये थे। जहां चोरों ने ढाई लाख का माल पार कर दिया था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने न तो रिपार्ट दर्ज की और न ही खुलासे के लिये कोई काम किया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव छतरापुर व साईपुर सगौड़ा में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। इसमें विधायक श्रीकांत कटियार ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र बांटे।

विधायक ने कहा कि बीता हुआ कल ऐतिहासिक दिन था। जब प्रभु श्रीराम अपने घर में विराजमान हो गए। वह दिन अब दूर नहीं जब अयोध्या नगरी भारत की दिव्य-भव्य नगरी कहलाएगी। अब चहुंओर राम नाम की गूंज है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की ओर अग्रसर है। गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बिना रुके, बिना थके मोदी जी गरीबों की सेवा और देश को विकास के शिखर पर ले जाने के लिए अग्रसर हैं। विधायक ने आंगनवाड़ी बच्चों का अन्नप्रासन व गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्होंने मौजूद ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाई।

साथ ही एलईडी वाहन से केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से ग्रामीणों व किसानों को दिखाया गया। इस दौरान प्रधान बलीराम निषाद, आलोक निषाद, जिला पंचायत सदस्य शिवकुमार तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय निषाद, कुशल तिवारी, रामनरेश सिंह, जयपाल पटेल, मिथलेश गुप्ता व जगजीत राजपूत आदि रहे।


लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

## एक नजर

### बैंक से करोड़ों के गबन का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से ढाई करोड़ रुपये गबन के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को देर शाम एसटीएफ ने उसे गोरखपुर से दबोचा। उसके पास से एक फारच्यूनर और फर्जी दस्तावेद बरामद किए गए हैं। एसटीएफ को फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोन कराकर लोन को जमा नहीं कर उसे एनपीए खाते में डाल दिए दिए जाने की सूचना मिल रही थी। एसटीएफ टीम को पता चला कि शाहपुर में ऐसे दो मामले दर्ज हैं। आईसीआईसीआई बैंक के रिजनल हेड आशुतोष कुमार मिश्रा ने रियाज, शरुफ, रुद्रांश पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय व अन्य लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया था। बाद में बैंक की तफ्तीश में मुख्य अभियुक्त के रूप में रूद्राष पाण्डेय का नाम सामने आया।

# 57 युवाओं को इजरायल में मिलेगा रोजगार, हुआ चयन

## आईटीआई में आयोजित परीक्षा में कई जनपदों से आए 750 लोगों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी।

**अमृत विचार :** यूपी के 57 युवाओं को इजरायल में रोजगार मिलेगा। इसको लेकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री ने बताया कि पहले चरण में हुई परीक्षा के दौरान कुल 750 युवा परीक्षा में शामिल हुए। साक्षात्कार के दौरान 57 लोगों को चयनित किया गया। बताते हैं कि आगे भी ये परीक्षाएं जारी रहेंगी।

एमओयू के तहत इजरायल और भारत सरकार में अनुबंध हुआ, जिसमें 10 हजार युवाओं को इजरायल में रोजगार देने पर अनुबंध हुआ था। परीक्षा में लखनऊ सहित आसपास जनपदों के अलावा सुदूर क्षेत्रों से आकर युवा सम्मिलित हुए। साक्षात्कार के दौरान विशेषज्ञों ने अनुभवों की परीक्षा ली। मंत्री कपिल देव अग्रवाल बताते हैं कि भारत से कुल 10 हजार श्रमिक इजरायल भेजे जाएंगे। ऐसे में रोजगार के चयन को लेकर आगे भी परीक्षाएं जारी रहेंगी। उधर कार्यक्रम के दौरान श्रमायुक्त मारकण्डेय शाही, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक कुणाल सिल्कू, अपर निदेशक मानपाल सिंह, संयुक्त निदेशक सत्यकांत, मोहनलाल गंज संस्थान के प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव, चारबाग प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य सम्मिलित रहे।

### प्रशिक्षण के भी होंगे आयोजन

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर बताते हैं कि युवाओं को रोजगार दिलाने से पूर्व उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा। ऐसा इसलिए, ताकि चयन प्रक्रिया में उन्हें कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### 31 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

31 जनवरी को भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि आयोजित होने वाले मेले में महिला और पुरुष दोनों ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

### मिशन रोजगार योजना के तहत होंगे लाभान्वित

कार्यक्रम में आए व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के सचिव एम. देवराज ने बताया कि युवाओं को रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना लगातार प्रयत्नशील है। आगे भी इसी उपक्रम में परीक्षाओं के आयोजन होंगे।

# ग्रेड चार के डॉक्टरों को मिलेगी पदोन्नति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे ग्रेड चार के डॉक्टरों का इंतजार खत्म होगा। मंगलवार को शासन में विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में कई घंटे की मशक्कत के बाद पदोन्नति पाने वाले नाम चयनित किये जा चुके हैं। मगर अंतिम मुहर नहीं लगी है, जिसकी वजह से कितने और किन डॉक्टरों को पदोन्नति मिली है, गोपनीयता बनी हुई है।

19 हजार से ज्यादा डॉक्टरों के कैडर में ग्रेड पांच में 105 पद हैं, जिनमें करीब 83 पद रिक्त हैं। इन पदों पर पदोन्नति के लिए डॉक्टर्स लंबे समय से बाट जोह रहे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा ग्रेड पांच में पदोन्नति के लिए ग्रेड चार के लगभग 250 डॉक्टरों की सूची भेजी गई है। हर डॉक्टर की सेवाएं और उनके सीआर का निरीक्षण किया गया है। मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड तीन से चार में प्रोन्नति का इंतजार करने वाले डॉक्टरों की भी बड़ी संख्या है, क्योंकि ग्रेड चार में करीब एक हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, इसी प्रकार ग्रेड तीन में करीब तीन हजार पद रिक्त हैं। रिक्तियों की संख्या बढ़ने की वजह, विभाग में नई सेवा नियमावली है, क्योंकि नई सेवा नियमावली की वजह से ग्रेड एक व ग्रेड दो में डॉक्टरों को वरिष्ठता सूची नहीं जारी हुई थी।

> लाभार्थियों की सूची अभी शासन द्वारा जारी नहीं हुई है। प्रयास है कि 15 फरवरी 2024 तक सभी ग्रेड के डॉक्टर्स की डीपीसी संपन्न हो जाये।
>
> –डॉ. राजा गणपति, निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

# तीन बिजली कंपनियों ने हासिल की उच्च श्रेणी

## उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल वितरण निगम अब 'बी' श्रेणी में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कानपुर को बिजली देने वाली केस्को कंपनी का स्तर घटा, 'ए' से नीचे गिरकर 'बी प्लस' श्रेणी में
- रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन ने की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा

**अमृत विचार :** उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में प्रदेश की तीन बिजली कंपनियों ने उच्च श्रेणी हासिल की है। मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने 'सी प्लस' श्रेणी से उच्चीकृत होकर 'बी' श्रेणी में पहुंच गये हैं, जबकि कानपुर को बिजली आपूर्ति करने वाली केस्को कंपनी घटकर 'बी प्लस' श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन आरईसी की ओर से हाल ही में वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा में कंपनियों की स्थितियों का खुलासा हुआ है।



केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से 62 वितरण बिजली कंपनियों के 32 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा रेटिंग को लेकर अध्ययन किया गया। जारी रिपोर्ट में अनुसार, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 'सी' प्लस पर ही बनी हुई है। पूरे देश में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनी नोयडा पावर कंपनी को 'ए प्लस' ग्रेड दिया गया है। रेटिंग में प्रमुख रूप से पूरे देश के सभी राज्यों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सेवाएं बिजली आपूर्ति, बिजली कनेक्शन जारी करने, बिलिंग, मीटर संबंधी मामले, विद्युत व्यथा निवारण फोरम में शिकायतों का निस्तारण आदि का अध्ययन किया गया है। आरईसी की ओर से एक मानक बनाकर उस पर 100 अंक के आधार पर अलग-अलग श्रेणी में ग्रेडिंग किए जाने का प्रावधान किया गया।


### बिजली कंपनियों में और सुधार की जरूरत

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता सेवा रेटिंग से एक बात साफ हो गई कि प्रदेश में बिजली कंपनियों में उपभोक्ता सेवा में खास सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन को गंभीरता से विचार–विमर्श कर प्रदेश के बिजली उपभोक्ता सेवा में सुधार के लिए अग्रसर होना चाहिए, ताकि प्रदेश की निजी कंपनी की तरह और उच्च श्रेणी मिल सके।

| बिजली कंपनियां | ग्रेड | नंबर |
|---|---|---|
| कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी | बी प्लस | 0 से 80 |
| दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| मध्यांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम | सी प्लस | 50 से 60 |

### 2025 तक नंबर वन बनाने का लिया संकल्प

राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री व शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन के नेतृत्व में उपभोक्ताओं के हित में चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण योजनाओं के कारण कंपनियों में सुधार हुआ है। इसका श्रेय जमीनी स्तर पर अभियंताओं समेत सभी कार्मिकों की कड़ी मेहनत को भी जाता है। उन्होंने कहा कि अभियंता व कार्मिक 2025 तक प्रदेश को उपभोक्ता सेवा में नंबर वन बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।


राजधानी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नेताजी ने युवाओं में ऊर्जा भरी। देश की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को विदेशी हुकूमत के खिलाफ एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।


रालोद कार्यालय में सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते पार्टी नेता।

## रालोद ने नेताजी सुभाष को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गयी। माल्यार्पण कर नमन करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि सुभाष चंद्र द्वारा दिया गया जय हिन्द का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा है। उन्होंने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी तथा बहुत बड़े नेता थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के लिए उन्होंने आजाद हिन्द फौज का गठन किया था। माल्यार्पण करने वालों में श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, अम्बुज पटेल, महेश पाल धनगर, सुमित सिंह, रमेश कश्यप, शहजाद, रवीन्द्र मिश्र, जगजीवन राम पाल, वीरेंद्र तोमर आदि लोगों ने नेताजी को याद किया।

## पीएम विश्वकर्मा योजना की जिलों में होगी समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीएम विश्वकर्मा योजना के निरस्त आवेदन या फिर खामियां जिलों में सुधारी जाएंगी। इसकी समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए सीडीओ को यूजर आईडी व पासवर्ड दिए गए हैं। इनमें खामियां दुरुस्त कर नियमित समीक्षा होगी। जो न होने के कारण प्रगति का पता नहीं चल रहा है। इस पर पंचायती राज विभाग ने जोर दिया है, क्योंकि 26 जनवरी को योजना प्रधानमंत्री द्वारा लागू की जाएगी। गांवों में मिसमैच नामों में भी सुधार कर पोर्टल पर भरे जाएंगे।

# अयोध्या में पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेगी एटीएस

## गैंगस्टर की खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की होगी पड़ताल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की होगी कोशिश
- अयोध्या को लेकर खतरनाक साजिशों का पता लगाएगी एटीएस

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक सप्ताह पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को एटीएस रिमांड पर लेगी। इसकी लिए कागजी तैयारी शुरू कर दी हैं। एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की पड़ताल करेगी। साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। फिलहाल तीनों खालिस्तानी समर्थक तीन फरवरी तक न्यायिक हिरासत के तहत जेल में हैं।

दरअसल, एटीएस खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास करेगी कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इन समर्थकों के पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं। बीते गुरुवार को एटीएस की शुरुआती पूछताछ में गैंगस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहां रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी।

एटीएस के मुताबिक, फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा रिमांड पर लेकर नए सिरे से यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है। एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। ऐसे में उससे पूछताछ कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों तक पहुंचने में भी कामयाबी मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर एटीएस की एक टीम पकड़े गए तीनों समर्थकों की कुण्डली खंगालने में जुटी हुई है। इसके लिए राजस्थान भी जा सकती है।

### एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने मंगलवार को पचास हजार के इनामी बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। हापुड़ जिले का हिस्ट्रीशीटर अशोक अमरोहा में हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित था। उसके खिलाफ हरियाणा, देहरादून, हापुड़, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे 25 संगीन जुर्म दर्ज हैं। एसटीएफ के मुताबिक, इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर सक्रिय नोयडा की एसटीएफ टीम को अशोक के अमरोहा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। सीओ एसटीएफ विमल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि 2008 में हापुड़ के गैंगस्टर ओमपाल के सम्पर्क में आने के बाद उसने जरायम की दुनिया में कदम रखा था।

## वर्ग पहेली-322

**बाएं से दाएं**

2. 1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।

5. 1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।

6. 1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने

8. 1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. छोटा 2. कनिष्ठ।

3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना; सुसज्जित करवाना।

4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।

5. 1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग–रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।

7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।



### वर्ग पहेली - 321 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | ■ | 2 रो | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ए | ष | णी |
| ■ | 4 सं | ■ | ■ | म | ■ |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | ■ |
| ■ | र | ■ | व | ■ | 7 चौ |
| ■ | ण | ■ | दा | ■ | को |
| ■ | ■ | 8 बि | न | वा | ना |

## सुडोकू-39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जनवरी, बुधवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–पौष, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–चतुर्दशी 21.49 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। लंब यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं। धर्म–कर्म में आप काई सक्रिय रहने वाले हैं।

**वृष:** आज बड़े–बुजुर्गों से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेते रहना आपके लिए लाभकारी होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठायेंगे। संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**मिथुन:** आज बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सभी कार्यों को सलीके से करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। नए कार्य की रूपरेखा बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क:** आज घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं। धन उधार देने से आपका धन फंस सकता है। आज का दिन धैर्यपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है।

**सिंह:** आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशन्सा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**कन्या:** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला:** आज आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा। जीवनसाथी से आपको आज सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आपको गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में बदलाव करने से बचें। शुगर के रोगियों को कुछ परेशानी हो सकती है। मन में कुछ गलतियों को लेकर पश्चाताप की भावना रहेगी।


**धनु:** आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर:** आज महिलाओं के लिए दिन काफी कमजोर रहेगा। जॉब संबंधित इन्टरव्यू में आपसे अटपटे सवाल पूछे जा सकते हैं। साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता अवश्य रखें। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहने वाला है।

**कुंभ:** आज दिन के उतरार्द्ध में आपकी मनोस्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है। दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाक़ात होगी।

**मीन:** आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। मन कुछ अशान्त रहने वाला है।

## आज का पंचांग




मुहूर्त–अभिजित–कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध–11.57–12.40 तक।
दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–शिशिर।
चन्द्रबल–मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–पुनर्वसु पूर्णरात्रि तक।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- पृथ्वी — सुबह : 09.08
- खुद्दार — दोपहर : 03.38

SONY MAX
- दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 10.52
- पति पत्नी और वो — रात : 07.00

Utsav Gold
- जुबान — सुबह : 09.00
- किक — रात : 07.00

ZEE CINEMA
- हीरो — सुबह : 11.20
- त्रिमूर्ति — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- बद्रीनाथ की दुल्हनियां — सुबह : 09.33
- भागम भाग — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात–07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी– सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो!
पति– क्यों?
पत्नी – क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो!
पति– मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी– अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

पत्नी–अजी सुनते हो ?
ऊपर से वह बैग उतार देना! मेरा हाथ कुछ छोटा पड़ रहा है।
पति– तो जुबान से ट्राई कर ले।
फिर क्या घर में महाभारत छिड़ गई।

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।

साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

## संपादकीय

# भरोसे लायक नहीं चीन

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपनी उपस्थिति और ताकत लगातार बढ़ा रहा है। भारत, उसके सहयोगियों और चीन के बीच नौसैनिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है। नवंबर में एक पनडुब्बी सहित पांच चीनी नौसैनिक जहाजों ने पाकिस्तान के तट पर संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। दिसंबर के मध्य में एक भारतीय नौसैनिक जहाज ने फिलीपींस नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लिया। फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ नियमित गतिरोध चल रहा है। इस बीच चीन के एक अनुसंधान जहाज के मालदीव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यह जहाज अगले चार महीनों तक अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में रह सकता है। ऐसा माना जाता है कि अनुसंधान जहाज पानी के नीचे की संरचनाओं का मानचित्रण कर रहा है और महासागरों के इस हिस्से में भारतीय नौसैनिक गतिविधि पर भी नजर रख रहा है। ध्यान रहे चीन का विशेष जहाज, जियांग यांग होंग 3 भारत के आसपास के जल क्षेत्र में पहले भी दो लंबी यात्राएं कर चुका है। ऐसे जहाजों का प्राथमिक उद्देश्य निश्चित रूप से सैन्य लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब भारत पहले से ही मालदीव में राजनयिक विरोधाभासों का सामना कर रहा है, चीन की यह कार्रवाई चिंता पैदा करती है। कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों पर उठे सवाल के बाद मुस्लिम बहुल देश मालदीव को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में है। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कंपाला में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपने मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत की थी। कहा जाता है कि ज़मीर ने मालदीव की मांग दोहराई कि भारत को अपने 87 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना कम ही है कि भारत इस तरह की वापसी के लिए तैयार होगा।

गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 10 जनवरी को बीजिंग में एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है। उसका इशारा भारत की ओर था। यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिए कभी भी खतरा नहीं बन सकता परंतु चीन नजदीकी जताकर उसे भारत से उलझने के लिए उकसा रहा है। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये प्रभावित करता है। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत को इससे सतर्क रहना होगा।

# पिछड़े-वंचितों की सशक्त आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!



100 वीं जंयती पर

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

प्रजातंत्र, बहस और डिस्कसन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्य योजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## प्रसंगवश

# राजधर्म पालन का सही उदाहरण

रामो विग्रहवान् धर्मस्साधुस्सत्यपराक्रमः। राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां मघवानिव।। (रामायण, अरण्य कांड, सर्ग-37, श्लोक-13) अर्थात राम मूर्तिमान धर्म हैं, वे बड़े साधु व सत्य पराक्रमी हैं। राम समस्त लोक के राजा हैं जैसे देवताओं के राजा इंद्र हैं। मेरे मत में, राम हमारे पूर्वज हैं जिनमें परम ब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य बहुत उच्च अंश तक था। राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए, पुरानी अस्वस्थ मर्यादाओं के स्थान पर नई स्वस्थ मर्यादाएं स्थापित की। राम का आचरण उदाहरणीय है एवं उनके उपदेश अनुसरणीय हैं। राम का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना श्रेयस्कर है। राम नाम, राम महापुरुष से प्राचीन है। गुरु वशिष्ठ ने सोच-समझकर उस अद्भुत गुण-संपन्न बालक का नाम 'राम' रखा था जो आगे चलकर राजा राम हुआ एवं भारत ही नहीं, समस्त मानव समाज का मार्ग दर्शक बना।



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

राम ने पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्य, शिष्ट एवं विनम्रता के प्रति मनुष्य के कर्तव्य एवं दायित्व के मानदंड स्थापित किए। राम ने पुत्र, पति, योद्धा, राजा एवं सामान्य मनुष्य के समक्ष कर्तव्य पथ पर प्रायः आने वाली दुविधाओं का अनुसरणीय हल प्रस्तुत किया। राम ने उपस्थित दुविधा अर्थात् द्वंद्व का निवारण त्याग से किया। जब भी ऐसा द्वंद्व आया कि दो विकल्प में से कौन-सा मार्ग चुनें, तो राम ने आत्म-त्याग वाले रास्ते को चुना। यह सूत्र हमेशा मानव-कल्याण का पथ प्रदर्शक रहेगा। यही सूत्र हमारे हुक्मरान -प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य समस्त शक्ति संपन्न व्यक्तियों तथा संस्थाओं के लिए सही मार्गदर्शन कर सकता है। हमेशा अपने को सही समझना और अपनी बात पर अड़े रहना एवं तुच्छ राज-हठ है। यह कल्याणकारी मार्ग नहीं है।

एक तरफ अपना निर्णय और दूसरी तरफ लोक-आकांक्षा हो और दोनों सही लगें, तब आत्म-त्याग सी सही रास्ता दिखाएगा। राम द्वारा राज-धर्म पालन के लिए प्रस्तुत यही सही उदाहरण है।

# रामलला से रामराज तक



अमित तिवारी
लखनऊ

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है।

रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला पूर्णरूप से विराजमान हो गए। पूरे देश में हर्षोल्लास था। चारों ओर जगमग वातावरण, जिधर दृष्टि डालो उधर ही राम नाम का ध्वज, जिधर सुनो उधर ही राम नाम का भजन, घरों और मंदिरों में कीर्तन। घर-घर में दिए जलाए गए, तरह तरह के व्यंजन बने, पकवान बने। भारतीय समाज को एक नया त्यौहार मिल गया। हर वर्ष अब इस तिथि को वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा ऐसी संभावना है। कोई आसमान से देखता तो कहता जनवरी में दीवाली मनाई जा रही है।

राम आस्था हैं, राम भारत की संस्कृति के आधार हैं, सभ्यता के सूचक हैं, राम गृहस्थों के भी'राम' हैं और साधु संतों के भी' राम' हैं। राम का नाम लेते ही जैसे हृदय शीतल हो जाता है। राम के आने से राम जैसा राज भी आएगा ऐसी मान्यता है। राम के आने से सबके जीवन में सुकून और प्रेम आएगा ऐसा कहा जा रहा है और आएगा रामराज भी...

रामराज आए इसके लिए यह भी जानना आवश्यक है कि आज के समय में रामराज कैसा होना चाहिए? रामराज की परिकल्पना तब जब विश्व संस्कृतियां, विश्व सभ्यताएं, विश्व भाषाएं आपस में हिल मिल गई हैं। रामराज की परिकल्पना इन्टरनेट और फिर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परिवेश में कैसी होनी चाहिए? रामराज की परिकल्पना जब देश, लोकतंत्र और तरह-तरह को राजनीतिक दल, तरह-तरह के मुद्दे, तरह तरह के विचार, तरह-तरह के संप्रदाय, धर्म से फल-फूल रहा हो और जिसमें रीतियों के साथ साथ कुरीतियों का भी बोलबाला हो। रामराज की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज धर्मनिष्ठ आध्यात्मिक हो, परन्तु वह धर्म अधूरा है जहां सिर्फ मान्यताओं और परंपराओं को ही प्रथम रखा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि वेदांत भी घर-घर में हो जिसका सही तरीके से पाठ हो और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास हो, तब जाकर धर्म अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। धर्म के विमर्श के इतर कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिनपर हमें दृष्टि डालनी होगी। जैसे समाज का ढांचा और उसमें पल रही हिंसा। हिंसा का परिमापन इसलिए भी आवश्यक है कि बिना उसके आध्यात्मिक होना असंभव है, और फिर धार्मिक तो हुआ ही नहीं जा सकता, अतः रामराज की परिकल्पना भी आधी-अधूरी ही रह जाएगी।

समाज में हिंसा कई तरह से व्याप्त है। व्यक्ति जन्म के साथ ही कुछ हिंसा लेकर आता है और बाकी हिंसा यहीं समाज में सबके बीच में रहकर सीखता है। पूर्ण रूप से व्यक्ति अहिंसक हो जाए ऐसा तो लगभग असंभव है। जीने के लिए किये गए प्रयासों में बहुत से ऐसे कार्य हैं जो कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हिंसा से जुड़े ही हैं। परन्तु जीवित रहने के लिए कहीं न कहीं से हिंसा का होना और मन की इच्छाओं या यूं कहें की लगभग सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों में जो हिंसा है संभवतः उस हिंसा के बिना भी जीवन जिया जा सकता है।

क्यूंकि हिंसा सिर्फ शब्द भर नहीं एक बेहद ही खतरनाक प्रभाव भी है, उनपर जिनपर उस हिंसा को करके इच्छा की पूर्ति की गई। जितना समृद्ध हम होते गए उतनी ही हिंसा भी बढ़ती गई। आज के समय में हो रही ऐसी हिंसा का प्रभाव व्यापक है। आज भारत देश ही जोकि शाकाहार का अग्रज रहा है विश्व भर में, वहीं सत्तर प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मांसाहारी है।

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है। महिलाओं के लिए, गरीब पिछड़ों के लिए, ट्रांसजेंडर और समलैंगिकों के लिए वैसे ही अब समय आ गया है जब अधिकार तय हो पशुओं, पक्षियों, जानवरों के लिए भी।

## सोशल फोरम

# राम नायक रहे हैं

पुरूषोत्तम राम के चरित्र का समग्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता, वो प्रजा के लिए कैसे थे स्त्री के लिए कैसे थे इन बातों पर हमारे विचार कुछ किताबों के आधार पर ही होते हैं। जबकि रामायण हजारों के ऊपर है हम लोगों के लिए वाल्मीकि की रामायण या तुलसीदास की रामचरितमानस ही प्रमुख है जैसे दक्षिण में कम्बन की रामायण 'इरामावतरम' बहुत विख्यात है। यहां तो उड़िया तेलगु वगैरह में तो है ही बाहरी दुनिया मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, बर्मा, चीन, नेपाल, तिब्बत थाईलैंड जैसे बहुत से देशों में अलग-अलग तरह से हैं। दिलचस्प बात है शेख़ सादी ने भी लिखा है।



फ़ायक अतीक किदवई
लखनऊ

भारत में 70 से ज़्यादा रामायण हैं लगभग सबमें थोड़ा-थोड़ा फ़र्क है। ईसा से पहले की बौद्ध जातक कथाओं जैसे दशरथ जातक कथा, बुद्धचरित के राम अलग है, कहते हैं कि बुद्ध ने अपने शिष्यों को रामकथा सुनाई थी, इसमें राम बहुत ज्ञानी संयमी और उच्च चरित्र के हैं आप इसमें उनपर स्त्रीविरोधी, शूद्रविरोधी जैसे आरोप नही लगा सकते, किंतु इसमें "सीता" उनकी पत्नी नही बल्कि बहन है ऐसे ही जैन रामायण (पौमाचरिता) में रावण को जैन बताया गया है, और उनकी हत्या लक्ष्मण करते हैं। ऐसे ही दक्षिण की रामायण में राम की बहन शांता के बारे में है और वहां भी रावण का चरित्र ऊंचा है। राम को सूरज भगवान रॉ का अवतार माना जाता है, वही सूर्यवंशी भगवान सूरज रॉ जिनका मिश्र में 5000 साल पुराना सूर्य मंदिर करनाक( कर्णाक) है सीधे तौर पर कहें तो भले हमारे पास पुरातात्विक सुबूत न हो, पर किसी व्यक्ति के बारे में इतनी जगह ज़िक्र हो तो उसके अस्तित्व पर तो प्रश्न नही उठा सकते।। राम किसके थे, राम कैसे थे, राम कहां पैदा हुए, इस पर विवाद हो सकता है पर ये मानना पड़ेगा कि "राम" नायक रहें हैं और जिनके बारे में इतना अलग अलग तरह से लिखा गया तो उनके मानने वाले को भी समग्रता से सोचना होगा। जैसे अलग-अलग किताबो, मान्यताओं से राम के अलग अलग चरित्र को देखते हैं वैसे ही उन्हें समझना होगा कि राम सबके हैं।

-फेसबुक वॉल से

# अयोध्या:इतिहास के धूमिल होते पृष्ठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

अयोध्या में राम मदिर में रामलला का नवीन श्रीविग्रह स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित हो गया। यह ऐतिहासिक दिन था, हालांकि एक ओर जहां इतिहास सृजित हो रहा था, वहीं दूसरी ओर इतिहास के कुछ स्वर्णिम पृष्ठ धूमिल हो रहे थे। यह दिन एक दिन के श्रम, त्याग और बलिदान की परिणति नहीं थी, बल्कि इसका एक लंबा इतिहास है। प्रायःलोगों को ध्वज का वस्त्र तो फहराता हुआ दिखता है, किंतु उस दंड (डंडे) को महत्व नहीं दिया जाता, जिसकी बदौलत वह पताका फहरा रही है। शेक्सपियर ने अपने नाटक 'जूलियस सीज़र' में कहा है कि 'छत पर पहुंच जाने पर प्रायः लोग उन सीढ़ियों की तरफ पलट कर नहीं देखते, जिन पर से होकर वे छत पर पहुंचने में समर्थ होते हैं। ऐसा ही कुछ राम मंदिर प्रकरण में घटित हुआ है। आइये स्मरण करें। पहले यहां मस्जिद बनी थी और उसी में रामलला विराजमान थे, जिसमें ताला लगा था। दर्शन बाहर से ही हो जाते थे। स्थानीय वकील उमेशचंद्र पाण्डेय, जो पत्रकार भी थे, ने इस प्रकरण को लेकर ताला खुलवाने हेतु मुंसिफ सदर के न्यायालय में एक याचिका 1 जनवरी,1986 को दायर की, जो खारिज हो गई। तब उन्होंने जिला जज फैजाबाद कृष्णमोहन पाण्डेय के न्यायालय में 28 जनवरी को अपील दाखिल की। जज साहब ने इसे सुना और 1 फरवरी को ताला खुलवाने का फैसला दे दिया। उन्होंने डीएम और एसपी को भी तलब किया था। तत्काल ताला खुल गया। इसके एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय हाशिम अंसारी ने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी। वर्तमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिवक्ता उमेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित नहीं किया गया, हालांकि हाशिम अंसारी के बेटे को निमंत्रित किया गया। बताते चलें कि हाशिम की मृत्यु हो चुकी है। इसके पश्चात् उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में लंबी लड़ाई चली, जिसमें रामलला के सखा बनकर छपरा(बलिया) के त्रिलोकीनाथ पांडेय ने आजीवन संघर्ष किया। उनका तो निधन हो चुका है, किंतु उनकी पत्नी व पुत्र विद्यमान हैं, जिन्हें मांगने पर भी इस समारोह का निमंत्रण नहीं मिला, जबकि फिल्मी अभिनेता और रुपहले पर्दे की सुंदरियां सादर आमंत्रित की गईं।

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे। इस दौरान, प्रतिबंध के बाद भी कार सेवा हुई। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायमसिंह यादव ने कारसेवकों पर 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को गोलियां चलवाईं, जिसमें लगभग तीन दर्जन कार सेवकों की मृत्यु हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसी भी बहाने आडवाणी जी को दूर रखा गया, लेकिन मुलायम पुत्र अखिलेश को न्यौता भेजा गया। मालूम हो की मोदी सरकार ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत 'पद्मविभूषण' अलंकरण से भी नवाज़ा है। अंततः 6 दिसंबर '1992 को जन समुद्र ने मस्जिद ध्वस्त कर दी। तत्समय आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती आदि सब अयोध्या में ही थे। प्रदेश में कल्याणसिंह की सरकार थी। यदि वे भी मुलायमसिंह की तरह गोली चलवाते, तो मस्जिद ध्वस्त नहीं हो सकती थी, और तब मंदिर बनता कैसे? उनकी सरकार केंद्र ने बर्खास्त कर दी। उन्होंने सरकार तो गंवाई किंतु मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। तब नरेंद्र मोदी को कोई नहीं जानता था। 2019 में इस यहां नरेंद्रमोदी द्वारा किए गए भूमि पूजन कार्यक्रम में ये महानायक दूर रक्खे गए, तब वे जीवित थे। 22 जनवरी वाले सद्यः सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समय कल्याणसिंह तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, किंतु उनके सांसद बेटे राजवीरसिंह तो आमंत्रित किए जा सकते थे। मोदी को अपने संबोधन में कृष्णमोहन पांडेय जज को भी स्मरण करना चाहिए था। जनता की याददाश्त कमजोर मानी गई है। सोचा याद दिला दें और विस्मृत होती इन पावन आधार शिलाओं का सादर स्मरण कर लें।

# पहचान भाषा से नहीं मनुष्यत्व से बनाएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

हिंदी समाज भाषा के दुर्बलवीरों से भरा पड़ा है। कहने को वे ढेरों किताबें लिखते हैं, ढेरों किताबें पढ़ते हैं,यहां तक कि किताबों को निगलते रहते हैं, लेकिन मानसिक शक्ति परिपक्व नहीं होती। हमारे लेखक आधुनिक विषय को गहराई में जाकर पकड़ नहीं पाते। प्रयोजनमूलक भाषा और सरकारी भाषा से हमारी मानसिक पाचन-शक्ति का ह्रास हुआ है।

हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ के फासले में सीमित है, लेकिन हम उसके लिए साढ़े तीन हाथ का घर नहीं बनाते, बल्कि बड़ा घर बनाते हैं। उसी तरह भाषा और शिक्षा के प्रति भी हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। हमें हर चीज को उपयोगिता के आधार पर ही तय नहीं करना चाहिए। जीवन के लिए उपयोगी से ज्यादा अनुपयोगी चीजों की जरूरत होती है, सारे समाज के विकास का यही नियम है, हमने अपने बच्चों को उपयोगितावादी बना दिया। हिंदी से लेकर अन्य भाषा के लोग उपयोगितावादी ढ़ंग से पठन-पाठन करते हैं, इससे न तो व्यक्ति का विकास होता है और न समाज का विकास होता है। मेरे लिए उपयोग के लिए हिंदी ही काफी है लेकिन समाज के लिए तो मुझे दुनिया की सभी भाषाओं की जरूरत है, मुझे सभी भाषाओं के प्रति सम्मान, समानता और शिष्ट आचरण करना होगा। मुश्किल यहीं पर है,हमारे हिंदी के अनेक शिक्षकगण हिंदी के नशे में चूर हैं और वे कुछ भी देखने, सुनने, समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

साधारण सी बात है आप हिंदी की वकालत करते हैं लेकिन हस्ताक्षर हिंदी में नहीं कर पाते, हिंदी से कंप्यूटर पर लिख नहीं पाते, इस पर आपने कभी ख्याल किया, आप यदि सच में भाषा को आदत में रूपांतरित कर लेते हैं तो यह मुश्किल नहीं आएगी, हम सबकी मुश्किल यह है कि हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसको आचरण, जीवनशैली और भाव जगत के साथ एकमेक नहीं कर पाए हैं, इसीलिए आए दिन भाषा का शोर मचाते रहते हैं। भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत में शिक्षितों की शिक्षा और भाषा का जीवन से कोई संबंध नहीं है। यह स्थिति कमोबेश सभी भाषाओं की है। हमारी भाषा और शिक्षा हमारे समाज में मौजूद ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता को नष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि यह देखा गया है कि हम सबमें ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता के खिलाफ बोलने-लिखने और आचरण करने की इच्छा ही नहीं है। भाषाई उन्माद ग्राम्य-बर्बरता का भाषिक रूप है, जिसे हम कभी खुलकर चुनौती नहीं देना चाहते। शिक्षित होकर कायदे से अपनी भाषा से प्रेम गाढ़ा होना चाहिए लेकिन हुआ एकदम उल्टा,शिक्षित होकर हम अपनी भाषा से कटते चले गए। फलतःसमाज में मनुष्यत्व और सभ्यता का विकास नहीं कर पाए।

# रामपथ पर मर्यादा और उल्लास का अद्भुत संगम

## न रामभक्तों ने लांघी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा न सुरक्षाकर्मियों ने खोया धैर्य

## रामलला के विराजते ही अयोध्या धाम में साकार दिखी रामराज्य की परिकल्पना

कमर अब्बास, अयोध्या



**अमृत विचार :** आस्था और उल्लास में डूबे रामभक्तों के पग अनवरत आराध्य के दर्शन के लिए बढ़ते चले आ रहे हैं। पूरे रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब सरयू की लहरों की तरह उमड़ रहा है। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों की आतुरता तो हैं लेकिन अनुशासन और संयम के साथ। कहीं कोई तारतम्य नहीं टूट रहा है, मानों सभी एक संकल्प सूत्र में बंधे हुए हो। अचंभित कर देने वाले इस अलौकिक दृश्य में मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम रामराज्य की परिकल्पना को साकार करता भी दिखा।

महादेव के दिवस सोमवार को बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईं तो हनुमंत लला के दिन मंगलवार को भक्तों को दर्शन सुलभ होने लगे हैं। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम में पखवारे भर से डटे हैं। आतुरता केवल भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की है। यही वजह है कि सोमवार मध्य रात्रि से ही दर्शन के लिए रामभक्तों का सैलाब रामपथ पर उमड़ पड़ा। गली विथिकाओं से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। एक-दूसरे से किसी का तारतम्य टूट ही नहीं रहा है। इन सबके बीच न केवल जन्मभूमि मार्ग के समक्ष कोई हुड़दंग और न ही पूरे रामपथ पर। दोपहर 12 बजे जन्मभूमि मुख्य मार्ग के बाहर बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त बीच-बीच में मुठ्ठी भींच जय श्री राम का उद्घोष करते रहे, लेकिन अनुशासन में बंधे रहे। यह दृश्य भोर से अनवरत देर शाम तक जारी रहा।

इसी बीच मोबाइल से वीडियो बना रहे वृंदावन से आए योगेश ने कहा कि देखिए सुरक्षा कर्मियों ने एक अंगुली तक नहीं दिखाई, किसी को धक्का तक नहीं दिया। कहा यह योगी की पुलिस है और तब दूसरे की थी। भीड़ के नियंत्रण में पुलिस का ऐसा संयम कभी नहीं देखा, रामराज्य में ही संभव है। धर्मपत्नी के साथ दिल्ली से कई दिनों पहले पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त प्रताप आदित्य शील ने कहा 500 नहीं 1200 वर्ष का इतिहास बदला है। आस्था से इतर गुलामी का इतिहास 22 जनवरी को मृत्यप्राय हुआ है। धर्मपत्नी इस्पिता बोलीं यह तो सर्वेक्षण के दौरान ही कहते थे राम यहीं जनमे।



रामलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध रामभक्त।

जमीन कर बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते श्रद्धालु।

### दुर्लभ दिखा संयोग : रामलला के संग हनुमंत लला के दरबार में भी उमड़ी श्रद्धा

सोमवार को राम आए तो मंगलवार को हनुमंत लला दरबार में भी श्रध्दा का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार हनुमंत लला के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रामपथ तक आस्था में डूबे श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां भी कोई भी श्रद्धालु अव्यवस्थित नहीं दिखा बल्कि कतार की लय अनवरत बनी रही। आस्था ऐसी की पश्चिम बंगाल से परिवार के साथ आए भवनाथ दास और परिवार की महिलाएं भक्ति पथ पर शीश नवातीं रहीं। घंटों हाथों में प्रसाद और फूलमाला थामें श्रद्धालु हनुमंत लला के दर्शन के लिए अंगद की तरह पग जमाए खड़े रहे। इसी कतार में पिता के संग आई नन्हीं बालिका मस्तक पर श्रीराम रचाए बैग पर अविचलित बैठीं रहीं। बाल स्वरूप कोई नटखटापन करने के बजाए राम नाम का जाप करती दिखी। खास यह कि पूरी कतार के दायरे में एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, तब भी श्रद्धालु स्वयं से मर्यादा के आवरण में बंधे दिखे।





हनुमानगढ़ी पर भक्तिपथ पर शीश नवाते पश्चिम बंगाल के भवनाथ दास और उनका परिवार।



महाराष्ट्र के रामभक्त बोले

### अब हर साल 22 जनवरी को भी मनाएंगे दीपावली

रामलला के दर्शनों के लिए महाराष्ट्र के अकोला से साथियों के साथ पहुंचे विक्रम खड़ते ने कहा कि मन करता है कि कलेंडर से दीपावली की तिथि मिटा कर 22 जनवरी तय कर दूं। जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी के दिन हम लोग दीपावली मनाएंगे। भारतीय इतिहास में सोमवार का दिन का सबसे स्वर्णिम दिन था। जिसे सदा याद किया जाएगा। उनके साथ सोनू मिश्र, नीरज पांडेय, राहुल कतारे इतने उल्लासित थे कि लगातार मुट्ठी भींच उद्घघोष करते रहे। बोले रामराज्य आ रहा है, अयोध्या से शुभारंभ हो गया है।

### हाथों में तिरंगा और श्रीराम पताका, होठों पर जय श्री राम

रामपथ पर दिल्ली के नवेड़ा रामलला के दर्शन के बाद आनंद में डूबे नृत्य करते मिले। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में श्रीराम पताका लिए नेवड़ा जमकर झूम रहे थे। पूछा तो बोले तिरंगा राष्ट्रवाद और श्रीराम पताका धर्मध्वजा है। दोनों मिले हैं और अब देश एक सूत्र में बंध गया है। बताया कि रामलला का दर्शन कर जो अनुभूति हुईं वह उल्लास के नृत्य में परिवर्तित हो गई है।



### 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन हो चुकी है बुक

**बोले बंगाली बाबू -** पश्चिम बंगाल से रामलला का दर्शन करने पहुंचे बप्पा मांझी रामपथ पर मिल गए। खुद रोका और मीडिया का नाम पूछा, "अमृत विचार" बताया तो बोले नोट कर लीजिए आज हमारे बंगाल से पांच हजार लोग दर्शन के लिए आएं हैं। दावा किया कि 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन बुक हो चुकी है।



हनुमानगढ़ी के समक्ष बैठी नन्हीं रामभक्त।

## हनुमानगढ़ी पर 12 घंटे में ही बिक गया चार क्विंटल लड्डू प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी पर भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा का मंगलवार को लड्डू प्रसाद का स्टॉक खत्म हो गया। हनुमानगढ़ी पर सोमवार भोर तीन बजे से उमड़े श्रद्धालुओं ने हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए इतना प्रसाद खरीदा कि दोपहर तीन बजे केवल 12 घंटे में ही आज बनाया गया चार क्विंटल लड्डू समाप्त हो गया। इसके बाद आनन फानन दुकानदारों ने कारखाने से लड्डू मंगाए। हनुमानगढ़ी पर प्रसाद की दुकान करने वाले संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राकेश गुप्ता और नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को देखते हुए करीब चार क्विंटल लड्डू प्रसाद निर्मित किया गया था। जो दोपहर तीन बजे प्रसाद समाप्त हो गया। इसे लेकर थोड़ी देर असहजता रही लेकिन देर शाम स्टॉक आ गया। लड्डू प्रसाद की दुकानदारी ऐसी थी मानों सारी भीड़ एक साथ सभी दुकानों में घुस गई हो। वहीं श्रीराम का गमछा, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े व मंदिर मॉडल की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। अयोध्या धाम में जुटे श्रद्धालु देर रात तक खरीदारी करते रहे।

**हनुमानगढ़ी पर हैं लगभग 80 दुकानें, रोज रहता है दो से तीन क्विंटल लड्डू का स्टॉक**



हनुमानगढ़ी पर मंगलवार शाम को लड्डू प्रसाद आने के बाद जुटे श्रद्धालु।

## अब अयोध्या की हर डाक पर होगा राममंदिर का चित्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या की पहचान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को डाक विभाग अब घर-घर पहुंचाएगा। अब अयोध्या से जाने वाली देश-विदेश की हर डाक पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर का चित्र अंकित होगा। सचिव डाक भारत सरकार विनीत पाण्डेय ने मंगलवार कोअयोध्या प्रधान डाकघर के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आधारित विरूपण एवं छह चित्रात्मक पोस्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि इससे फिटलेटी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र के साथ कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए रामभक्ति की भावना है। 'मंगल भवन अमंगल हारी', जैसी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंश के प्रतीक देश में नए प्रकाश का संदेश देती सूर्य की छवि, राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती पुण्य नदी सरयू का चित्र तथा मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से डाक टिकटों पर दर्शाया गया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों के मार्गदर्शन से पंच तत्वों का दर्शन निहित है। उन्होंने अयोध्या प्रधान डाकघर में फिलेटली म्यूजियम बनाने का भी सुझाव दिया। उप्र डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वकुमार, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह, अधीक्षक डाकघर एचके यादव मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थिति रहे ।

**पंच तत्व के साथ सूर्यवंश का सूर्य, सरयू व मंदिर का वास्तु होगा डाक टिकट पर**



श्रीराम जन्मभूमि चित्र का डाक टिकट जारी करते केंद्रीय डाक सचिव व विभाग के अन्य अधिकारी।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर अयोध्या की आभा से आह्लादित एक श्रद्धालु महिला रंगोली पर नृत्य की मुद्रा में।



दर्शन-पूजन के लिए आए श्रद्धालु झूमते गाते दिखे।

## राम मंदिर में मनाया जाएगा 48 दिवसीय मंडल उत्सव

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नूतन विग्रह प्रतिष्ठित हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मंदिर में अब 48 दिनों तक मंडल पूजन का आयोजन किया जाएगा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से इसकी शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस अनुष्ठान के लिए देश भर के राम भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के मुताबिक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक ऐप तैयार किया है। उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर व ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज इस अनुष्ठान की प्रमुख बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद 48 दिवसीय मंडल उत्सव होगा। जिसमे 40 दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, हवन यज्ञ और कलश अभिषेक का आयोजन होगा। अंतिम पांच दिन में सहस्त्र कलशाभिषेक किया जाएगा। जिसमें एक किलो चांदी से बने कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। भगवान की सेवा करने वाले व्यक्ति को यह कलश सौंपा जाएगा।

## श्रद्धालुओं की संख्या देख की गयी पांच मोबाइल एटीएम की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने वालों की संख्या को देखते हुए विभिन्न बैंकों की तरफ से पांच मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं। यह चलते-फिरते एटीएम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में खड़े होंगे। पिकअप वाहन पर एटीएम मशीन लगाई गई, जिसमें ड्राइवर के अलावा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहते हैं। रामलला के मंदिर में विराजमान होते ही संभावना व्यक्त की जा रही है कि अयोध्या में रोजाना एक से सवा लाख श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने दो, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफ व एक्सिस बैंक की तरफ से एक-एक मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं।

**भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर लगाए जाने की योजना**





## यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में सातवें दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्य ने पूजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज, आचार्य गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।



रुद्र महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

रामोत्सव

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी पहुंच भावुक हुईं 'जानकी' के घर की महिलाएं, बोलीं-

## ...आखिर खत्म हुआ 'लल्ला' का वनवास

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूं तो भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों के लिए रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है लेकिन दामाद रघुवर के दर्शन करने जानकी के घर से मंगलवार को आईं महिलाएं ऐसी भावुक हुईं कि नेत्रों से आस्था के अश्रु छलक पड़े।

आराध्य के प्रति श्रद्धा की ऐसी भावुकता कि आसपास मौजूद रामभक्त भी मनोभावों को नहीं रोक सके और जयश्रीराम का जयकारा लगाए। रामपथ पर जुटे श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच बिहार से आईं महिलाएं डिवाइडर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहीं थीं। पूछा माता जी कहां से आर्इं है तो तपाक से बोलीं बिटिया जानकी के घर बिहार से। हमारी बिटिया लगती है माता सीता। इतने में ही उनके पास बैठ भोजन कर रहीं एक बुजुर्ग महिला सबकुछ छोड़ आह्लादित होकर राम नाम का उद्घघोष करने लगीं। बता दें कि पवित्र रामायण में माता सीता को जानकी कहकर भी संबोधित किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी में हुआ था। इसीलिए महिलाओं का उल्लास और आस्था अलहदा होकर प्रस्फुटित हो रहा था। संग आईं सभी महिलाओं का समूह भावों के प्रकटीकरण के लिए ऐसा आतुर रहा कि भोजन तक छोड़ दिया। रामपथ पर उमड़े रामभक्तों को देख एक साथ रामलला को लल्ला कह संबोधित किया। इन्हीं में से एक श्रद्धालु महिला बोल उठीं - मोदी जी ने निहाल कर दिया, रामलला को अपना घर मिला।




रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर बैठीं नेपाल से आईं श्रद्धालु महिलाएं।



वर्षों से हम सभी श्रीरामचंद्र जी के मकान के लिए तरस रहे थे। आज वह इच्छा पूर्ण हुई और 'लल्ला' अपने भव्य में विराजमान हुए तो मन अह्लादित हो उठा। अयोध्या भी निहाल है। पांच दिनों बाद आज दर्शन हुए तो लगा जैसे जीवन धन्य हो गया। यहां का विकास देखकर मन बहुत खुश है। **-कमली देवी, दरभंगा, बिहार**



रामलला को अपने घर में विराजमान देखकर मान भावुक है। भाव को व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। बस इतना ही कहूंगी कि वर्षों के इंतजार का फल आज मिला तो अयोध्या को सोने की चमक उठी... जय श्रीराम...। **- सत्तो देवी, दरभंगा, बिहार**



यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मानो जैसे हम त्रेतायुग में आ गए हों। हर तरफ उल्लास और खुशी है। पांच दिन से दर्शन के लिए परेशान थे लेकिन जब रामलला को मंदिर में देखा तो मन को असीम शांति मिली। बदलती अयोध्या को देखकर मन प्रसन्न है। **-विमला देवी, दरभंगा बिहार**

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1120 डीएमओ 995 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| अनाज (प्रति क्वि.) | |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| गेहूँफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहरफूल | 14300-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 6600-6700 |
| मटरदाल | 5400-5500 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7000-7100 |
| उड़ददाल | 8500-12000 |
| उड़द धोवा | 10000-12500 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| बासमती न01. | 9100-11000 |
| सेला | 2500-3000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| अलसी | 5310-5510 |
| बावर्ची | 1900 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल अलसी | 2600-2700 |
| गुड़ पंसेरा | 5000 |

# निवेश के लिए प्रमुख वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद भारत

## डब्ल्यूईएफ की बैठक में सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

### भारत की मौजूदगी से वैश्विक विश्वास को बढ़ावा



डीपीआईआईटी सचिव राजेश सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत की मौजूदगी विश्वास के वैश्विक माहौल को बढ़ावा देने और मौजूदा आर्थिक सुधारों को लेकर आत्मविश्वास जगाने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ-2024 में यह प्रभावशाली उपस्थिति वैश्विक मंच पर खुद को एक विश्वसनीय और प्रभावशाली पक्ष के रूप में स्थापित करने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में शामिल प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भारत को निवेश के लिए अनुकूल देश माना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस बैठक में कई कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की और देश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

दावोस बैठक में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ के दौरान भारत को लेकर प्रमुख कंपनियों की निवेश धारणा में स्पष्ट बढ़त देखी गई और वे भारत में वृद्धि के लिए व्यापक दृष्टिकोण का स्पष्ट रुझान रखते हैं।

उन्होंने दावोस बैठक के दौरान वोल्वो के चेयरमैन एवं सीईओ मार्टिन लुंडस्टैड, ऑडी के चेयरमैन एवं सीईओ गर्नोट डोएलनर और इकोलैब के चेयरमैन एवं सीईओ डारेल ब्राउन समेत कई शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। सचिव ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत के निवेश परिदृश्य को अनुकूल नजरिये से देखा गया।

## सीमेंट उद्योग 15-16 करोड़ टन क्षमता जोड़ने को तैयार

**मुंबई।** बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग के चलते सीमेंट उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 से 2027-28 के बीच 15-16 करोड़ टन की क्षमता जोड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि क्षमता वृद्धि बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए भी की जाएगी। सीमेंट की मांग वित्त वर्ष 2021-22 में आठ प्रतिशत और 2022-23 में 12 प्रतिशत बढ़ी थी। अगले वित्त वर्ष में 7-7.5 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता के जुड़ने की उम्मीद है। इनमें 50-55 प्रतिशत पूर्वी और मध्य क्षेत्रों से होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि में बड़े खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 50-55 प्रतिशत होगी।

# सोने, चांदी के हुक, सिक्कों पर अब आयात शुल्क 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

» केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी की अधिसूचना



सरकार ने पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगाकर सोने और चांदी के पिन, हुक जैसे उत्पादों (फाइंडिग्स) तथा सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ाया गया है। अब इसपर 4.35 प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया गया है।

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को सर्राफा के बराबर लाने के उद्देश्य से 10 प्रतिशत के मूल सीमा शुल्क के अतिरिक्त एआईडीसी लगाया गया है। सोने या चांदी के 'फाइंडिग्स' का मतलब हुक, क्लैंप, पिन या स्क्रू बैक जैसे छोटे उत्पादों से है, जिसका उपयोग आभूषण के पूरे टुकड़े या उसके एक हिस्से को आपस में जोड़ने या थामने के लिए किया जाता है।

अतिरिक्त शुल्क 22 जनवरी से अमल में आ गया है। सरकार ने 2021-22 के बजट में कृषि अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए कुछ उत्पादों पर आईडीसी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया था।

## मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक कोडशेयर साझेदारी करेगी। साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं। मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। यह नौ भारतीय गंतव्यों को मलेशिया से जोड़ती है। ये नौ शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम हैं। पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए इस्माइल ने कहा कि बातचीत अंतिम चरण में हैं।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,650 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

## लखनऊ मंडी

| अनाज प्रति कुन्तल | |
|---|---|
| गेहूँ (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |


## आरईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

# एनपीएस को आकर्षक बनाने को उठाए जा सकते हैं कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

» पीएफआरडीए कराधान के मोर्चे पर ईपीएफओ में समानता का अनुरोध किया




### नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की उठी मांग

वित्तीय परामर्श एवं ऑडिट सेवा देने वाली कंपनी डेलॉयट के अनुसार एनपीएस को ब्याज तथा पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से प्राप्त आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी कर मुक्त है। नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपये तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है।

सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए कराधान के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए कोष निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट अपेक्षाओं के अनुसार, एनपीएस के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के वार्षिकी हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए कर मुक्त किया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में सरकार ने पिछले साल उपाय सुझाने के लिए वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।

# राष्ट्रीय

### सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# पर्वतमाला परियोजनाओं की संख्या 400 की जाएगी : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार पर्वतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं की संख्या अगले पांच साल में बढ़ाकर कम-से-कम 400 करने की योजना बना रही है। पर्वतमाला परियोजना या राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम बुनियादी ढांचा विकास का हिस्सा है। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पर्वतमाला परियोजना शुरू की है। यह परियोजना देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हमने इसके तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की है और ऐसी परियोजनाओं की संख्या 400 या उससे अधिक हो सकती है। पिछले साल सरकार ने कहा था कि वह इस कार्यक्रम के तहत पांच साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले रापवे के लिए 250 से अधिक परियोजनाएं विकसित करने की योजना बना रही है।

सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसको देखते हुए देश में एक बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज हम पांचवें स्थान पर है...और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे...यही कारण है कि हम देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धौला कुआं-मानेसर खंड पर यातायात की भीड़-भाड़ पर चिंता जताई।

## यह शर्मनाक है कि हम नहीं जानते नेताजी के साथ क्या हुआ था : ममता

कोलकाता, एजेंसी

» पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेता जी को दी श्रद्धांजलि



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह देश के लिए शर्म की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के इतने वर्षों बाद भी लोग यह नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था और न ही उन्हें उनकी मौत की तारीख पता है। उन्होंने नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा न निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।

केंद्र द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सोमवार को केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने के स्पष्ट संदर्भ में ममता ने कहा कि आज कल राजनीतिक विज्ञापनों के लिए छुट्टियों की घोषणा की जाती है लेकिन उन लोगों के लिए कोई घोषणा नहीं की गयी जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी।

ममता ने बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षों बाद भी हमारे पास नेताजी की मौत की तारीख नहीं है। हम नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था। यह शर्मनाक है। देश मंगलवार को नेताजी की 127वीं जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा किया था लेकिन बाद में वह भूल गयी।

# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

डोमडोमा (असम), एजेंसी

» कांग्रेस नेता ने कहा-अयोध्या में हुआ कार्यक्रम राजनीतिक था
» विरोध के बावजूद न्याया यात्रा को मिल रहा समर्थन



### केंद्रीय गृह मंत्री ने छात्रों से बातचीत करने से रोका

**गुवाहाटी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश पर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान मेघालय में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत करने से रोका गया। उन्होंने दावा किया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री कार्यालय के जरिए विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को यह निर्देश दिया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शो किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए पांच न्याय की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे। पार्टी की ओर से तय यात्रा मार्ग में अयोध्या शामिल नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या के मंदिर में रामलला की नयी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को एक नए युग के आगमन का प्रतीक करार दिया।

## एक नजर

### रेलवे के तीन कर्मचारियों की लोकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के तीन कर्मचरियों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आठ बजकर 55 मिनट पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। मृतकों की पहचान मुख्य सिग्नल निरीक्षक (भायंदर) वासु मित्रा, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (वसई रोड) सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे और हेल्पर सचिन वानखड़े के रूप में हुई।

### दिल्ली : आप ने घोषित किए नए पदाधिकारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली के लिए अपने पदाधिकारियों की घोषणा की और अनिल पटोदिया को पार्टी का प्रदेश संयुक्त सचिव (मुख्य प्रकोष्ठ) नामित किया। पार्टी पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। पदाधिकारियों के मुताबिक, दस अन्य सदस्यों को चिकित्सक, ग्रामीण, अल्पसंख्यक और युवा जैसे विभिन्न प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नामित किया गया

## प्रधानमंत्री ने बच्चों से की भेंट



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और साथ में फोटो भी खिंचवाया। ● एजेंसी

## भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आईएएस बिश्नोई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

## मुस्लिमों की सार्वजनिक पिटाई पर शीर्ष अदालत ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में खेड़ा जिले के एक गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच लोगों की सार्वजनिक रूप से पिटाई के मामले में गुजरात पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को बांधने और पिटाई करने का अधिकार कहां से मिला। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ गुजरात उच्च न्यायालय के 19 अक्टूबर, 2023 के आदेश के खिलाफ चार पुलिस कर्मियों- निरीक्षक एवी परमार, उप-निरीक्षक डीबी कुमावत, हैड कांस्टेबल केएल दाभी और आरआर दाभी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने तल्ख लहजे में कहा, ''क्या आपके पास कानून के तहत लोगों को खंभे से बांधने और पिटने का कोई अधिकार नहीं।

## 25 से कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन, खरगे होंगे शामिल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बूथ से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, हमारे कार्यकर्ता हमारी पार्टी की रीढ़ हैं। 2024 के चुनावों के लिए कांग्रेस आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी, जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी बूथ से लेकर राज्य स्तर तक पदाधिकारियों की बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे।

# सूर्योदय योजना प्रधानमंत्री का एक और जुमला : मल्लिकार्जुन

नयी दिल्ली, एजेंसी



» कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर की पोस्ट 10 लाख घरों में नहीं लगा ऊर्जा पैनल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक और जुमला करार देते हुए मंगलवार को कहा कि मौजूदा सरकार 10 वर्षों में 10 लाख घरों की छतों पर भी सोलर पैनल स्थापित नहीं कर पाई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' आरंभ करेगी जिसके तहत एक करोड़ घरों की छतों (रूफटॉप) पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।

खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री जी के जुमलों का सूर्य तक पहुंचना! कल प्रधानमंत्री ने एक करोड़ घरों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल स्थापित करने के नए लक्ष्य की घोषणा की। जमीनी हकीकत यह है कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में 10 लाख घरों में भी छत पर सौर ऊर्जा पैनल नहीं लगा है।

उपलब्धि — उत्तर प्रदेश के अस्पताल को सामाजिक कामों के बदले मिला ईनाम

# 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

» नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होती है इस पुरस्कार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस पुरस्कार के तहत संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आपदा के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार स्थापित किया है।

इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल की स्थापना 1942 में की गई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है जिसने विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा दी है। सहायता प्रदान करना शामिल है।

